राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 95
लखनऊ, शुक्रवार 05 दिसम्बर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सैफई पीजीआई में रिसर्च शोकेस एंड ओरेशन का भव्य आयोजन 12
स्वस्थ मिट्टी से ही सुरक्षित रहेगा धरती व जीवों का स्वास्थ्य : शाही 03

# राष्ट्रपति पुतिन दो दिन की भारत यात्रा पर दिल्ली पहुंचे

- मोदी ने किया गर्मजोशी से स्वागत
- 57 लड़ाकू विमानों के सौदे, एस-400 रक्षा प्रणाली, तेल खरीद समेत कई मुद्दों पर होगी बातचीत




पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, अपने दोस्त, राष्ट्रपति पुतिन का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज शाम और कल हमारी बातचीत का बेसब्री से इंतजार है। भारत-रूस की दोस्ती मुश्किल समय की कसौटी पर खरी उतरी है और इससे हमारे लोगों को बहुत फायदा हुआ है।

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिन की भारत यात्रा पर गुरुवार शाम यहां पहुंच गये।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परंपरा से हटकर श्री पुतिन की अगवानी के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। उन्होंने गर्मजोशी के श्री पुतिन का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने पहले हाथ मिलाया और फिर गले मिले। हवाई अड्डे से दोनों नेता एक ही कार में प्रधानमंत्री आवास के लिए रवाना हुए।

इस मौके पर हवाई अड्डे पर ही रूसी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए नृत्य का आयोजन किया गया था। दोनों नेताओं के बीच गुरुवार रात श्री मोदी द्वारा आयोजित रात्रि भोज पर क्षेत्रीय, द्विपक्षीय और वैश्विक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर खुलकर बातचीत होने की संभावना है। श्री पुतिन का आज राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जायेगा। वहां से वह सीधे राजघाट जायेंगे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा चार वर्ष के अंतराल पर हो रही है। मौजूदा वैश्विक भू-राजनैतिक परिदृश्य में यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

श्री पुतिन आज 23वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक में श्री मोदी के साथ वार्ता करेंगे। बैठक में सुखोई-57 लड़ाकू विमानों के सौदे, एस-400 रक्षा प्रणाली, तेल खरीद समेत कई मुद्दों पर बातचीत होगी। दोनों नेता परस्पर हित के मुद्दों के साथ-साथ वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा करेंगे।

भारत रूस के साथ व्यापार घाटे को कम करने में उसकी प्रतिबद्धता चाहता है। श्री पुतिन से पहले ही एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल यहां पहुंच चुका है जिसमें रूस के कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और शीर्ष कारोबारी शामिल हैं। हैदराबाद हाउस में होने वाली शिखर बैठक के बाद श्री पुतिन और श्री मोदी संयुक्त प्रेस वक्तव्य भी देंगे। बाद में श्री पुतिन एक बिजनेस कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसमें दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के उपायों पर चर्चा होगी। शाम को राष्ट्रपति मुर्मु श्री पुतिन के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन करेंगी। रात्रि भोज के बाद शुक्रवार रात ही रूसी राष्ट्रपति स्वदेश रवाना हो जायेंगे।

अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाये जाने की घोषणा के बाद उत्पन्न स्थिति और घटनाक्रमों के बीच श्री पुतिन की इस यात्रा को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## एक ही कार में बैठकर पीएम आवास पहुंचे मोदी-पुतिन





रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर स्वागत किया। इस दौरान दोनों ने देशों के नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाया। जिसके बाद पीएम मोदी और पुतिन एक ही गाड़ी में बैठकर रवाना हुए। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2018 में एक दुर्लभ कदम उठाते हुए प्रोटोकॉल तोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एयरपोर्ट पर खुद विदाई दी थी। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में ऐसा गर्मजोशी भरा व्यवहार कम ही देखने को मिलता है। अब भारत में भी कुछ ऐसा ही दृश्य तब दिखता है, जब पीएम मोदी विदेशी नेताओं का स्वागत करने के लिए खुद एयरपोर्ट पहुंच जाते हैं, चाहे वह किसी महाशक्ति के प्रमुख हों या पड़ोसी देश के करीबी मित्र। उनकी यह परंपरा न केवल व्यक्तिगत संबंधों की मजबूती दिखाती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि भारत की कूटनीति में व्यक्तिगत स्पर्श कितनी अहम भूमिका निभाता है। अब जब पुतिन भारत दौरे पर आए तो पीएम मोदी खुद उनकी अगवानी करने के लिए पालम एयरपोर्ट पहुंचे। दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाकर अभिवादन किया तो एक ही कार से रवाना हुए। यह दृश्य अपने आप में अभिभूत करने वाला है। इसके साथ ही दुनिया के लिए भी खास संदेश जाता है कि भारत और रूस का रिश्ता कितना अहम और प्रगाढ़ है। पुतिन के इस दौरे पर कई अहम डील होनी है, जो भारत और रूस दोनों ही देशों के लिए महत्वपूर्ण है।

# योगी ने नौजवानों का किया आह्वान खेलोगे तो खिलोगे

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नौजवानों का आह्वान करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के हर नौजवान से अपेक्षा की है कि वह किसी न किसी खेल के साथ अवश्य जुड़े क्योंकि खेलोगे तो खिलोगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रीजनल स्टेडियम में गुरुवार को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ सप्तम् अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता-2025 के विजेताओं को पुरस्कृत करने के बाद कबड्डी का जिक्र करते हुए कहा कि इस खेल में स्फूर्ति और व्यक्ति के मन में टीम भावना के साथ कार्य करने का जज्बा भी है।

उन्होंने कहा कि हर खेल व खेल संस्कृति टीम वर्क के रूप में कार्य करने की प्रेरणा देती है। भारत के अंदर प्राचीन काल से ही खेल व खेलकूद की प्रतियोगिताओं के प्रति व्यापक जागरूकता रही है। योगी ने कहा कि धर्म के जितने भी साधन हैं उन सभी की पूर्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर, निरोगी काया तभी प्राप्त हो सकती है जब व्यक्ति शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष में सभी ने बदलते हुए भारत और पीएम मोदी की प्रेरणा से खेल व खेल संस्कृति के प्रति आम भारतीयों के मन में जो भाव पैदा हुए हैं उसे मूर्त रूप लेते हुए देखा है। इसके कारण भारत की प्रतिभाएं ओलंपियन, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियनशिप में अच्छा पुरस्कार ले रही हैं। खेल व प्रतियोगिताओं के प्रति नई जागरूकता पैदा हुई है। सांसद-विधायक खेलकूद प्रतियोगिताएं हो रही हैं। खेलो इंडिया खेलो के माध्यम से हर स्तर पर केंद्र स्थापित हो रहे हैं।

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,30,580/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,19,700/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 97,940/10 ग्राम |
| चांदी | | = 1,91,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### तीन गुना बढ़ी यूपी में गुलदार-तेंदुए की संख्या

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म और वन्यजीव संरक्षण को सुदृढ़ बनाने के राज्य सरकार के प्रयासों ने सकारात्मक परिणाम दिखाने शुरू कर दिए हैं। स्थिति यह है कि बीते तीन वर्षों के अंदर प्रदेश में गुलदार-तेंदुए की संख्या की संख्या में तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि गैंडों की संख्या में 35 फीसद वृद्धि दर्ज की गई है। वन विभाग के अनुसार वर्ष 2022 की गणना में दुधवा नेशनल पार्क में 65 हजार से अधिक और कतर्नियाघाट में लगभग 12 हजार वन्यजीव दर्ज किए गए थे। वहीं 2025 में इन आंकड़ों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

### मदीना से हैदराबाद जा रही फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग, बम की धमकी वाला मिला ईमेल

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सऊदी अरब के मदीना से हैदराबाद जा रही इंडिगो की फ्लाइट की आपात लैंडिग कराई गई है। फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली थी। फिलहाल, जांच जारी है। सूत्रों ने बताया कि एक ईमेल के जरिए विमान में बम होने की धमकी मिली थी। इसके बाद विमान को तुरंत डायवर्ट कर अहमदाबाद में सुरक्षित उतार लिया गया।

### चलती हुई बीएमडब्ल्यू कार में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा एक्सप्रेसवे पर बने पंचशील अंडरपास के पास गुरुवार दोपहर को चलती बीएमडब्ल्यू कार में आग लग गई। चालक ने किसी तरह कूदकर जान बचाई। दमकलकर्मियों ने करीब 20 मिनट में आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि दिल्ली के लाजपत नगर निवासी नरेश कौशल इंटीरियर डिजाइनिंग का काम करते हैं। उनका कार्यालय ओखला में है। वह गुरुवार दोपहर सेक्टर-82 में मीटिंग के उद्देश्य से डीजल से चलने वाली बीएमडब्ल्यू को लेकर नोएडा आए थे। जैसे ही वह पंचशील अंडरपास के पास पहुंचे अचानक इंजन से धुआं उठने लगा। उन्होंने बताया कि वहां से गुजर रहे एक अन्य वाहन चालक ने उन्हें इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार चला रहे व्यक्ति ने फौरन कार को सड़क किनारे लगाया और कूद गए। देखते ही देखते इंजन से आग की लपटें उठने लगीं। दमकलकर्मियों ने जब तक आग पर काबू पाया, तब तक गाड़ी जलकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी।

# उड़ानों में तकनीकी गड़बड़ी साइबर हमला है : मुरलीधर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- सरकार खतरे से निपटने के लिए सक्रिय रूप से कर रही काम : नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के रनवे 10 पर जीपीएस आधारित लैंडिंग समस्या तकनीकी गड़बड़ी नहीं बल्कि यह एक साइबर हमला हैं। यह विमानन सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती है और सरकार इस खतरे से निपटने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने गुरुवार को संसद में दी।

नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ने गुरुवार को लोक सभा में पूछे गए सवाल के जबाव में बताया कि आईजीआई हवाई अड्डे के रनवे 10 पर जीपीएस -आधारित लैंडिंग प्रक्रिया का उपयोग करते समय कुछ उड़ानों ने नकली जीपीएस सिग्नल के हमले की शिकायत की थी। यह एक तरह का साइबर हमला है, इसे अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) भी एक साइबर हमला मानता है। इसमें हमलावर जानबूझकर नकली जीपीएस सिग्नल भेजते हैं। इससे विमान के नेविगेशन सिस्टम को धोखा मिलता है तथा उसे लगता है कि वह कहीं और है, जिससे उसे गलत स्थिति और भ्रामक चेतावनी मिलती है। जिन उड़ानों को यह समस्या हुई, उन्होंने तुरंत आकस्मिक प्रक्रियाओं का उपयोग करके सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित की।

मंत्री ने बताया कि यह समस्या अब वैश्विक बन चुकी है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ संघर्ष जारी है।

उल्लेखनीय है कि, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हवाई क्षेत्र में ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) हस्तक्षेप की समस्या से निपटने के लिए विगत 24 नवंबर, 2023 को, एडवाइजरी सर्कुलर जारी किया है। इसके अलावा, आईजीआई एयरपोर्ट के आसपास जीपीएस स्पूफिंग की घटनाओं की तुरंत रिपोर्टिंग के लिए विगत 10 नवंबर को एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई थी। इसके अलावा, आईसीएओ और अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात संघ (आईएटीए) ने भी स्पूफिंग से बचाव और जोखिम मूल्यांकन के लिए विस्तृत योजनाएं प्रकाशित की हैं।

## सरकार ने दिये जांच के आदेश

मंत्रालय के अनुसार, सरकार ने इस मामले की तह तक जाने के लिए जांच के आदेश दिए हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने वायरलेस मॉनिटरिंग ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएमओ) से इस हस्तक्षेप के स्रोत का पता लगाने के लिए कहा है और उन्हें अतिरिक्त संसाधन जुटाने का निर्देश दिया गया है।

# तंबाकू पर बढ़ेगा टैक्स, संसद ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक 2025 को दी मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



संसद ने गुरुवार को केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को पारित कर दिया, जिसे राज्यसभा ने मंजूरी देकर लोकसभा को वापस भेज दिया। लोकसभा ने बुधवार को ही केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 पास कर दिया था। साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित हो गई।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में आज केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कानून के अलग-अलग पहलुओं पर बात की और अलग-अलग सदस्यों के सवालों के जवाब दिए। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इससे पहले केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 को विचार के लिए राज्यसभा में पेश किया था। निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल को इस सरकार ने कभी नजरअंदाज नहीं किया है। असल में यह टीएमसी सरकार है, जो पश्चिम बंगाल के विकास को नुकसान पहुंचा रही है। पश्चिम बंगाल ने जनवरी 2019 में आयुषमान भारत स्कीम से नाम वापस ले लिया। क्या यह बंगाल के लिए अच्छा है? इंडस्ट्री पश्चिम बंगाल छोड़ रही हैं। वित्त मंत्री ने विधयेक पर चर्चा के दौरान सदन को यह भी बताया कि किसानों को तंबाकू छोड़ने और दूसरी कैश क्रॉप्स उगाने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब जीएसटी लागू हुआ, तो तंबाकू और तंबाकू से जुड़े उत्पाद पर टैक्स, सेस के साथ भी हर साल डब्यूएचओ के तय बेंचमार्क तक नहीं पहुंच पाया, जिसका नतीजा है तंबाकू उत्पादों की सामर्थ्य सूचकांक ऊंचा बना हुआ है, जिससे पब्लिक हेल्थ के लक्ष्य कमजोर हो रहे हैं। सीतारमण ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि 49 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड बीड़ी कामगार हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे तंबाकू को छोड़ कर दूसरी नगदी फसलें उगाएं।

# खत्म होगा मौजूदा टोल सिस्टम, लागू होगा नया इलेक्ट्रॉनिक मॉडल : नितिन गडकरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में घोषणा की कि देश में टोल कलेक्शन का मौजूदा सिस्टम एक वर्ष के भीतर समाप्त कर दिया जाएगा। इसकी जगह नया इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन मॉडल लागू किया जाएगा, जिससे हाई-वे उपयोगकर्ताओं को यात्रा के दौरान पूरी तरह बाधारहित और बेहतर अनुभव मिलेगा।

गडकरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि यह नई प्रणाली प्रयोगात्मक रूप से 10 स्थानों पर शुरू की जा चुकी है और अगले एक वर्ष में इसे पूरे देश में विस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह टोल सिस्टम खत्म हो जाएगा। टोल के नाम पर आपको कोई नहीं रोकेगा। एक साल के अंदर पूरे देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन लागू कर दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में देशभर में 10 लाख करोड़ रुपये लागत के 4,500 से अधिक हाई-वे परियोजनाएं प्रगति पर हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में टोल नाकों पर रुकने की आवश्यकता पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

## पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का आज यहां निधन हो गया। वह 73 साल थे। श्री स्वराज के परिवार के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। उनकी पत्नी पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का अगस्त 2019 में निधन हो गया था। उनकी पुत्री बांसुरी स्वराज भारतीय जनता पार्टी की नेता एवं नयी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। बारह जुलाई 1952 को जन्मे श्री स्वराज जाने-माने वकील थे। वह 1990 से 1993 तक मिजोरम के राज्यपाल रहे।

# शोध में फिर सामने आया सूक्ष्म प्लास्टिक कण स्वास्थ्य को पहुंचा सकता है गंभीर नुकसान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्लास्टिक की बोतल के हानिकारक प्रभाव एक बार फिर सामने आए हैं। एक शोध में सामने आया है कि एकल उपयोग प्लास्टिक की बोतलों से निकले छोटे-छोटे प्लास्टिक के कण हमारे शरीर की महत्वपूर्ण प्रणालियों को प्रभावित कर हमारे स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं।

नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएनएसटी), मोहाली की टीम ने एक शोध में पाया है कि एक बार इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक (पीईटी) की बोतलों से बनें अति-सूक्ष्म प्लास्टिक कण व्यक्ति के शरीर के लिए फायदेमंद सूक्ष्म जीवों और कोशिकाओं को गंभीर हानि पहुंचा सकते हैं। नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएनएसटी), मोहाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (डीएसटी) के तहत एक स्वायत्त संस्थान है। इसकी टीम ने एक शोध में पाया की सूक्ष्म प्लास्टिक शरीर में पहुंचकर पेट के लिए फायदेमंद आंत के सूक्ष्मजीवों को प्रभावित करते हैं। यह सूक्ष्मजीव हमारी इम्यूनिटी, मेटाबॉलिज्म और यहाँ तक कि मानसिक सेहत को भी संभालते हैं। वैज्ञानिकों ने शोध से यह समझा कि इन सूक्ष्म जीवों के अति-सूक्ष्म प्लास्टिक के संपर्क में आने से क्या होता है। उन्होंने लैब में पीईटी बोतलों से अति- सूक्ष्म प्लास्टिक बनाई और उन्हें एक फायदेमंद जीवाणु लैक्टोबैसिलस रैम्नोसस पर टेस्ट किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि लंबे समय तक संपर्क में रहने से जीवाणुओं की वृद्धि और सुरक्षात्मक कार्य कम हो गए, जबकि तनाव प्रतिक्रियाएं और एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ गई।

## नवनीत सहगल ने दिया प्रसार भारती के चेयरमैन पद से इस्तीफा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने इस्तीफा दे दिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सहगल का इस्तीफा स्वीकार करते हुए उन्हें सेवाओं से मुक्त भी कर दिया है। नवनीत सहगल उत्तर प्रदेश के चर्चित आईएएस अफ़सर रहे हैं। 2023 में वो यूपी कैडर से रिटायर हो गए थे। मार्च 2024 में चुनाव के ऐलान के कुछ घंटों पहले उन्हें प्रसार भारती का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। अचानक बदले हुए घटनाक्रम में सहगल ने कल अपना इस्तीफा सौंप दिया जिसे आज स्वीकार करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से रिलीव भी कर दिया गया।

# 60 वर्ष से अधिक आयु वालों को वृद्धावस्था पेंशन के लिए नहीं करना होगा आवेदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- फैमिली आईडी में उपलब्ध आयु व परिवार की जानकारी के आधार पर लाभार्थियों का स्वतः होगा चयन

यूपी सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समाज कल्याण विभाग अब राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों की पहचान फैमिली आईडी- 'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वतः करेगा। इससे पात्र वृद्धजन को बिना आवेदन किए ही पेंशन समय से उनके बैंक खाते में प्राप्त हो सकेगी।

इस बाबत अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल. वेंकटेश्वर लू ने सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि इस नई व्यवस्था को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए, ताकि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक पेंशन से वंचित न रहे। नए सिस्टम के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को पेंशन के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। फैमिली आईडी में उपलब्ध आयु और परिवार की जानकारी के आधार पर लाभार्थियों का स्वतः चयन होगा। इसके अलावा, जो व्यक्ति अगले 90 दिनों में 60 वर्ष पूर्ण करने वाले हैं, उनके नाम भी सिस्टम में जोड़ लिए जाएंगे। लाभार्थी की सहमति एसएमएस, वॉट्सऐप या फोन कॉल के माध्यम से लेकर डीबीटी के जरिए समय पर पेंशन भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि नई प्रणाली का पायलट परीक्षण अमेठी, कासगंज, गोरखपुर, ललितपुर और बस्ती में शुरू किया जाएगा। इसके सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। सभी जिलों को 30 दिनों के भीतर विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में लगभग 67.50 लाख वरिष्ठ नागरिक इस योजना के लाभार्थी हैं। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र वृद्धजन को सम्मानजनक जीवन हेतु पेंशन समय से उपलब्ध हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि फैमिली आईडी आधारित यह प्रगति सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालिक और सकारात्मक बदलाव लाएगी।

**घोषणा** — उत्तर प्रदेश सरकार का दावा

# यूपी में बेरोजगारी दर 19 से घटकर 2.4 प्रतिशत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि पिछले आठ वर्षों में दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों की बदौलत राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई पहचान मिली है। प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं और युवाओं को प्रशिक्षण और उद्योगों के लिए प्रोत्साहन मिला है।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। इन सबके साथ सामाजिक स्थिरता और ग्रामीण जीवन में सुधार की स्पष्ट झलक भी देखने को मिल रही है। यह सब कुछ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व के कारण संभव हो रहा है। सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बेरोजगारी दर में आई भारी गिरावट है। जहां एक समय प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 प्रतिशत जैसे भारी-भरकम स्तर तक पहुंच गई थी, वहीं अब यह घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई है। यह परिवर्तन न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है, बल्कि नीति आधारित विकास मॉडल की सफलता को दर्शाने का काम कर रही है। सरकार द्वारा बनाई गई रोजगार नीतियों, निवेश आकर्षित करने वाले उपायों और कौशल विकास कार्यक्रमों का सकारात्मक परिणाम पूरे प्रदेश में महसूस किया जा रहा है। उन्होने बताया कि प्रदेश सरकार की जीसीसी नीति 2025 ने रोजगार वृद्धि को नया आयाम दिया है। इस नीति के माध्यम से दो लाख से अधिक नई नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। वैश्विक कंपनियों के लिए प्रदेश में अनुकूल वातावरण तैयार करने का जो ठोस प्रयास किया जा रहा उससे युवाओं को तकनीकी और उच्चस्तरीय रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इसके साथ ही यूपी रोजगार मिशन ने मात्र एक वर्ष में 1.25 लाख लोगों को रोजगार प्रदान कर राज्य में रोजगार सृजन की गति को और अधिक तेज किया है। एमएसएमई सेक्टर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनकर उभरा है। प्रदेश में इस समय 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयां संचालित हो रही हैं, जिनसे अब तक 2 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसरों का सृजन हो चुका है। केवल पिछले एक वर्ष में ही इस क्षेत्र ने 18 लाख नए रोजगार उपलब्ध कराए हैं। यह सेक्टर सूक्ष्म और लघु उद्यमियों के लिए अवसरों का विशाल प्लेटफॉर्म बन गया है और जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ आधार भी तैयार कर रहा है।

# बीएलओ-बीएलए के बीच समन्वय होने से मतदाता सूची बनेगी मजबूत

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी एआरओ, एईआरओ एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग कर निर्वाचन कार्यों की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत प्राप्त सभी गणना प्रपत्रों के शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन को प्राथमिकता से पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की सटीकता बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि हर गणना प्रपत्र सही, स्पष्ट और त्रुटिरहित रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि डिजिटाइजेशन कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही पाए जाने पर तत्क्षण सुधार कराया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों से लिया जाए। उन्होंने बताया कि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण डिजिटाइजेशन से मतदाता सूची का पुनरीक्षण अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनेगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने नो-मैपिंग में फीड किए गए गणना प्रपत्रों की गहन समीक्षा करने और उनमें पाई गई सभी त्रुटियों को प्राथमिकता के आधार पर सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गलत मैपिंग या अपूर्ण डेटा के कारण निर्वाचन क्षेत्रों की भौगोलिक सीमाओं के सत्यापन में बाधा उत्पन्न हो सकती है, इसलिए ऐसे मामलों में शीघ्रता से सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक प्रपत्र का सही भौगोलिक निर्धारण चुनाव प्रबंधन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

- निर्वाचन कार्य में डिजिटाइजेशन से मतदाता सूची का पुनरीक्षण बनेगा प्रभावी

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि सभी बीएलओ अपने-अपने मतदेय स्थलों पर बीएलए के साथ नियमित बैठकें आयोजित करें। इन बैठकों में मतदाता सूची के जोड़ने, हटाने तथा संशोधन से संबंधित प्रपत्रों पर संयुक्त रूप से चर्चा की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की विसंगति या त्रुटि शेष न रहे। उन्होंने कहा कि बीएलओ और बीएलए के बीच समन्वय मजबूत होने से मतदाता सूची अधिक सटीक और विश्वसनीय बनेगी तथा मतदाताओं को भी बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सभी कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए और प्रत्येक चरण में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का अद्यतन एवं शुद्धिकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त एआरओ, समस्त एईआरओ, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 20 हजार घरों में लगेगा मुफ्त सोलर प्लांट बिजली बिल में आएगी भारी कमी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**



- गोण्डा में शुरू हुई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, 20,000 घरों में लगेंगे सोलर प्लांट
- नेशनल पोर्टल पर शुरू हुआ आवेदन पर्यावरण संरक्षण के साथ उपभोक्ताओं को होगा आर्थिक लाभ

जनपद गोण्डा में पर्यावरण संरक्षण और बिजली बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की गई है, जिसके तहत 20,000 घरों में सोलर रूफटॉप लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। योजना के माध्यम से उपभोक्ता अपनी छतों पर सोलर पावर प्लांट लगाकर प्रतिमाह लगभग 150 यूनिट बिजली का उत्पादन कर सकेंगे, जिससे उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी। अतिरिक्त बिजली ग्रिड में आपूर्ति कर उपभोक्ता अतिरिक्त लाभ भी उठा पाएंगे। केंद्र और राज्य सरकार इस योजना पर उदार अनुदान दे रही हैं, जिसके तहत 1 किलोवाट पर 45,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 90,000 रुपये और 3 से 10 किलोवाट तक पर 1,08,000 रुपये तक का अनुदान निर्धारित है, जबकि लाभार्थियों को 1 किलोवाट के लिए 65,000 रुपये, 2 किलोवाट के लिए 1,30,000 रुपये और 3 से 10 किलोवाट तक प्रति किलोवाट 60,000 रुपये भुगतान करना होगा। योजना से उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत तो मिलेगी ही, साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। इच्छुक लाभार्थी नेशनल पोर्टल pmsuryaghar.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

# ईंट भट्ठे पर मुनीम की हत्या: धारदार हथियार से गला और गाल काटा, ऑफिस के अदंर घुसकर वारदात

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिले में एक ईंट भट्टे के ऑफिस में सो रहे मुनीम की हत्या कर दी गई। देर रात धारदार हथियार से गला रेता। गले के अलावा गाल पर काटने का गहरा घाव है। ऑफिस के बरामदे से चीखने की आवाज सुनते ही भट्ठे पर काम करने वाले लोग मौके पर पहुंचे। खून से लथपथ मुनीम को अयोध्या मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात छपिया थाना क्षेत्र के साबरपुर गांव में बीती रात करीब एक बजे की है।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, सीओ मनकापुर और थाना अध्यक्ष छपिया द्वारा पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही साथ मृतक राम सजीवन वर्मा का अयोध्या में ही पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। अयोध्या के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अमसिन दहलवा गांव के राम सजीवन वर्मा (40) गोंडा में पवन मार्का ईंट भट्टे पर मुनीम का काम करते थे। भट्ठा मालिक मामा काशी राम वर्मा ने बताया कि वारदात रात 12 से 1 बजे के बीच की है। रात में यहां के बाद अयोध्या मेडिकल कॉलेज ले गए रात में इलाज के अलावा कुछ हम लोगों को दिखाई नहीं दे रहा था, इसीलिए हम लोग लेकर के वहां चले गए थे। गड़ासे और बांके से गला काटकर हत्या की गई है। एक गले और एक गाल पर घाव है। ये हमारे भट्टे पर 14 साल से काम कर रहे थे। इस दौरान कभी किसी से कोई झगड़ा विवाद भी नहीं हुआ है।

10 साल पहले उनकी शादी हुई थी। उनका 8 साल का एक बच्चा है। इनके बगल में छोटे नाम का शख्स भी सोया था लेकिन वो वारदात से अनजान है, इसलिए वारदात को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया- पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

धारदार हथियार से उनकी हत्या की गई है। भट्ठे पर सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है, परिजनों ने अभी किसी के ऊपर कोई आरोप भी नहीं लगाया है। पुलिस भट्ठे पर काम करने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है।

# फार्मासिस्टों ने समस्याओं को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रोहित मिश्र के पदाधिकारीयों ने गुरुवार को जिला मेडिकल कालेज के परिसर से स्थित सीएमओ कार्यालय पहुंचकर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जय गोविंद को एक ज्ञापन पत्र सौंपा जिसमें जनपद में चल रहे अवैध रूप से क्लीनिक, पैथालॉजी,डायग्नोसिस सेंटरों की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की गई है। मंडल उपाध्यक्ष सुधांशु मिश्र ने बताया कि अवैध क्लीनिक ,पैथालॉजी सेंटरों पर कार्यवाही की मांग के लिए पूर्व में लगभग दासों बार पत्राचार किया गया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई है लेकिन जनपद में नवागत सीएमओ के आने के बाद अपने नए आशा के साथ एक बार फिर से ज्ञापन सौंपा गया है अध्यक्ष रोहित मिश्र ने कहा कि जनपद में अवैध क्लीनिक, हॉस्पिटल की वजह से आए दिन जिले में एक न एक घटनाए होती रहती है। ओर इसपर जिला प्रशासन के द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया जाता है। ज्ञापन देने वाले में सनत पांडे, गोपाल साहू, संजय अवस्थी, मॉरिस आलम, बृजेश शुक्ला, शोभित मिश्रा, अनमोल,लोग उपस्थित रहे।

# कार्यकारिणी ने दिया इस्तीफा, अध्यक्ष बोले स्वीकार

- रजिस्ट्रेशन की फीस बढ़ोत्तरी , नवनिर्मित गेट में गबन व अन्य कई मामलो का लगाया आरोप

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



प्राप्त विवरण के अनुसार मामला जिला जिला बार एसोसिएशन का है जहां की कार्यकारिणी के सदस्यों ने सामूहिक रूप से लाइब्रेरियन के माध्यम से अध्यक्ष व मंत्री को सौपा अपना त्यागपत्र जिस त्यागपत्र में कार्यकारिणी के रूठे सदस्यों ने यह आरोप लगाया कि वरिष्ठ पदाधिकारी बिना कार्यकारिणी की सहमति से कई बडे फैसला ले लेते रहे।जबकि संयुक्त मंत्री राजकुमार द्विवेदी ने वरिष्ठ पदाधिकारियो पर आरोप लगाया और कहा कि हमें बिना किसी मीटिंग व विचार में शामिल किए निर्माण व अन्य कार्य हो गये हैं जैसे नवनिर्मित विशाल काय गेट का पैसा कहां से आया कैसे आया कितना खर्च हुआ साथ ही नये सदस्यों का रजिस्ट्रेशन शुल्क बढ़ाया जाना कई कार्यक्रमों में कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों को शामिल न किया जाना कई अहम मुद्दे है जिससे नाराज कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारी ने दे दिया त्यागपत्र अब देखना यह होगा कि मौखिक त्याग पत्र स्वीकार करने वाले वरिष्ठ पदाधिकारी अपने रुठे कार्यकारिणी को मनाने में सफल होगे या स्वीकार करेंगे त्यागपत्र।

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने थाना तुलसीपुर का किया औचक निरीक्षण



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा थाना तुलसीपुर का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान द्वारा थाना मालखाना, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र व अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, दंगा नियन्त्रण उपकरणों का भी निरीक्षण किया गया व कार्यालय के समस्त अभिलेखों को निरंतर अद्यतन करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात द्वारा आरक्षी बैरक तथा थाना आवास , मेस आदि की साफ सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री जितेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना तुलसीपुर व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### पुलिस ने दी महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी



**उतरौला ,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।** कोतवाली उतरौला के प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति प्रभारी शालिनी सिंह, हेड कांस्टेबल मेवा लाल,महिला आरक्षी गीतू सिंह, आरक्षी अरुणेश पटेल, द्वारा सेखुइया गांव में महिलाओं से उनकी कुशलता व समस्या के बारे में पूछा गया साथ उनको सभी हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी देते हुए सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर में गुरूवार को मिशन शक्ति फेस 5 के तहत में महिलाओं को साइबर फ्रॉड महिलाओं की सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा की एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गई थाने पर गठित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया।

### कैरियर मेले का आयोजन, विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण टिप्स



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रामपुर धोबिया स्थित राजकीय हाईस्कूल में गुरुवार को कैरियर मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर धोबिया के प्रभारी डॉ. कासिम अख़्तर तथा विशिष्ट अतिथि चौकी बैवाही के उपनिरीक्षक चंद्रेश्वर मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मेले में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने छात्रों को कैरियर से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. कासिम अख़्तर ने चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों और योग्यताओं पर विस्तृत जानकारी साझा की। वहीं बैंक प्रबंधक ने बैंकिंग क्षेत्र में कैरियर संभावनाओं और वित्तीय साक्षरता पर प्रकाश डाला। इसके बाद उपनिरीक्षक चंद्रेश्वर मिश्रा ने छात्रों को साइबर अपराध, 1090 महिला हेल्पलाइन और अपराध रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जागरूक किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में सभाजीत, विपिन वर्मा, उपनिरीक्षक मुकुट नाथ चौधरी, राम लखन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम, विधायक तुलसीपुर व जिलाधिकारी ने किया उत्साहवर्धन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर गिफ्टेबल फाउंडेशन द्वारा तहसील बलरामपुर में धुसाह संचालित समावेशी शिक्षा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, समूहगान एवं प्रेरक गतिविधियों सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों के उत्साह, कौशल एवं आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति देखकर सभी अतिथि एवं उपस्थित जनमानस अभिभूत हुए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चे अत्यंत प्रतिभाशाली हैं और समान अवसर एवं उपयुक्त वातावरण प्रदान कर उनकी क्षमताओं को निखारा जा सकता है। जिला प्रशासन ऐसे बच्चों के अधिकारों एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस दौरान सम्बंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## मदरसा शिक्षा परिषद की मुंशी, मौलवी परीक्षा के आवेदन 20 दिसम्बर तक

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ की ओर से वर्ष 2026 की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की तिथि घोषित कर दी गई है। परिषद के अनुसार अरबी एवं फारसी की सेकेण्डरी (मुंशी/मौलवी) तथा सीनियर सेकेण्डरी (आलिम) परीक्षाओं के आवेदन 20 नवम्बर 2025 से 20 दिसम्बर 2025 तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। परीक्षा वर्ष 2026 हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करने की अंतिम तिथि 19 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। परिषद ने सभी मदरसों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर आवेदन और शुल्क जमा कर परीक्षा संबंधी प्रक्रिया समय से पूरी कर लें।

# असुरक्षित खाद्य पदार्थों पर कार्रवाई एक प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित

- लाइसेंस निलम्बित कर प्रतिष्ठान को अग्रिम आदेशों तक के लिए किया गया बन्द

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बताया है कि खाद्य पदार्थों की मिलावट एवं असुरक्षित खाद्य वस्तुओं की बिक्री पर नियंत्रण हेतु आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में प्रवर्तन अभियान संचालित है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए विभिन्न मिष्ठान प्रतिष्ठानों के नमूने संग्रहित कर विश्लेषण हेतु भेजे गये थे, नमूनों की जांच में खाद्य विश्लेषक गोरखपुर द्वारा 02 निर्माण इकाई एवं 01 फुटकर प्रतिष्ठानों के नमूनें असुरक्षित घोषित किया गया है। जिनमें मेसर्स-राम मिष्ठान भण्डार, निर्माण इकाई स्थान चौक रोड, मेन मार्केट बलरामपुर से रसमलाई का नमूना मानव उपभोग के लिए हानिकारक घोषित करते हुए असुरक्षित घोषित किया गया है एवं मेसर्स-भारत स्वीट्स, स्थान जोगीवीर, उतरौला, बलरामपुर स्थित निर्माण इकाई से बतीसा एवं बतीसा रोल मिठाई को असुरक्षित घोषित किया गया है एवं फुटकर विक्रेता मा) राशिद खान पुत्र अब्दुल मन्नान के प्रतिष्ठान स्थित चीनी मिल गेट तुलसीपुर से मोतीचूर के लड्डू का नमूना असुरक्षित घोषित किया गया है। उक्त के क्रम में मेसर्स भारत स्वीट्स, स्थान जोगीवीर, उत्तरौला का लाइसेंस निलम्बित करते हुए प्रतिष्ठान में निर्माण को अग्रिम आदेशों तक के लिए बन्द कराया गया है। मेसर्स-राम मिष्ठान भण्डार, स्थान चौक रोड, मेन मार्केट, बलरामपुर तथा नो0 राशिद खान पुत्र अब्दुल मन्नान के प्रतिष्ठान के लाइसेंस को निलम्बित करने की कार्यवाही प्रचलन में लायी गयी है।

# समाजवादी पार्टी ने चलाया मतदाता जागरूकता वाहन




- लोगों से मतदाता पुनरीक्षण फॉर्म भरने की अपील

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों से गणना प्रपत्र भरवाए जा रहे हैं, जो 11 दिसंबर तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए बीएलओ लोगों के फॉर्म भरवा रहे हैं, वहीं राजनीतिक दल भी शत-प्रतिशत प्रपत्र भरने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी ने जिले के ग्रामीण इलाकों में मतदाता जागरूकता वाहन चलाए हैं। इन वाहनों का उद्देश्य लोगों को एसआईआर (मतदाता सूची में नाम शामिल करने/संशोधन) के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इन जागरूकता वाहनों पर ध्वनि यंत्र लगे हैं, जिनसे लोगों से शीघ्र ही अपना फॉर्म भरने की अपील की जा रही है। वाहनों पर पोस्टर भी लगाए गए हैं, जिन पर लिखा है, अगर वजूद बचाना है, तो सब अपना एसआईआर जरूर कराएं। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि उनकी ओर से पांच जागरूकता वाहनों के जरिए लोगों को सचेत और जागरूक किया जा रहा है।

# बाइक-ऑटो की भिड़ंत में सास-दामाद घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के थाना पयागपुर क्षेत्र के मोहनापुर गाँव निवासी अरविंद अपनी ससुराल कोतवाली मूर्तिहा के भिवरा में आए हुए थे। वे सहारा बैंक में जरूरी कार्य हेतु अपनी सास हीरामोती के साथ बाइक से मिहिपुरवा जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हसुलिया पुल से आगे बिछिया की ओर बढ़ी, तभी सामने से तेज रफ्तार से आ रही ऑटो से जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक सवार अरविंद और उनकी सास सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत दोनों को अपनी मदद में उठाया और अपनी बाइक से मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत देखते हुए तुरंत मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। वहां भी स्थिति गंभीर बनी रहने के कारण चिकित्सकों ने दोनों को लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है।

फिलहाल दोनों की स्थिति बेहद चिंताजनक बताई जा रही है।सबसे दुःखद बात यह है कि इनका कोई अन्य वारिस नहीं है। परिवार में ये दोनों ही थे। घटना की जानकारी मिलते ही गांव और आसपास के लोगों में शोक की लहर छा गई है। स्थानीय लोग इलाज के लिए आर्थिक सहयोग के साथ आगे आ रहे हैं और उनकी सलामती की दुआ कर रहे हैं। गांव के लोगों ने प्रशासन से दुर्घटना की जांच और ऑटो चालक पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की है, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो।

# मवेशी बचाने के चक्कर में पलटी बस, पांच घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



नानपारा कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। पंजाब से श्रावस्ती जा रही एक निजी बस अचानक सड़क पर आए मवेशी को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार पांच यात्री घायल हो गए। घटना सुबह करीब चार बजे नानपारा बाईपास स्थित मलंग पुरवा के पास हुई। यूपी 43 बीटी 1530 नंबर की बस बहराइच होते हुए श्रावस्ती जा रही थी। इसी दौरान एक मवेशी बस के सामने आ गया। चालक ने उसे बचाने के लिए स्टीयरिंग घुमाई, लेकिन बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसा होते ही बस में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नानपारा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से बस में सवार करीब 30 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पांच यात्री घायल पाए गए, जिन्हें इलाज के लिए नानपारा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। इन यात्रियों को आई चोटें जिसमे कुसुम देवी (35), निवासी सिद्धार्थनगर,रचना देवी (40), निवासी बलरामपुर, इंद्रजीत मौर्य, निवासी श्रावस्ती, गिरधारी, निवासी श्रावस्ती,राजेश पाल, निवासी श्रावस्ती शामिल है। नानपारा कोतवाल ने बताया कि हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है। पांच घायलों का इलाज जारी है। हाइड्रा मशीन बुलाकर बस को सड़क से हटवा दिया गया है, जिससे यातायात सामान्य हो गया है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अभाविप के 65वें प्रांत अधिवेशन पूर्व सम्पन्न हुआ भूमि पूजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत के बहराइच जिले में होने वाले आगामी 65वें प्रांत अधिवेशन के निमित्त अभाविप बहराइच द्वारा किसान पीजी कॉलेज के खेल मैदान में भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में अवध प्रांत के 26 संगठनात्मक जिलों से 1500 की संख्या में प्रतिनिधि विद्यार्थी आने वाले है। वो 16,17,18 व 19 को अभाविप के अलग अलग कार्यक्रमों में भाग लेंगे। जिसके उपलक्ष्य में आज भूमिपूजन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राज किशोर,विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, जिला कार्यवाह भूपेंद्र, विभाग प्रमुख अंजनी शुक्ला व अभाविप के समस्त पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता एवं जन प्रतिनिधियों के साथ सभ्य संभ्रांत समाज के लोगों की उपस्थित रही।

# दिव्यांग बच्चों ने स्पोर्ट्स इवेंट में शानदार प्रदर्शन कर जीता मन

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



महाराज सिंह इंटर कॉलेज, बहराइच में आयोजित स्पोर्ट्स इवेंट में ब्लॉक विशेश्वरगंज के दिव्यांग बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर सबका मन जीत लिया। कार्यक्रम में विशेश्वरगंज ब्लॉक के विशेष शिक्षक, सहायक अध्यापक और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिससे ब्लॉक की मजबूत उपस्थिति पूरे आयोजन में दिखी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा विशेश्वरगंज ब्लॉक की दिव्यांग बच्चियों – माही, महिमा, दिव्या और पूनम – द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य, जिसने अतिथियों का स्वागत ही नहीं बल्कि पूरे समारोह का माहौल जीवंत कर दिया। उनकी प्रस्तुति को विशेष सराहना मिली और दर्शकों ने तालियों से भरपूर उत्साह व्यक्त किया। प्रतियोगिताओं में भी विशेश्वरगंज ब्लॉक ने अव्वल प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिता में मूक-बधिर श्रेणी की माही ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्लॉक का नाम गौरवान्वित किया। रंगोली प्रतियोगिता में अंकिता और माही ने द्वितीय स्थान पर कब्जा किया। 50 मीटर दौड़ (आर्थोपेडिक श्रेणी) में पूनम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं दृष्टिबाधित श्रेणी में राधा और किशन ने प्रथम स्थान पाकर ब्लॉक विशेश्वरगंज का परचम लहराया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी और आत्मविश्वास से दमक उठे। इस पूरे आयोजन में विशेश्वरगंज ब्लॉक के स्पेशल एजुकेटर्स स्नेहलता मैम, दिनेश शर्मा सर, तथा सहायक अध्यापिका सुरभि पांडेय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन और समर्पण ने सुनिश्चित किया कि विशेश्वरगंज ब्लॉक के सभी दिव्यांग बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लें, अपनी प्रतिभा दिखाएं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। स्पोर्ट्स इवेंट में विशेश्वरगंज ब्लॉक की प्रतिभा, अनुशासन और जोश साफ झलकता रहा–और यह साबित हुआ कि अवसर मिलने पर ब्लॉक के दिव्यांग बच्चे हर मंच पर चमक बिखेरने में सक्षम हैं।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शुक्रवार 05 दिसम्बर, 2025



# स्वस्थ मिट्टी से ही सुरक्षित रहेगा धरती व जीवों का स्वास्थ्य : शाही

- खेतों की नियमित रूप से मृदा जांच अवश्य कराएं : कृषि मंत्री
- विश्व मृदा दिवस आज, प्रदेश भर में होंगे किसान जागरूकता कार्यक्रम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

आज 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस के अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि वे खेतों की मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से मृदा जांच अवश्य कराएँ।

स्वस्थ मृदा मानव स्वास्थ्य, प्रकृति और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह हमारे भोजन की गुणवत्ता निर्धारित करती है और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मिट्टी की जांच से हमें पता चलता है कि कौन से पोषक तत्व आवश्यक हैं, जिससे किसान अंधाधुंध उर्वरक के प्रयोग से बच सकते हैं। मृदा स्वास्थ्य को बचाए रखने के लिए हमें संतुलित मात्रा में खाद और उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए और फसल चक्र अपनाना चाहिए। यह सावधानियां भविष्य में न केवल उत्पादन की लागत को कम करेंगी बल्कि जमीन की उर्वरता को भी लंबे समय तक सुरक्षित रखेंगी, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और उपजाऊ भूमि मिल सकेगी।



विश्व मृदा दिवस के अवसर पर, प्रदेश भर में मृदा स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाने के विषय पर कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं राज्य स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत मृदा के स्वास्थ्य स्तर विषय पर संगोष्ठी की जाएगी। फसलों में समेकित पोषक तत्वों के प्रयोग के महत्व विषय पर कृषकों से संवाद किया जाएगा, मृदा उर्वरता स्तर बनाए रखने हेतु मॉडल विकसित कराए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों तथा सम्बद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा वर्तमान मृदा स्वास्थ्य की स्थिति तथा सुधार विषय पर प्रस्तुति की जाएगी।

व्यापक जागरूकता के लिए, जनपद के कृषि विज्ञान केन्द्रों पर क्षेत्रीय कृषकों को आमंत्रित करके प्रशिक्षित एवं जागरूक कराया जाएगा।मृदा परीक्षण के सजीव प्रदर्शन हेतु विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से भी जागरूकता कार्यक्रम कराया जाएगा। कार्यक्रम के व्यापक आयोजन हेतु कृषि विभाग द्वारा प्रदेश भर के 89 कृषि विज्ञान केंद्रों, कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि प्रक्षेत्रों पर किसानों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। कृषि निदेशालय में मृदा स्वास्थ्य एवं प्रबंधन विषय पर कार्यशाला होगी है। कृषि विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजकीय कृषि प्रक्षेत्रों पर अपर कृषि निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र के माध्यम से कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। समस्त जनपदों पर उप कृषि निदेशक एवं जनपदीय मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से भी कार्यक्रम आयोजन हेतु निर्देशित किया गया है। विभिन्न संस्थानों के निदेशको को कार्यक्रम में सम्मिलित होने तथा अपने संस्थानों पर कार्यक्रम आयोजित के निर्देश दिए गए हैं।

# लखनऊ में नागरिकता जांच से मचा हड़कंप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल के नेतृत्व में अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध बांग्लादेशियों, रोहिंग्याओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू होते ही लखनऊ नगर निगम से जुड़ी कूड़ा प्रबंधन कंपनी के 160 सफाई कर्मचारी नौकरी छोड़ भागे।

इन कर्मचारियों से नागरिकता प्रमाणित करने वाले दस्तावेज मांगे गए थे, जिसके बाद ये सभी काम से गायब हो गए। महापौर ने आशंका व्यक्त की कि ये भागे लोग संदिग्ध रोहिंग्या या बांग्लादेशी हो सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल जांच और आधार के साथ एनआरसी राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर चेक करने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि ये कर्मचारी खुद को



- 160 सफाईकर्मी भागे, मेयर का एनआरसी जांच का ऐलान

असम का बताते थे। ये संदिग्ध दिन में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करते थे और रात में वारदातों को अंजाम दे सकते थे, जैसा कि पिछले साल एक मामले में छह रोहिंग्या पकड़े गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घुसपैठियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाने और हर मंडल में डिटेंशन सेंटर बनाने के आदेश के बाद, मेयर सुषमा खर्कवाल गुरुवार को तुरंत एक्शन मोड में आ गई। उन्होंने लखनऊ में अवैध ढंग से रह रहे संदिग्ध बांग्लादेशियों के खिलाफ सख्ती का ऐलान किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तत्काल जांच कर उचित कदम उठाएं।

उन्होंने शहर के आम लोगों से भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की है। लखनऊ में अवैध रूप से बसी झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों की नागरिकता पड़ताल के लिए जांच अभियान चल रहा है।मेयर ने स्वयं गुडंबा थाने के पास मौके पर जाकर जांच-पड़ताल की। आशंका है कि लखनऊ में एक बड़ी संख्या में संदिग्ध बांग्लादेशी अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। जांच अभियान शुरू होते ही कई संदिग्ध इधर-उधर भाग गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### राजधानी में पंच सूत्रीय कथा महोत्सव आज से



**लखनऊ।** भारत विकास परिषद अवध प्रान्त की ओर से लखनऊ के सिंधु नगर स्थित श्री सुमतिनाथ सेवा भवन में पंच सूत्रीय कथा महोत्सव का शुभारम्भ 05 दिसम्बर से होगा। इस पांच दिवसीय महोत्सव में हर दिन अलग–अलग विषयों पर अलग–अलग कथाकार कथा सुनायेंगे। कथा 05 दिसम्बर से 09 दिसम्बर तक होगी। यह जानकारी भारत विकास परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री विक्रान्त खण्डेलवाल ने दी। वह गुरूवार को विश्व संवाद केन्द्र में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। विक्रान्त खण्डेलवाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पर्यावरण,स्वदेशी,सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य को केन्द्र में रखकर इस कथा महोत्सव का आयोजन किया गया है। कथा प्रवचनों के साथ–साथ हर दिन यज्ञ और समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही विभूतियों तथा संस्थाओं का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। सुधीरानन्द महाराज ने बताया कि प्रथम दिन अशोक महाराज कथा के माध्यम से पौधरोपण,जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त अभियान के बारे में बतायेंगे। दूसरे दिन हमारी स्वदेशी पर कथा है। तीसरे दिन सामाजिक समरसता पर संजीव कृष्ण ठाकुर कथा कहेंगे। चौथे दिन नंदलाल परिवार प्रबोधन पर कथा कहेंगे। वहीं पांचवें दिन कौशिक चैतन्य महाराज नागरिक कर्तव्व पर कथा कहेंगे।

### हनुमान सेतु से डालीगंज क्रॉसिंग को वंदे मातरम् मार्ग घोषित करने की मांग

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल से बांगिया नागरिक समाज के मुख्य संयोजक पीके दत्ता ने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथियों सहित मुलाकात की। उनकी मांग को जायज मानते हुए रोहित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की। उन्होंने पत्र में कहा कि बागियों समाज प्रदेश के उत्थान में सहभागिता करता रहा है। बांगीय समाज पुरे भारत मे वन्दे मातरम की 150वी जयंती समारोह का पालन कर रहे हैं लखनऊ बंगीय नागरिक समाज समाज वर्षो से हमेशा 26 जून को बंकिमचन्द्र चटर्जी शुभ जन्म दिन मानता चला आ रहा है। मुख्यमंत्री से लखनऊ हनुमान सेतू से डालीगंज क्रॉसिंग को वंदे मातरम् मार्ग घोषित करने एवं उनकी बड़ी मूर्ति भी लगाने की मांग की।

### लखनऊ में 9000 गाड़ियों की आरसी सस्पेंड

**लखनऊ।** लखनऊ में ट्रैफिक नियमों को लेकर बड़ी कार्रवाई हुई है। ट्रैफिक पुलिस ने सिर्फचालान काटने पर ही नहीं, बल्कि चालान न भरने वालों पर सीधा शिकंजा कस दिया है। परिवहन विभाग ने एक ही आदेश में लगभग 9000 वाहनों का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड कर दिया है।इन वाहनों में वे दो स्कूटी भी हैं, जिन पर 200 से ज्यादा चालान हैं।आरसी सस्पेंशन के बाद न इंश्योरेंस हो सकता है न सर्विस बुक अपडेट होगी और न वाहन की बिक् सकेगा। यह गाड़ियां सड़क पर दिखीं तो सीज कर दी जायेगी।ट्रैफिक विभाग की जांच में कई चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं।2 स्कूटी ऐसी निकलीं, जिन पर 200 से अधिक चालान पेंडिंग थे।435 वाहन ऐसे हैं जिन पर 50 से ज्यादा चालान दर्ज हैं। पुलिस ने 13,800 ऐसे वाहनों की लिस्ट बनाई है जिन पर 10 या उससे ज्यादा चालान बकाया थे। पहले चरण में 9000 वाहनों की आरसी निलंबित की है, अन्य जिलों की लिस्ट उनके आरटीओ को भेज दी गई है। अभियान का पूरे यूपी में असर दिखने वाला है। एआरटीओ प्रशासन पीके सिंह के मुताबिक मालिकों को सलाह है कि जुर्माना भर दे क्योंकि जुर्माना भरते ही आरसी स्वतः बहाल हो जाएगी। वाहन मालिकों को तुरंत परिवहन ऐप पर जाकर अपना वाहन नंबर डालकर चालान की स्थिति की जांच करनी चाहिए।बिना हेलमेट 10 बार तक पकड़े जाना,बार–बार बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना,ओवर स्पीड, रेड लाइट जंप, गलत साइड ड्राइविंग और नो पार्किंग में वाहन खड़ा करना जैसे दोहराए जाने वाले अपराध सीधे आरसी निलंबन का कारण बन रहे हैं।

### हटाई अवैध डेरियां, 20 गाय व एक बछिया जब्त

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ द्वारा शहरी स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गुरूवार को जोन–6 के चौक थाना क्षेत्र में अवैध डेयिरयों के खिलाफसख्त अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया गया। विशेष अभियान के अंतर्गत चौक थाना में अशरफाबाद, टुड़ियागंज, याहिया गंज, खाला बाजार में कार्यवाही की गई जिससे डेरी संचालको में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान कुल 20 गाय, 01 बछिया जब्त की गई, जिन्हें ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया है। इन पशुओं को केवल निर्धारित जुर्माना जमा करने के पश्चात ही छोड़ा जाएगा। यह कार्यवाही प्लैट पोर्टल व स्थानीय नागरिकों की शिकायतों के आधार पर की गई थी, जिनमें डेरी संचालकों द्वारा गोबर को खुले प्लॉटों में फेंकने एवं नालियों में बहाने से गंदगी, जलभराव और मच्छरजनित रोगों की आशंका व्यक्त की गई थी। नगर निगम ने यह स्पष्ट किया है कि नगर निगम अधिनियम 1959 के अंतर्गत शहरी सीमा में भैंस पालन पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योंकि इसे अपदूषण कारक पशु की श्रेणी में रखा गया है। केवल अधिकतम दो गायों को ही वैध लाइसेंस के तहत पालने की अनुमति है। अभियान में पुलिस बल, प्रवर्तन दल एवं पशु कल्याण विभाग की संयुक्त भागीदारी रही। डॉ. अभिनव वर्मा के साथ श्री शिवेक, अभिनव, श्री रामकुमार, श्री फुरकान, श्री अवधेश, श्री मनोज ने अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया।नगर निगम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी शहर के बीचो बीच अवैध डेरियों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा व गोबर निस्तारण की लापरवाही के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और रोगमुक्त बनाया जा सके।

# इको-फ्रेंडली सुविधाओं से बदल रही यूपी के जंगलों की तस्वीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- वन, सिंचाई सहित अन्य विभागों से समन्वय कर पर्यटकों के लिए आकर्षक सुविधाएं विकसित की जा रहीं : जयवीर सिंह

उत्तर प्रदेश में वन्य जीव संरक्षण और इको टूरिज्म की तस्वीर तेजी से बदल रही है। दुर्लभ वन्य जीव प्रजातियों के सुरक्षित आवास, प्राकृतिक परिदृश्य का संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल पर्यटन सुविधाओं के विस्तार ने राज्य को प्रकृति प्रेमियों का नया पसंदीदा गंतव्य बना दिया है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वन, सिंचाई सहित अन्य विभागों से समन्वय कर पर्यटकों के लिए आकर्षक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। हमारा प्रयास वन्य जीव संरक्षण को सुदृढ़ करते हुए स्थानीय समुदाय को आजीविका के नए अवसरों से जोड़ना है।



मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गैंडा, बाघ, बारहसिंघा, घड़ियाल जैसे दुर्लभ वन्यजीव न सिर्फ सुरक्षित हैं, बल्कि उनके लिए वातावरण भी विकसित किया गया है। दुधवा, पीलीभीत, कतर्नियाघाट, अमानगढ़ और सोहगीबरवा जैसे वन क्षेत्र पर्यटकों को विशेष अनुभव प्रदान करते हैं। तराई, ब्रजभूमि, गंगा नदी का क्षेत्र, बुंदेलखंड और विंध्य वनक्षेत्र हर इलाके में जैव विविधता के संरक्षण और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर कार्य किया गया है।

इको-टूरिज्म विकास बोर्ड ने पिछले तीन वर्षों में 161 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च कर विभिन्न प्राकृतिक स्थलों पर पर्यटन सुविधाएं विकसित की हैं। इनमें मार्ग सुधार, कैफेटेरिया, इको-फ्रेंडली विश्राम स्थलों, गजिबो, नेचर ट्रेल, बर्ड वॉचिंग स्थान और बच्चों के लिए खेलने के क्षेत्र जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इन सभी का विकास पर्यावरण-संवेदनशील तरीके से किया गया है, ताकि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। पिछले तीन वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं में वर्ष 2022-23 में 21.04 करोड़ रुपए, वर्ष 2023-24 में 68.56 करोड़ रुपए तथा वर्ष 2024-25 में 72.30 करोड़ रुपए व्यय हेतु स्वीकृत किए गए। यह निरंतर बढ़ता निवेश राज्य की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है। वहीं, वन विभाग के सतत प्रयासों से वन्य जीवों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिली है, जिसने पर्यटकों को खासा आकर्षित किया है। वर्ष 2022 की वन्य पशु गणना रिपोर्ट वन्यजीव संरक्षण की सफल कोशिशों की पुष्टि करती है। आंकड़ों के अनुसार, दुधवा नेशनल पार्क में 65 हजार से अधिक, कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य में तकरीबन 12 हजार और बफर जोन में 14 हजार से अधिक वन्य प्राणी दर्ज किए गए। इसी तरह, साल 2025 में उत्तर प्रदेश के संरक्षित क्षेत्रों में वन्य जीवों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार दुधवा टाइगर रिजर्व में वन्य जीव संख्या बढ़कर 1.13 लाख से अधिक, कतर्निया वन्य जीव प्रभाग में 17 हजार से अधिक और बफर जोन में करीब 15 से अधिक तक पहुंच गई। यह जैव-विविधता संरक्षण प्रयासों की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु नगर निगम लखनऊ द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित किया जाने वाला संपूर्ण समाधान दिवस इस माह आज (05 दिसंबर, शुक्रवार) को आयोजित किया जाएगा।

संपूर्ण समाधान दिवस में आएं व समाधान पाएं

यह कार्यक्रम महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में त्रिलोकनाथ सभागार, नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपन्न होगा। समाधान दिवस पर कर निर्धारण, सफाई, जलापूर्ति समेत अन्य समस्याओं का होगा समाधान किया जाएगा। गृहकर एवं जलकर से संबंधित विवाद, सफाई व्यवस्था, सड़कों, गलियों की मरम्मत, सीवर लाइन व ड्रेनेज, मार्ग प्रकाश (स्ट्रीट लाइट), कूड़ा उठान सहित शहरी सुविधाओं से जुड़े अन्य मुद्दों के निस्तारण हेतु समाधान दिवस में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नागरिकों से अनुरोध है कि वे 05 दिसंबर को आयोजित समाधान दिवस में समय से पहुँचे और अपनी शिकायत से संबंधित आवश्यक दस्तावेज अवश्य साथ लाएँ, जिससे कार्यवाही सुचारु रूप से हो सके। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस न केवल शिकायतों के निस्तारण का माध्यम है, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण मंच है। नगर निगम का उद्देश्य है कि नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की संयुक्त उपस्थिति में उनकी समस्याओं का सुगम, त्वरित व पारदर्शी समाधान प्राप्त हो।

# 3-यूपी नेवल यूनिट एनसीसी ने भव्यता व देशभक्ति के साथ मनाया नेवी दिवस 2025

**समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।**

3 यूपी नेवल यूनिट एनसीसी, लखनऊ ने बोट पूल में भारतीय नौसेना के साहस, समर्पण और समुद्री उत्कृष्टता को नमन करते हुए नेवी दिवस–2025 का आयोजन गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ किया। यह समारोह 1971 के भारत–पाक युद्ध में भारतीय नौसेना की निर्णायक जीत तथा ऐतिहासिक 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' की स्मृति को समर्पित रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमांडर सुमित घोष (सेवानिवृत्त), विशिष्ट पनडुब्बी अधिकारी एवं 'ऑपरेशन–विजय' तथा 'ऑपरेशन पराक्रम' के पूर्व नौसैनिक ने अपनी सम्मानित उपस्थिति दर्ज कराई। विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप



मुख्यालय, लखनऊ तथा कमांडर गौरव शुक्ला, कमांडिंग ऑफिसर, 3 यूपी नेवल यूनिट एनसीसी ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। नेवी डे समारोह में एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत विविधतापूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा। कैडेटों ने भाषण, काव्य–पाठ, एकल एवं सामूहिक नृत्य, तथा मनमोहक गायन प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति और एनसीसी भावना का प्रभावी प्रदर्शन किया।

# यूपीपीसीएस-2025 मुख्य परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग के लिए 12 दिसंबर तक करें आवेदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रतिभाशाली युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग ने यूपीपीसीएस-2025 मुख्य परीक्षा के लिए विशेष निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम शुरू किया है। विभाग के मुताबिक, प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी 12 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गोमती नगर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन में आयोजित किया जाएगा।

समाज कल्याण विभाग की पहल

**आवेदन प्रक्रिया व दस्तावेज**

आवेदन के साथ प्रारम्भिक परीक्षा प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा शैक्षिक प्रमाणपत्रों की प्रतियां जमा करना अनिवार्य होगा। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को 2000 रुपये की कॉशन मनी भी जमा करनी होगी।

**कोचिंग में उपलब्ध सुविधाएं**

संस्थान अभ्यर्थियों को निःशुल्क हॉस्टल, भोजन और लाइब्रेरी की सुविधा प्रदान करेगा। इसके साथ ही विषय विशेषज्ञों की नियमित कक्षाएं, मुख्य परीक्षा केंद्रित उत्तर लेखन अभ्यास, मॉडल टेस्ट, परीक्षा पैटर्न आधारित विशेष सत्र और आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।विभाग का कहना है कि यह पहल कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले प्रतिभावान अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की बेहतर तैयारी का अवसर प्रदान करेगी।

भागीदारी भवन के संयुक्त निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि यह सुविधा केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के वे अभ्यर्थी जिनकी पारिवारिक आय 6 लाख रुपये से कम है और जिन्होंने यूपीपीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2025 उत्तीर्ण की है, उन्हें लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।

# विश्व हिंदू रक्षा परिषद का सनातन धर्म पर टिप्पणियों के खिलाफ प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में फावड़ा लेकर नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता विधानसभा की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने बेरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया गया। प्रदर्शन के दौरान मौलाना मदनी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी और तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर के खिलाफ तीखा विरोध व्यक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि हिंदू धर्म और देवी–देवताओं के खिलाफ की जा रही टिप्पणियाँ असहनीय हैं और हिंदू समाज की भावनाओं से खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि ऐसे बयानों देने वाले नेताओं पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो और सख्त कार्रवाई की जाए। राय ने यह भी कहा कि जिहादी विचारधारा वाले लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो परिषद देशभर में बड़ा आंदोलन करेगी। संगठन के नेता गोपाल राय ने लव जिहाद, लैंड जिहाद और शिक्षा जिहाद को समाज को बाँटने वाली गंभीर चुनौतियाँ बताया और कहा कि सरकार को इन पर जल्द निर्णायक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने बताया कि हिंदू समाज को जागरूक करने और धार्मिक स्थलों की मर्यादा की रक्षा के लिए 5 दिसंबर को लखनऊ से मथुरा तक एक विशेष यात्रा निकाली जाएगी।

# अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, 13,812 बोतल विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13,812 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद की।

पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई एक दिन पूर्व तीन दिसंबर की देर रात लखनऊ में टोल प्लाजा सीतापुर रोड पर की गई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरील कुमार के रुप में हुई है। उसके पास से भारी मात्रा में शराब के साथ एक आयशर ट्रक , 5700 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन, डीजल और बोरी भी बरामद की गई।

बरामद शराब में रॉयल स्टैग बैरल सेलेक्ट की 2052 बोतलें, ओल्ड हैबिट व्हिस्की की 7488 पेट बोतलें, ऑल सीजन्स गोल्डन कलेक्शन रिज़र्व व्हिस्की की 3840 पेट बोतलें तथा ब्लैक बकार्डी रम की 432 बोतलें शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ को जानकारी मिली थी कि बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद चोरी-छिपे अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। इसी सूचना पर एसटीएफ की विभिन्न ईकाइयों/टीमों को विशेष



सतर्कता रखते हुए अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके बाद एसटीएफ उत्तर प्रदेश की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर एक दिन पूर्व आरोपी को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका गिरोह बिहार में शराब बंदी होने का फायदा उठाकर उत्तर प्रदेश से अवैध विदेशी शराब की तस्करी करता है। पंजाब एवं अन्य राज्यों से शराब मंगाकर बिचौलियों के माध्यम से बिहार के अलग-अलग जिलों में सप्लाई करते हैं। गिरफ्तार तस्कर ने स्वीकार किया कि बरामद शराब को चंपारण निवासी एक व्यक्ति ने लोड कराया था और बिहार में पहुंचने पर उसे मोटा भुगतान किया जाना था।

एसटीएफ ने आरोपी के खिलाफ थाना इटौंजा, लखनऊ में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। टीम ने तस्करी में शामिल अन्य लोगों की तलाश तेज कर दी है।

**शोध** — लखनऊ विश्वविद्यालय की बड़ी खोज

# पान के पत्ते में मिला अल्जाइमर के उपचार का सुराग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** धार्मिक-सांस्कृतिक व स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण पान के पत्ते ने अब अल्ज़ाइमर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज की नई उम्मीद जगाई है। लखनऊ विश्वविद्यालय की बायोजेरन्टोलॉजी और न्यूरोबायोलॉजी प्रयोगशाला में वैज्ञानिकों की एक टीम ने पान के पत्ते में पाए जाने वाले एक विशेष प्राकृतिक तत्व हाइड्रॉक्सीचाविकोल को दवा के रूप में इस्तेमाल किए जाने की संभावनाओं का पता लगाया है।

अल्ज़ाइमर रोग को दुनियाभर में डिमेंशिया का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। इस बीमारी में धीरे–धीरे याददाश्त और सोचने–समझने की क्षमता कम होती जाती है। अभी तक इस रोग का पूरा इलाज मौजूद नहीं है, और जो दवाएँ मिलती हैं वे सीमित राहत ही दे पाती हैं। इसी कारण वैज्ञानिक लगातार नई दवाओं की तलाश में जुटे हैं।

गुरुवार को शोध का नेतृत्व कर रहे डॉ. नितीश राय ने बताया कि शोध के दौरान कम्प्यूटर आधारित तकनीकों से यह देखा गया कि हाइड्रॉक्सीचाविकोल शरीर के उन प्रोटीनों पर कैसे असर डालता है जो अल्ज़ाइमर से जुड़े होते हैं। उन्होंने बताया कि शोध के दौरान ऐसे 88 जीनों की पहचान की गई, जो इस तत्व और बीमारी दोनों से जुड़े पाए गए। इनमें से COMT, HSP90AA1 और GAPDH नाम के तीन प्रोटीन सबसे अहम साबित हुए। ये प्रोटीन दिमाग में संदेश पहुंचाने और मस्तिष्क कोशिकाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोध से यह भी पता चला कि यह तत्व इन प्रोटीनों से अच्छी तरह जुड़ता है और बीमारी से जुड़े कई कारणों पर एक साथ असर डाल सकता है। इसमें दवा जैसे गुण पाए गए हैं और यह शरीर में आसानी से अवशोषित हो सकता है। इसलिए भविष्य में इसे मौखिक दवा यानी गोली के रूप में विकसित किया जा सकता है।





डॉ. नितीश राय के मुताबिक यह खोज अभी शुरुआती चरण में है और इसे आगे प्रयोगशाला व मरीजों पर परीक्षणों के बाद ही उपयोग में लाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पान के पत्ते में पाया जाने वाला यह तत्व सस्ता, सुरक्षित और आसानी से उपलब्ध हो सकता है, इसलिए इसे एक बेहतर विकल्प के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। फिलहाल, यह शोध भारतीय परंपरागत औषधियों की ताकत को दुनिया के सामने लाने वाला है। यदि भविष्य में परीक्षण सफल रहे, तो यह खोज लाखों लोगों को अल्ज़ाइमर से राहत देने में बड़ी भूमिका निभा सकती है। गौरतलब है कि अल्जाइमर में मस्तिष्क की कोशिकाओं का आपस में संपर्क खत्म हो जाता है और वे मरने लगती हैं। प्राय- यह 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में पाया जाता है। अल्जाइमर में मस्तिष्क में कुछ रसायनों की मात्र भी कम होने लगती है। ये रसायन मस्तिष्क में सूचनाओं के आदान–प्रदान के लिए जरूरी होते हैं। अल्जाइमर एक लगातार बढ़ने वाला रोग है। जैसे–जैसे यह रोग बढ़ता जाता है, मस्तिष्क का अधिक से अधिक भाग क्षतिग्रस्त होता जाता है और लक्षण ज्यादा गंभीर हो जाते हैं। अल्जाइमर की शुरुआत में याददाश्त कमजोर हो जाना और बात करने में सही शब्द ढूंढने में कठिनाई होना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। जैसे–जैसे यह बीमारी बढ़ती है, रोगी भ्रमित हो जाता है और बार–बार लोगों के नाम, स्थान और हाल–फिलहाल में हुई घटनाओं को भूलने लगता है। बार–बार मूड बदलने लगता है, अपनी याददाश्त के कमजोर पड़ने से दुखी, क्रोधित और हताश महसूस करने लगता है। आत्मविश्वास कम होने से लोगों से कटा–कटा रहने लगता है। चीजें यहां-वहां रखकर भूल जाता है।



## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1420/ई.ई.-3/2025-26 दिनांक- 04.12.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 11.12.2025 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 11.12.2025 को समय 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदाएं उसी दिन अधोहस्ताक्षरी में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायं काल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying & Jointing work 119Mtr 90mm Dia PVC pipe line in front of house no. 536/2/663a (Dr Ali ur rhman) to main road ayodhya das 1st ward | 3000.00 | 200 | 07 दिवस |
| 2. | Laying & Jointing work 124Mtr 90mm Dia PVC pipe line in front of house of Mohan Verma to house no. 536/2/533 ayodhya das 1st ward | 3000.00 | 200 | 07 दिवस |
| 3. | Leakage Repair work of 250mm AC pipe at 536/1/274/1 Madehganj Karbala Road | 2200.00 | 150 | 07 दिवस |
| 4. | Reboring of 1.5hp Submersible pump 01 Nos ayodhya das 1st ward | 3300.00 | 200 | 07 दिवस |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्यदिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**लखनऊ**

# बालिकाओं की शिक्षा-सुरक्षा तथा समग्र विकास सर्वोच्च प्राथमिकताः सीडीओ

▸ स्वास्थ्य सेवाएं सुगम-समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से आमजन तक पहुंचे



शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र का सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने औचक निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता एवं बालिकाओं को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं को देखा। जिसमें शैक्षिक गुणवत्ता, मिड-डे मील व्यवस्था तथा हॉस्टल सुविधाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों की समीक्षा की गई और आवश्यक सुधार के लिए सीडीओ ने विद्यालय प्रशासन को स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए। सीडीओ ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा तथा समग्र विकास सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया है। सीडीओ ने बच्चों की खुद क्लास लेकर उनकी शिक्षा की गुणवत्ता का टेस्ट लिया। इस दौरान बीएसए दिव्या गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर सीडीओ ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोदीपुर एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अहमदपुर रेती का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, औषधि स्टॉक, रजिस्टर संधारण तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुगम, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से आमजन तक पहुंचे।

## 21 दिसंबर को किया जाएगा राहगीरी का आयोजनः सीडीओ



**शाहजहांपुर।** जनपद में राहगीरी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सीडीओ डा. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। सीडीओ ने 21 दिसंबर को होने वाले राहगीरी कार्यक्रम की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। राहगीरी एक लोकप्रिय सार्वजनिक आयोजन है जिसमें शहरवासी सुबह वाहन-रहित सड़कों पर व्यायाम, खेल, संगीत और सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेते हैं, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जनपद में राहगीरी कार्यक्रम आयोजित करने के निर्णय लिया गया है। डीएम द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सीडीओ ने बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि राहगीरी एक जन-उन्मुख और पर्यावरण-हितैषी आयोजन है, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना, वाहन-रहित सड़कों को प्रमोट करना तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। यह आयोजन 21 दिसंबर को खिरनीबाग चौराहे पर सुबह 6:30 बजे से 10 बजे तक संपन्न होगा, जहां इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का वाहन आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सीडीओ ने कार्यक्रम की रूप रेखा और गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि राहगीरी के चार मुख्य जोन में विभाजित किया गया हैकिड्स जोन, यूथ जोन, सिटीजन जोन तथा वृद्ध जोन, जहां अलग-अलग आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। किड जोन में वॉलीबॉल, खो-खो, पीटी, ताइक्वांडो जैसे खेलों का प्रदर्शन किया जाएगा, वहीं यूथ जोन में ज़ुम्बा, डांस और विशेष गतिविधियों का आयोजन होगा। सिटीजन जोन में आर्ट, रंगोली, कार्टून, इन्फॉर्मेशन डेस्क सहित विभिन्न इंस्टॉल लगाए जाएंगे। वृद्ध जोन में योगा सत्र, हेल्थ कैंप, म्यूजिक एवं सिंगिंग, चाय पर चर्चा तथा गीता पाठ की विशेष व्यवस्था की जाएगी। सीडीओ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्यक्रम की व्यापकता और अपेक्षित 2000 से अधिक प्रतिभागियों की संभावित उपस्थिति को देखते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। प्रत्येक जोन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का पूर्व निरीक्षण करने, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा गतिविधियों के सुचारु संचालन हेतु पूरी रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, एआर कॉपरेटिव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मारपीट मामले में तीन सगे भाई नामजद

**तिलहर, शाहजहांपुर।** दरवाजे पर बैठे ग्रामीण व उसकी पत्नी और बेटियों को लाठी डंडों से पीटने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने गांव के ही तीन सगे भाइयों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के हम धनेला निवासी शिवकुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 27 नवंबर को शाम करीब पांच बजे वह अपने दरवाजे पर बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही बबलू व राजपाल पुत्र मंगलीराम तथा राजपाल के बेटे जितेंद्र लाठी डंडे लेकर आ गये और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने उक्त तीनों ने उसे, पत्नी रामकुमारी वो बेटी मधु और कुसमा को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी का डॉक्टरी मुआयना कराया है।

## खबरें एक नजर में

### पानी टंकी का इनवर्टर बैटरी चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, शाहजहांपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में बनी पानी की टंकी का इनवर्टर व बैटरी चोरी होने की ऑपरेटर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिथनापुर निवासी अश्वनी कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि गांव की पानी टंकी का 29 अक्टूबर की रात इनवर्टर व बैटरी चोरी हो गई। वहीं कचरा खाना की दीवार की कुछ ईंटें भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### जमीन के बैनामे में फर्जी चेक देने का आरोप, तीन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, शाहजहांपुर।** जमीन का बैनामा करा कर दो लाख रुपए का फर्जी चेक देने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। जनपद बरेली की तहसील फरीदपुर के गांव रमपुरा कमन निवासी सूरजमुखी पत्नी जयवीर ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 13 अगस्त को तिलहर में एक जमीन का बैनामा कराकर दो लाख रुपए का चेक दिया गया था। जिसका 17 अक्टूबर को जब वह भुगतान लेने बैंक गई तो बैंक मैनेजर द्वारा उक्त खाते में पर्याप्त धनराशि न होने तथा चेक फर्जी होने की बात कही। जब उक्त लोगों को बताया वह गली गालूज करने लगे। पीड़ित महिला ने नवाबगंज तहसील क्षेत्र के सैंथल के गांव फाजिल पुर निवासी जगदीशपाल पुत्र सुन्दरलाल सतेन्द्र कुमार पुत्र जगदीशपाल व पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र स्व चेतराम गंगवार डंडियों सफदरअली तह नवावगंज के खिलाफ धोखाधड़ी की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### आटा चक्की में वृद्धा की साड़ी फंसी, मौत

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** नयागांव मैसूलपुर में बुधवार सुबह आटा चक्की के पट्टे में साड़ी का पल्लू फंसने से 60 वर्षीय सुनीता की मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमॉर्टम कराए शव अंतिम संस्कार कर दिया। सुनीता के तीन बेटे हैं। वह अपने सबसे छोटे बेटे विशाल के साथ रहती थीं। विशाल ने मकान में ही आटा चक्की लगा रखी है। बताते हैं कि बुधवार की सुबह करीब छह बजे बिजली आने पर विशाल ने गेहूं पीसने के लिए चक्की चलाई। इस बीच सुनीता उठकर घर के बाहर की ओर जाने लगीं। तभी उनकी साड़ी का पल्लू आटा चक्की के पट्टे में फंस गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। अस्पताल ले जाने से पूर्व उनकी मौत हो गई। शव को देख उनके बेटे विशाल, राजू व निर्देश का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया। इंस्पेक्टर राजीव तोमर ने बताया कि इस मामले की उन्हें जानकारी नहीं दी गई है।

### वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सड़क हादसे में घायल महिला की मौत के मामले में पति की तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जनपद कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य गांव गढ़ी मजरा बढ़ौला निवासी जितेंद्र ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है कि उनकी पत्नी किरन अपने फूफा रणधीर के घर थाना सिधौली क्षेत्र के गांव चककनहऊ में शादी समारोह में शामिल होने आई थी 1 दिसंबर को मेरी पत्नी किरन व जनपद लखीमपुर खीरी के गांव असौआ निवासी सुशीला देवी के साथ हाईवे के किनारे वाले मकान से गांव वाले मकान में रोड पार कर जा रही थी पुवायां की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने दोनों के टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। मेरी पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने जितेंद्र सिंह की तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### तनवीर ने एसआईआर को लेकर किया जागरूक



**शाहजहांपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में 4 नवंबर से लागू हुई विशेष गहन पुनरीक्षण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया को लेकर बृहस्पतिवार को विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक ददरौल के ग्राम शाहबाजनगर में उच्च प्राथमिक विद्यालय में सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने पहुंचकर बीएलओ व बीएलए से एसआईआर के तहत भरे हुए फ़ार्मों की जानकारी ली और मतदाताओं को जागरूक किया। इस मौके पर गुफ़रान खान, भाईलाल वर्मा, सतीश वर्मा, राम किशोर वाल्मीकि, रजत वाल्मीकि, मोहम्मद नबी नेहल खां, मुश्ताक सलमान हजारी, सलीम, बबलू, सुमित, अर्जुन, मनोज वाल्मीकि, शानू मंसूरी, अहमद हसन इदरीसी, नूर आलम मंसूरी मौजूद रहे।

### गाजियाबाद में वेट लिफ्टिंग वूमेन लीग में भाग लेगी रोली



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** अस्मिता खेलो इंडिया जोनल वेट लिफ्टिंग वूमेन लीग 2025 जो 5 दिसंबर से मोदीनगर गाजियाबाद में आयोजित होगी। जिसमें विकासखंड सिंधौली की ग्राम पंचायत महादुर्ग की रोली वर्मा पुत्री अजय पाल वर्मा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी की बेटी प्रतिभाग करेगी। जिन्होंने हाल ही में 29 नवंबर को आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग वूमेन लीग शाहजहांपुर में 48 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया था। रोली वर्मा स्पोर्ट्स स्टेडियम शाहजहांपुर की रजिस्टर्ड खिलाड़ी है। वह अपने पिता व प्रशिक्षक अजय पाल वर्मा से प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। वह इससे पूर्व भी कई प्रतियोगिताओं में प्रतिभा कर चुकी है। रोली वर्मा को खेल में आगे बढ़ने में जिला क्रीड़ा अधिकारी सुरेंद्रपाल बामनिया का विशेष सहयोग रहता है।

### खरीद केंद्र कागजों परः अभी तक शुरू नहीं हुई उड़द, मूंग, तिल, मूंगफली की खरीद

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में उड़द, मूंग, तिल और मूंगफली की खरीद के लिए छह केंद्र कागजों पर स्थापित कर दिए गए हैं, लेकिन हकीकत में अभी तक इन केंद्रों पर खरीद शुरू नहीं हुई है। यह जानकारी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत दी गई है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 06 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें बी-पैक्स रत्नापुरबेला शाखा जलालाबाद मंडी, बी-पैक्स लि. फरीदापुर शाखा जलालाबाद मंडी, बी-पैक्स लि. मनोरथपुर समिति भवन, बी-पैक्स लि. चौराबगरखेत शाखा जलालाबाद मंडी, बी-पैक्स लि. मिर्जापुर शाखा जलालाबाद मंडी और बी-पैक्स लि. गुलड़िया शाखा जलालाबाद मंडी शामिल हैं। हालांकि, इन केंद्रों पर आज तक एक भी दाना नहीं खरीदा गया है। अधिकारियों द्वारा इसका कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया जा रहा है। मंडी में भी इन केंद्रों के बारे में किसी को जानकारी नहीं है और न ही कोई पोस्टर या बैनर लगाए गए हैं, जिससे किसानों को इसकी सूचना मिल सके।

## सचिव ने बच्चों को चॉकलेट देकर मुंह मीठा कराया



शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओम प्रकाश मिश्र-तृतीय द्वारा बालगृह बालक, नवादा इन्देपुर का निरीक्षण किया गया। वहां पर 44 बच्चे होना बताया गया, जिसमें 31 बालक व 13 शिशु हैं। अधीक्षक रामविनय उपस्थित मिले। साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्था का जायजा लिया गया। बच्चे उपस्थित पाये गये। दोपहर के भोजन में साभर, रोटी, चावल, अचार, सलाद आदि दिया गया था। वहां पर नियुक्त पीएलवी राजवती उपस्थित मिलीं जोकि बच्चों को निःशुल्क सलाह देने का कार्य करतीं हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा की उपस्थित में सचिव द्वारा सभी बच्चों को ट्रैकसूट व चप्पल का वितरण किया गया। साथ ही सचिव ने बच्चों को चॉकलेट देकर मुँह भी मीठा कराया। उक्त के अतिरिक्त सचिव द्वारा परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये गये।इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक मो. अफजल आदि मौजूद रहे।

## प्रदूषण निवारण पर विचार संगोष्ठी आयोजित



**शाहजहांपुर।** ठाकुर रोशन सिंह संघटक राजकीय महाविद्यालय नवादा दरोबस्त कटरा में बृज विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान में प्रदूषण निवारण पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर के पूर्व प्रोफेसर लेफ्टिनेंट शिव ओम सिंह ने प्रदूषण निवारण हेतु जनसहभागिता विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो. शिव ओम सिंह ने प्रदूषण के स्थानीय कारक एवं इसके निवारण हेतु विद्यार्थियों में वैज्ञानिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुज सक्सेना ने स्वागत संबोधन में इनडोर वायु प्रदूषण तथा वायु गुणवत्ता मानकों पर चर्चा की। डॉ. सुरेंद्र पाल गंगवार ने अतिथि वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेनू पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक आचार्य तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## फार्मर रजिस्ट्री न कराने पर सरकारी योजनाओं से हो सकते वंचितः विकास




**शाहजहांपुर।** जनपद में किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य से कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है। शासन की ओर से किसानों के डिजिटल डेटाबेस को तैयार कराने की यह महत्वपूर्ण पहल दिख रही है। साथ ही रजिस्ट्री नहीं कराने वाले किसानों को अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समेत अन्य सरकारी योजनाओं से भी वंचित होना पड़ सकता है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जिले में 58 फीसदी किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री हो चुकी है। 42 फीसदी फार्मर रजिस्ट्री बाकी हैं। शासन के निर्देश पर यह अभियान चल रहा है।

**रजिस्ट्री नहीं कराई तो अन्य योजनाओं का भी नहीं मिलेगा लाभः** जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को सम्मान निधि सहित कई योजनाओं का लाभ बिना किसी झंझट के मिलेगा, लेकिन जिन किसानों ने अब तक रजिस्ट्री नहीं कराई है, वे इन सुविधाओं से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसान अपने निकटतम जन सेवा केंद्र या कृषि विभाग के सुविधा केंद्रों पर जाकर रजिस्ट्री करवा सकते हैं।

## किसानों ने ठेकेदार पर गन्ने से भरी ट्रॉली अनलोडिंग न करने का लगाया आरोप



मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

चीनी मिल तिलहर के एक गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों ने गुरुवार को ठेकेदार पर गन्ने से भरी ट्रॉली अनलोडिंग न करने का आरोप लगाया है। ग्राम वीरमपुर से खिरिया सक्तू मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के पास गन्ना क्रय केंद्र संचालित है। जहां पर ग्राम सैंजना व बीरमपुर के किसान गन्ना तुलवाने के लिए जाते हैं। गन्ना क्रय केंद्र पर गन्ने से भरी ट्रॉली अनलोडिंग करके ट्रक में लोड करने का ठेका शानू ठेकेदार के पास है। मनोज कुमार गंगवार अतुल कुमार गंगवार, दुष्यंत गंगवार सहित कई किसानों ने ठेकेदार शानू पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीते दिवस से ट्रक न आने और लापरवाही बरतने से गन्ना क्रय केंद्र पर तौल नहीं हुई है। किसानों ने ठेकेदार शानू पर ट्राली से गन्ने की अनलोडिंग न करने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि गन्ना तुलने के बाद ठेकेदार की जिम्मेदारी है कि वह गन्ने से भरी ट्रॉली को खाली कराए, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते गन्ना क्रय केंद्र पर ट्रालियों की भीड़ लगी हुई है। किसान अतुल कुमार गंगवार ने बताया कि 1 दिसंबर 25 को भी गन्ने की तौल नहीं हुई थी। तभी से आज तक गन्ने से भरी ट्रॉलिया खड़ी हुई है जिस कारण उनके गन्ने का वजन भी कम हो रहा है। किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। क्रय केंद्र पर समय से ट्रक न आने से दो ट्रालियों का गन्ना मजबूरन प्राइवेट बिक्री के लिए ले जाया गया है और चीनी मिल तिलहर के सीसीओ व जीएम को भी मामले से अवगत कराया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी। किसानों का कहना है कि ठेकेदार शानू को वीरमपुर क्रय केंद्र से हटाकर किसी अन्य ठेकेदार को नियुक्त किया जाए। इस दौरान मनोज कुमार गंगवार, अतुल कुमार गंगवार, दुष्यंत गंगवार, राजेश गंगवार, राकेश गंगवार, अशोक कुमार, हेतराम गंगवार, महबूब, रामआसरे, वीरेंद्र गंगवार, कल्लू, सुरेंद्र गंगवार, सुधीर कुमार, तौलेराम, शाह मोहम्मद, इंत्याज़, सुलेमान, अख्तर, कयूम सहित कई किसान उपस्थित रहे।

## छह यातायात पुलिसकर्मी कटरा में भी तैनात



मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

नगर में आये दिन हो रहे सड़क हादसे और जाम की समस्या को देखते हुए पुलिस अधिक्षक राजेश द्विवेदी ने छह यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी कस्बा मीरानपुर कटरा के मुख्य चौराहे और खैरपूर चौराहे पर लगाई है। बता दें कि नगर के मुख्य चौराहे पर डग्गामार वाहन और परिवहन विभाग की बसें खड़ी होती हैं जिससे जाम की समस्या बनी रहती है स्कूल से आने एवं जाने बाले बच्चों को काफी परेशानी होती है जिसको दुरुस्त करने के लिए यातयात पुलिस विभाग के अभिषेक कुमार, कर्ण कुमार, अमित कुमार, अंकित कुमार, ने गुरुवार को बिना हेलमेट मोटरसाइकिलों के चालान काटे और रोडबेज बस चालकों को कड़ी चेतावनी देकर कहा कि बसों को रोडबेज परिसर में खड़ा करें अन्यथा चालान काट दिए जाएंगे। खैरपुर चौराहे पर सड़क हादसे की समस्या को लेकर दो यातायात पुलिस कर्मी, राजीव व रोहित ने खैरपूर चौराहे पर लोगों को यातायात के बारे में जानकारी दी जिससे खैरपुर चौराहे पर सड़क हादसों से लोगों को बचाया जा सके।

## नाबालिग लड़की को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार, भेजा गया जेल



तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

छह दिन पूर्व स्कूल की कहकर घर से निकली नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर गैर समुदाय के युवक द्वारा भगा ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट के तहत जेल भेज दिया है।

नगर क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने पूर्व में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि बीती 29 नवंबर को सुबह नौ बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी स्कूल ड्रेस में स्कूल जाने की कहकर गई थी। शाम पांच बजे तक घर न पहुंचने पर उसकी काफी तलाश की। पीड़ित पिता ने नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी तस्लीम पुत्र हनीफ के खिलाफ बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़ित की बेटी को सर्विलांस के जरिए पहले ही बरामद कर लिया था। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी तस्लीम को भी जैतीपुर रोड स्थित सहमापुर नगर पुलिया के समीप से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पॉस्को एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।

## माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

कायस्थ समाज के गौरव, भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित एवं संविधान सभा के अध्यक्ष भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद एवं सबसे कम उम्र के युवा क्रांतिकारी, जिन्होंने मात्र 19 वर्ष की आयु में देश के लिये अपने प्राण न्यौछावर करने वाले खुदीराम बोस की जयंती सभा के संरक्षक सीए संजय सक्सेना के प्रताप इन्क्लेव स्थित आवास पर



विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई। जयंती में कृपाशंकर सक्सेना, पवन कुमार सक्सेना, बालकृष्ण श्रीवास्तव, राजीव सक्सेना, अवनीश कुमार सक्सेना, वीरेन्द्र कुमार सक्सेना, स्वदेश कुलश्रेष्ठ, प्रशांत कुमार सक्सेना, पवन सहाय, विशाल सक्सेना, हिमांशु सक्सेना, अनूप सक्सेना, डा. विजय जौहरी, गौरव सक्सेना, नीरज सक्सेना, शिव कुमार आदि चित्रांश उपस्थित रहे। अन्त में महासभा के पूर्व कोषाध्यक्ष नवनीत रंजन सक्सेना के पिता गिरीश चंद्र सक्सेना के निधन पर सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## 11वें दिन यूथ इलेवन और एसएसएमवी इलेवन ने बिखेरा जलवा

▸ प्लेग्राउंड पर रहा दर्शनीय रोमांच, वरुण और अनिल बने मैन ऑफ द मैच




शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग का ग्यारहवां दिन बेहद खास एवं ज़रा हटकर रहा। वजह यह रही कि आज प्लेग्राउंड पर चार टीमों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आज दो मैचों का आयोजन किया गया जिसमें पहला मैच स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की टीम यूथ-11 तथा स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय की टीम एसएसएलसी-11 के मध्य खेला गया। खेल के मैदान पर मौजूद दर्शकों की भीड़ का रोमांच एवं उत्साह देखने के काबिल था। मैच का टॉस यूथ-11 टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इस टीम ने 16 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 198 रनों का स्कोर खड़ा किया। एसएसएलसी-11 की टीम ने जवाबी पारी में यद्यपि बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन लक्ष्य के दबाव में यह टीम सारे ओवर नहीं खेल सकी और 12.3 ओवर में 93 रन बनाकर आलऑउट हो गई। नतीजतन जीत यूथ-11 के नाम रही। यूथ-11 के कप्तान अभिषेक दीक्षित ने 44 गेंदों पर 4 छक्के और 10 चौके जड़कर 92 रन की धुंआधार पारी खेली। वहीं यूथ-11 के ही खिलाड़ी वरुण कुमार ने 24 गेंदों पर 3 छक्के और 6 चौके जड़कर अर्धशतक पूरा किया। शानदार पारी खेलने के साथ साथ विपक्षी टीम के 3 विकेट चटकाने के कारण वरुण को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। दूसरा मैच स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज की टीम एसडीएस-11 तथा श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ की टीम एसएसएमवी-11 के मध्य हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएसएमवी-11 ने 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 203 रन बनाए जबकि एसडीएस-11 की टीम 10.2 ओवर में मात्र 54 रन बनाकर ही धराशायी हो गई। 25 गेंदों पर 7 छक्के और 3 चौके लगाकर 62 रन मारने वाले अनिल सिंह को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। खेल की बेहतरीन एवं प्रभावशाली कमेंट्री डॉ आलोक सिंह एवं डॉ अंकित अवस्थी के द्वारा की गई। इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई हेतु कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ अवनीश मिश्र, संजीव बंसल, प्रो अजीत सिंह चारग, डॉ प्रांजल शाही, डॉ शालीन सिंह, डॉ राजीव कुमार, डॉ रमेश चंद्रा, सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे: एसपी सिटी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ एसपी सिटी की अध्यक्षता में साइबर हेल्प डेस्क प्रभारियों की गोष्ठी संपन्न

एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशन में पुलिस लाइन सभागार में एसपी सिटी देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सीओ साइबर क्राइम एवं जनपद के सभी थानों पर गठित साइबर हेल्पडेस्क प्रभारियों की गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में साइबर अपराध रोकने के उपाय, पंजीकृत अभियोगों की विवेचना एवं निस्तारण प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, साइबर गोल्डन आवर आदि विषयों पर दिशानिर्देश दिए गए। इस अवसर पर जनपद के साइबर थाना, साइबर सेल के कर्मचारी व अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में एसपी सिटी ने कहा कि साइबर अपराध से बचाव के लिए सभी प्रभारी लोगों को सोशल मीडिया, स्कूल-कॉलेजों एवं जनसभाओं में जागरूक करें। उपयोगकर्ताओं को धोखाधड़ी से बचने हेतु मजबूत पासवर्ड, दो-चरणीय प्रमाणीकरण, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने तथा ऑनलाइन लेन-देन में सतर्कता के विषय में निर्देशित किया जाएगा। इसके अलावा सभी साइबर हेल्पडेस्क प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि दर्ज अभियोगों की त्वरित विवेचना सुनिश्चित करें। तकनीकी सहायता एवं विशेष टीमों




के माध्यम से जांच को तेज किया जाएगा ताकि अभियोगों का शीघ्र निस्तारण किया जा सके। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। प्रत्येक प्रभारी शिकायतों को प्राथमिकता से देखेगा एवं पीड़ितों को समाधान की जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराएगा। साइबर अपराध, विशेषकर वित्तीय धोखाधड़ी की स्थिति में प्रारंभिक घड़ी बहुत महत्वपूर्ण होती है। लोगों को जागरूक कर बताएं कि घटना की सूचना तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर दें तथा बैंक को लेन-देन रोकने हेतु सूचित करें, जिससे धोखाधड़ी के दौरान धन की रिकवरी सुनिश्चित की जा सके। जिले के सभी थानों में स्थापित साइबर हेल्पडेस्क को पूरी तरह सक्रिय रखा जाएगा। हेल्पडेस्क प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे किसी भी साइबर अपराध की सूचना को त्वरित रूप से दर्ज करें और आवश्यक सहायता प्रदान करें। एसपी सिटी ने कहा प्रत्येक थाना क्षेत्र में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। स्कूल, कॉलेज और सामुदायिक संगठनों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा ताकि लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी, मालवेयर, भ्रामक सूचनाएँ इत्यादि से बचने के उपाय सीख सकें। साथ ही पुलिस के साइबर सेल अधिकारियों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने हेतु नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कालेज संरक्षक की जयंती पर प्रतियोगिता आयोजित

▸ पुवायां इंटर कालेज में हुई प्रतियोगिता, छात्रों को ऊनी वस्त्र भी बांटे गए

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर के इंटर कॉलेज में दिवंगत राजा की जयंती के उपलक्ष में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजयी छात्रों को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा गरीब छात्रों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। नगर के पुवायां इंटर कॉलेज पुवायां में बृहस्पतिवार को विद्यालय के दिवंगत संरक्षक स्वर्गीय राजा सुरेंद्र सिंह की जयंती मनाई गई। जिसमें विद्यालय के उपप्रबंधक कृष्ण पाल सिंह, विद्या परिषद सचिव गंगाराम मिश्रा, कोषाध्यक्ष शिव सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य डा. राकेश चंद्र मिश्रा, कृष्ण कुमार गुप्ता, राघवेंद्र शुक्ला तथा प्रधानाचार्य जेपी मौर्य द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मैत्री वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उप प्रबंधक कृष्ण पाल सिंह, गंगाराम मिश्रा, शिव सिंह एवं प्रधानाचार्य जेपी मौर्य ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में पुवायां इंटर कॉलेज पुवायां एवं चकझाऊ इंटर कॉलेज महासिर के बीच वॉलीबॉल मैच खेला गया। जिसमें पुवायां इंटर कॉलेज पुवायां टीम ने विजय हासिल की तथा चकझाऊ इंटर कॉलेज की टीम उपविजेता रही। पुवायां इंटर कॉलेज पुवायां की टीम में अरमान खान, निहाल खान, फैज खान, अनस खान, शहरोज अली, मोहिद रजा तथा चकझाऊ इंटर कॉलेज की टीम में अरस खान, मोहम्मद शरीफ नवाज, मोहम्मद गुफरान, जसप्रीत, सावान, ताजीम खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में मैच रेफरी बिलाल अनीत कुमार रहे। मैच का संचालन विद्यालय के पीटीआई आदेश कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के 40 छात्रों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। इस दौरान कॉलेज के संजीव कुमार मिश्रा, भुवनेश कुमार सिंह चौहान, राम अवतार, जमुना प्रसाद, राजेश कुमार, विनोद कुमार वर्मा, धर्मपाल वर्मा, महबूब आलम, सीताराम, राकेश कुमार, राकेश कुमार सुमन, राम बहादुर, संजीव कुमार, विमल कुमार, राजीव लोचन गुप्ता, सूरज प्रताप सिंह, हरि ओम, अनूप सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार, पुनीत कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

# एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित बीएलओ के नाम घोषित

▸ 20 बीएलओ को मोबाइल तथा 10 को दिया जाएगा कैश प्राइज

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करने की घोषणा की। इससे पूर्व भी जिलाधिकारी द्वारा बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को मोबाइल फोन एवं कैश प्राइज देकर प्रोत्साहित किया गया था। इसी क्रम में 4 दिसंबर को फेसबुक लाइव के माध्यम से जिलाधिकारी ने 30 नवम्बर तक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ में से लॉटरी द्वारा चयनित नामों की घोषणा की। जिलाधिकारी ने बताया कि 30 नवम्बर तक कुल 712




बीएलओ ने अपना कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया, जिनमें से 20 बीएलओ को एंड्रॉयड फोन और प्रत्येक विधानसभा से 10 बीएलओ को 2,000 का कैश पुरस्कार दिया जाएगा। कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष से फेसबुक लाइव के दौरान जिलाधिकारी ने लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से चयनित बीएलओ के नामों की घोषणा की और सभी को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# आध्यात्मिक दीप-प्रज्ज्वलन का पावन उद्घोष

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हरिद्वार के समस्त पावन तीर्थस्थलों से एकत्रित दिव्य तीर्थ रज के साथ बैरागी द्वीप पर वसुधा वंदन एवं भूमि पूजन समारोह अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। इससे जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारियों का शुभारंभ हुआ। अलौकिक अनुष्ठान भारत की प्राचीन तीर्थ परंपरा, साधना-संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम बनकर उभरा। पवित्र आयोजन का संचालन एवं मार्गदर्शन दल-नायक के रूप में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि डॉ. चिन्मय पण्ड्या के सान्निध्य में हुआ। जन्म शताब्दी वर्षपरम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा की 100वीं जयंती तथा दिव्य अखंड दीप के प्राकट्य के 100 वर्ष के यह पुण्य अवसर केवल स्मरण भर नहीं, बल्कि मानवता को संस्कार, साधना और समन्वय



की दिशा में जाग्रत करने वाले ऐतिहासिक पर्व हैं। आज का यह तीर्थ रज पूजन उसी युग-प्रारंभ की पावन प्रस्तावना है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, जगतगुरु शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद महाराज, संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्य के वरिष्ठ नेता मदन कौशिक, प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं युवा प्रेरक आदित्य कोठारी तथा हरिद्वार की मेयर किरण ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। डा. पण्ड्या ने अपने संदेश में कहा कि हरिद्वार के तीर्थों की यह पावन रज युगों से संचित तप, त्याग, साधना और संस्कृति की ऊर्जा संजोए हुए है। आने वाला शताब्दी वर्ष लोकमंगल और सांस्कृतिक चेतना के जागरण' को आधार बनाकर विश्व में नई प्रेरणा जगाएगा। आज का यह दिव्य क्षण केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आने वाले ऐतिहासिक शताब्दी-वर्ष के आध्यात्मिक दीप-प्रज्ज्वलन का पावन उद्घोष है। कार्यक्रम में गायत्री परिवार से जिला समन्वयक सूरज वर्मा के साथ परिजनों की टीम उपस्थित रही।

# आयुष्मान केंद्र चिल्हौटा पर हुआ सास, बेटा, बहू सम्मेलन



▸ मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ विवेक कुमार मिश्रा रहे मौजूद

**बंडा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सास-बहू व बेटा के बीच संवाद और रिश्ते को बेहतर बनाने, परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता व स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के उद्देश्य से सीएचसी बंडा के तीन उपकेंद्रों पर सास बेटा बहू सम्मेलन का आयोजन किया है। आयुष्मान केन्द्र चिल्हौटा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा मौजूद रहे। आयुष्मान केन्द्र चिल्हौटा पर आयोजित सास बेटा बहू सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सास और बहू के बीच की दूरी और पारिवारिक विवाद को कम करना व एक-दूसरे के प्रति सम्मान और समझदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि सीमित परिवार के फायदों और परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों,परिवार नियोजन और शिशु स्वास्थ्य से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना इस कार्यक्रम का मकसद है। डिप्टी सीएमओ डॉ वीके वर्मा ने बताया कि परिवार नियोजन जैसे महत्वपूर्ण निर्णय में बेटे की सहभागिता सुनिश्चित करना जरूरी है ताकि पत्नी व मां के साथ मिलकर निर्णय ले सकें। इस सम्मेलन के माध्यम से परिवार में बेहतर माहौल बनाने और आपसी समझदारी को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम में सास बहुओं को सम्मानित किया गया। डीएमएचसी अमित दुबे ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर आशा बहु, संगिनी एएनएम शैलजा, साक्षा, दिव्या, सीएचओ विकास, अंकुर, बीसीपीएम फरहा बी सहित क्षेत्र की सास बहुएं व बेटे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बीपीएम दिनेश शर्मा ने किया।

# लिफ्ट मांग कर जेब काटने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ निगोही की भी घटना का किया खुलासा, कबूला जुर्म

लगभग 12 दिन पूर्व विक्की से दवा लेने जा रहे व्यक्ति से लिफ्ट मांग कर उसकी जेब काटने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के गांव हरना नगला निवासी रामशरण पुत्र तोताराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 23 नवंबर की दोपहर लगभग 12:30 बजे वह घर से इलाज के लिए सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर अपनी भांजी आरती के घर जा रहा था। तभी रास्ते में पुवायां के गांव समुलिया गांव स्थित धर्म कांटा के सामने फौजी यूनिफॉर्म पहने एक व्यक्ति खड़ा था। जिसने हाथ देकर लिफ्ट मांगी। जिसके बाद पीड़ित ने उसे अपनी विक्की पर बैठा लिया। कुछ दूर चलने के बाद बड़ागांव की गोटिया पुलिया पर वह व्यक्ति उतर गया। जिसके बाद उसकी नजर अपनी जेब पर पड़ी तो देखा की जेब कट चुकी है और जेब में रखे 15 हजार रुपए गायब हो गए हैं। तब वह चिल्लाया तो फौजी यूनिफॉर्म पहने व्यक्ति तेज कदमों से दूसरी खड़ी बाइक पर बैठकर फरार हो गया। जिसके बाद उसने कोतवाली जाकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिसके बाद बुधवार



की रात्रि संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान नगर के दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल से बड़ागांव की ओर आने वाली बाइक को पुलिस ने रोका। जिस पर दो व्यक्ति सवार थे। पुलिस के रोकने पर बाइक चालक ने बाइक भगा दी। जिसमें पीछे बैठा व्यक्ति बाइक से गिर गया जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। जबकि बाइक चालक बाइक लेकर फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सर्वेश पुत्र सुरेश निवासी बारह पत्थर चौराहा थाना जलालाबाद बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक 12 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस, 3450 रुपए, एक आधार कार्ड तथा निगोही घटना से संबंधित 1500 रुपए बरामद हुए। अभियुक्त ने बताया कि 23 नवंबर को वह अपने साथी शनि उर्फ हौआ पुत्र राकेश निवासी बालाजी नगर अजीजगंज थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहांपुर तथा सोनू पुत्र मुन्नालाल निवासी अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर के साथ पुवायां क्षेत्र में शिकार की तलाश में आए थे। इसी दौरान अपने साथी सोनू से मिलकर एक व्यक्ति जो विक्की से आ रहा था उससे लिफ्ट मांग कर उसकी पैंट की जेब काटकर 15000 रुपए चोरी कर लिए। जिन्हें तीनों ने 5000-5000 करके बांट लिए। बरामद किए गए 1950 रुपए इसी चोरी के शेष बचे पैसे बताएं। अभियुक्त ने बताया कि भागा हुआ व्यक्ति उसका साथी सोनू पुत्र मुन्नालाल था। उसके पास से जो आधार कार्ड बरामद हुआ वह विक्की चालक का था। साथ ही अभियुक्त ने बताया कि 25 नवंबर की दोपहर को उसने तथा उसके साथी शनि तथा सोनू ने मिलकर निगोही में ई रिक्शा में बैठकर तिलहर रोड पर एक व्यक्ति की जेब काटकर 10800 रुपए चोरी कर लिए थे। अभियुक्त के पास से बरामद किए गए 3450 में 1500 रुपए निगोही घटना के थे। पूछताछ के बाद अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओजी टीम के निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, उप निरीक्षक मनोज कुमार, उप निरीक्षक साक्षी त्यागी, उप निरीक्षक शिशुपाल, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार कांस्टेबल जनरल सिंह मौजूद रहे।

# युवा उद्यमी में जनपद प्रदेश में 15वें पायदान पर

▸ बरेली 16वें स्थान, पीलीभीत- बदायूं भी फिसड्डी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा होने लगे हैं। पांच लाख रुपए तक ऋण बगैर ब्याज के मिलने से ऋण पाने के लिए युवाओं द्वारा ज्यादा से ज्यादा आवेदन भी किए जा रहे हैं। जिस कारण बरेली मंडल में जनपद पहले स्थान व प्रदेश में 15वें पायदान पर बना हुआ है। बात बरेली की करें तो 16वें स्थान व बदायूं व पीलीभीत 40 वे स्थान पर ऋण वितरण में बना हुआ है। उपायुक्त उद्योग कार्यालय की एक रिपोर्ट मुताबिक जनपद में युवा उद्यमी के अंतर्गत ऋण प्रदान किए जाने का लक्ष्य 1700 आया था, जिसके क्रम में अब तक 1124 का ऋण स्वीकृत व 1057 लोगों को बैंकों द्वारा लोन दिया भी जा चुका है। जिला उद्योग केंद्र में 5050 आवेदन युवा उद्यमी के अंतर्गत आए थे, जिसमें 3319 आवेदन को जांच में रिजेक्ट कर दिए गए हैं।

> ‘उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत जनपद की पोजीशन प्रदेश में अच्छी बनी हुई है। जो भी फाइलें आ रही है, उनको रोज बैंकों में भेजा जा रहा है। किसी भी आवदेक की फाइल लंबित नहीं रखी जा रही है।’

# लोका पायलट का सामूहिक उपवास का हुआ समापन

**रोजा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन मुरादाबाद के शाखा सचिव राघवेन्द्र वर्मा व कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा ने बताया लोको पायलट को मिलने वाले किलोमीटर भत्ता में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी नहीं की गई, जिससे लोको पायलटों में आक्रोश है ओर जिसको लेकर हमारे मातृ संगठन एएलएलआरए विगत दो वर्ष से कई बार लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया। जिसमें मुख्यत किलोमीटर भत्ते में बढ़ोतरी, उपसमंहम पर 70 प्रतिशत इनकम टैक्स छूट समेत कई मांगों को लेकर पूरे देश के लोको पायलट गुरुवार को 48 घंटे हंगर फास्ट सुबह 10:00 समाप्त किया गया। इसमें रोजा



के 500 से अधिक लोको पायलट भी भूखे रहकर रेल संचालन कर रहे थे। जिससे काफी लोगों को स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं भी हो रही थी, बावजूद इसके हौसले में कोई कमी नहीं थी। इसके अलावा रनिंग स्टाफ में अब महिलाएं भी हैं। ऐसे में लोकोमोटिव में शौचालय न होने से परेशानी आ रही है। वे सभी आज तक उपवास पर रहे। यदि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तो आगे बड़े आंदोलन करना पड़ सकता है। प्रदर्शन में उपस्थित लोको पायलट शाखा सचिव राघवेन्द्र वर्मा, सहायक शाखा सचिव हरिओम, कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा, विनीत रस्तोगी, हेमन्त कुमार, आशीष वर्मा आदि उपस्थित रहे। मुख्य लोको प्रभारी आरके वर्मा के द्वारा जूस पिलाकर सभी का उपवास समाप्त कराया गया।

# किशोरी का अपहरण कर किया दुष्कर्म, गया जेल

▸ तीन दिन पूर्व पुवायां में दिनदहाड़े हुआ था किशोरी का अपहरण

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के गांव की एक महिला ने अपनी नाबालिक पुत्री अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपहरण की जानकारी पाकर पुवायां पुलिस व सर्विलांस सेल



की टीम ने आरोपी को थाना हैदराबाद के गांव ममरी निवासी शिखर को गिरफ्तार कर लिया उसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। तीन दिन पूर्व पुवायां के एक गांव निवासी एक महिला ने अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दर्ज रिपोर्ट में बताया था कि मंगलवार को लगभग 4:30 बजे उसकी 14 वर्षीय पुत्री अपने भाई के साथ घर से घूमने निकली थी। जब पुत्री कल्लू के खेत के पास पहुंची तभी सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी से अज्ञात 3 से 4 लोग उसकी पुत्री को जबरन यौन शोषण के उद्देश्य से अगवा कर ले गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद सर्विलांस सेल सयुक्त टीम के बाद किशोरी की तलाश में जुट गई। सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जिसकी मदद से पुलिस जिला लखीमपुर थाना हैदराबाद के गांव ममरी पहुँची। जहां से किशोरी को बरामद किया ओर 19 वर्षीय शिखर पुत्र रामचन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था ओर उसके साथ शारीरिक सम्बंध बनाएं। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया हैं।

## रिक्शे चालक की लापरवाही से दो लोग घायल

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** काँट थाना क्षेत्र के गाँव सरथौली निवासी धनसिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके पिता रामनरायन व चाचा बलराम मंगलवार को क्षेत्र के गाँव कटिया बुजुर्ग में रिश्तेदार की बरात में शामिल होने के बाद ई-रिक्शा पर बैठकर घर वापसी के लिए शाहजहाँपुर आ रहे थे। काजीपुर गाँव के समीप रिक्शा चालक द्वारा लापरवाही व गलत तरीके से रिक्शा चलाते हुए आगे जा रही ट्रॉली में टक्कर मार दी जिससे रिक्शे पर सवार दोनों लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलने पर धनसिंह ने पहुँचकर घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराने के बाद कोतवाली में रिक्शा चालक के विरुद्ध घटना की तहरीर दी है।

# भायुचेमं ने सड़कों की मरम्मत का उठाया मुद्दा, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**रोजा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय युवा चेतना मंच द्वारा सड़कों के टूटे, क्षतिग्रस्त एवं बिना रेडियम पेंट के डिवाइडर की मरम्मत की मांग का ज्ञापन एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्र को सौंपकर कार्यवाही की मांग की गई। रोजा अड्डा पर टूटे डिवाइडर का संज्ञान संस्था द्वारा एडीएम प्रशासन के संज्ञान में लाने पर उनके द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया। भारतीय युवा चेतना मंच अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने बताया कि उन्होंने देखा कि रोजा अड्डा पर डिवाइडर बहुत ही क्षतिग्रस्त है, जिसमें कई सरिया इधर उधर निकले हुए है।



इसी प्रकार जनपद की सड़कों पर कई डिवाइडर ओर भी है जिनकी मरम्मत कर रेडियम पेंट किए जाने की आवश्यकता है। अतः संस्था द्वारा इन डिवाइडर की मरमत की मांग का एक ज्ञापन जिला अधिकारी के नाम अपर जिला अधिकारी प्रशासन को सौंपा गया है। संस्था के प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा ने बताया संस्था द्वारा दिए गए ज्ञापन पर एडीएम रजनीश मिश्रा द्वारा तुरंत संज्ञान कर संबंधित को निर्देश दिया गया है। योगेन्द्र किशन त्यागी एवं नीरज पाठक ने कहा भारतीय युवा चेतना मंच जन हित के मुद्दों को प्रशासन के संज्ञान में लाने का काम करता है। मुख्य रूप से सदानंद अग्निहोत्री, नीरज पाठक, अंचल दीक्षित, चंदा, गोपाल दीक्षित, प्रदीप मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह, योगेन्द्र किशन त्यागी, मुकेश सिंह, मयंक मिश्रा, चिन्मय, प्रणव आदि उपस्थित रहे।

# बकाया बिल को लेकर उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन कराया

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बिजली बिल राहत योजना के तहत विद्युत विभाग द्वारा गांव करकौर में कैंप लगाकर ग्रामीणों को बिजली बिल की छूट के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। बकाया बिल जमा करवाने के लिए उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन किया गया। योजना का लाभ लेने के लिए कैंप में 18 उपभोक्ताओं ने अपना पंजीकरण करा कर बिल जमा किया। जिसमें 16 उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना का लाभ लिया। कैंप में विद्युत वितरण उपखंड तिलहर के अवर अभियंता अजीत



कुमार, टीजीटू अमित कुमार, गुड्डू सिंह, वीरपाल कश्यप, विकाश कुमार, सुशील कुमार, अरविंद कुमार सहित ग्राम प्रधान शिव सरन वर्मा, रोजगार सेवक जगपाल गुर्जर, ऋषि पाल गुर्जर, राजू गुर्जर, रामौतार गुर्जर पप्पू गुर्जर, सोमवीर गुर्जर, बेचेलाल गुर्जर, रमन पाल गुर्जर, राकेश गुर्जर, नेत्रपाल गुर्जर, पप्पू शर्मा, बलराम शर्मा, राजेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, नक्षत्रपाल कश्यप आदि लोग मौजूद रहें।

## 'साथी' पर अविश्वास

हाल ही में केंद्र सरकार ने निर्देश दिए थे कि आगामी वर्ष मार्च से हर नये स्मार्टफोन में 'संचार साथी' ऐप पहले इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा। दूसरी ओर पुराने स्मार्ट फोनों में इसे सॉफ्टवेयर अपडेट द्वारा भेजा जाएगा। जिसको लेकर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी और शीतकालीन सत्र में इसे बड़ा मुद्दा बनाया। विपक्ष का कहना था कि इससे निजता का उल्लंघन होगा और व्यक्ति के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ जाएगा। विपक्ष ने इसे संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण व नागरिकों की निगरानी करने वाला टूल बताया। इस बहस के बीच विपक्ष को नया मुद्दा मिलते देख केंद्र सरकार ने अनिवार्य तौर पर ऐप प्री-इंस्टॉल करने का अपना फैसला वापस ले लिया।

दरअसल, सरकार का कहना था कि डिजिटल होती दुनिया में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षा देने के मकसद से यह पहल की गई थी। उसका कहना था कि लगातार जटिल होते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये ऐसी पहल अपरिहार्य है। लेकिन विपक्ष का आरोप था कि साइबर अपराधों के खिलाफसुरक्षा के नाम पर सरकारी हस्तक्षेप से नई तरह की असुरक्षा पैदा हो सकती है। बताया जाता है कि सरकार ने स्मार्टफोन में साइबर सुरक्षा ऐप इस तरह इंस्टाल करने को कहा था ताकि उसे डिलीट या अक्षम न किया जा सके। केंद्र की दलील थी कि यह ऐप उपभोक्ता को धोखाधड़ी वाले फोन और संदेशों की रिपोर्ट लिखवाने में मदद करता। साथ ही चोरी किए गए मोबाइल की बरामदगी आसान हो पाती। लेकिन निजी डेटा सुरक्षा व इसकी कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए गए, जिसके चलते इसका विरोध हुआ। वैसे सर्च इंजन में पहले से मौजूद इस ऐप को देश के लाखों लोग पहले ही स्वेच्छा से डाउनलोड कर चुके हैं। लेकिन इसको अनिवार्य रूप से इंस्टॉल करने के आदेश के बाद विरोध के स्वर उभरने लगे। जिसके बाद विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसके जरिये व्यक्ति की निजता का अतिक्रमण करके उसके जीवन में ताक-झांक की जा सकती है।

हालांकि, विरोध के सुर मुखर होने के बाद सरकार की ओर से स्पष्टीकरण आया कि यह निर्णय वैकल्पिक है और कोई व्यक्ति इस ऐप को इच्छानुसार डिलीट कर सकता है। नि:संदेह, निजता हमारा मौलिक अधिकार है। ऐसे में किसी ऐप की अनिवार्यता से व्यक्ति की गोपनीयता में खलल पड़ने की आशंका जतायी जाने लगी। पिछले दिनों सरकार ने व्हाट्स ऐप व टेलीग्राम आदि कम्युनिकेशन ऐप्स संचालक कंपनियों से कहा था कि वे अपनी सेवा को मोबाइल के सिम कार्ड से जोड़कर रखें। ताकि सिम के बिना इन ऐप का दुरुपयोग न हो सके। जिसको लेकर टेलि-कम्युनिकेशन कंपनियों ने सकारात्मक प्रतिसाद दिया था। निस्संदेह, निजता का अधिकार देश में मौलिक अधिकार के रूप में मौजूद है। शीर्ष अदालत ने भी अपने एक निर्णय के जरिये स्पष्ट किया था कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 21 में 'राइट टू प्राइवेसी' में भी निहित है। जिसके अंतर्गत मोबाइल, इंटरनेट व डिजिटल जानकारियां भी शामिल हैं। ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों से इतर व्यक्ति को अपनी डिजिटल संप्रभुता की सुरक्षा का हक है। यही वजह है कि विगत में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि मोबाइल व निजी कंपनियां उपभोक्ता से आधार कार्ड नहीं मांग सकती।

इस फैसले को तब निजता की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया था। यही वजह है कि 'संचार साथी' की अनिवार्यता के बाद निजता व व्यक्ति के डेटा में सरकारी दखल को लेकर सवाल उठने लगे। निस्संदेह, आज के डिजिटल युग में व्यक्ति का डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। जिसकी हर कीमत पर सुरक्षा की जानी चाहिए। वहीं इसके साथ ही इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि कहीं कुछ अन्य ऐप हमारे डेटा में तो सेंध नहीं लगा रहे हैं? सरकार को इससे उपभोक्ता की सुरक्षा करनी होगी। वहीं तर्क दिया जा रहा है कि संचार साथी ऐप को अनिवार्य करने के बजाय आम लोगों को नई तकनीक और इसके इस्तेमाल के लिये सतर्क करने को देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। साथ ही इसके लिये आम जनता को प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। जिससे तकनीक के जरिये साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की मुहिम को गति दी जा सके।'

# ओटीटी की अनियंत्रित अश्लीलता : साहित्य परिषद व न्यायपालिका की साझा चिंता

डॉ. प्रवीण दाताराम गुगनानी



**ओटीटी और डिजिटल माध्यमों की उच्छृंखलता भारत की सांस्कृतिक आत्मा के सामने वही चुनौती खड़ी कर रही है, जो औपनिवेशिक काल में भाषा, संस्कृति और परंपरा के सामने खड़ी हुई थी—बस माध्यम बदल गए हैं, स्वरूप बदला है, संकट वही है। आज आवश्यकता सांस्कृतिक पुनर्जागरण की है। कई देश जैसे दक्षिण कोरिया, जापान और चीन—अपने डिजिटल माध्यमों पर कठोर सांस्कृतिक नियंत्रण रखते हैं। चीन में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गेमिंग खेलने के घंटे कानूनी रूप से सीमित हैं। दक्षिण कोरिया में अश्लील सामग्री का प्रसार कड़े दंड का विषय है। जापान ने मीडिया और मनोरंजन में सांस्कृतिक मूल्यों को अनिवार्य तत्व बनाया है। ये देश तकनीकी रूप से विकसित होने के बावजूद मूल्यहीनता को आधुनिकता का पर्याय नहीं मानते। भारत के लिए यह समय है कि वह अपनी सांस्कृतिक आत्मा को खोए बिना आधुनिकता की ओर बढ़े। समस्या यह भी रही है कि 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' को एक ऐसे रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है जहाँ सभी सामाजिक और परंपरागत मान्यताएँ अप्रासंगिक बताई जाएँ। यह स्वतंत्रता जब मर्यादा खो देती है, तो वह स्वेच्छाचार बन जाती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति का अधिकार उतना ही पवित्र है जितना उसका दुरुपयोग खतरनाक। समाज जब तक अपनी दिशाबोध खोए बिना स्वतंत्रता की सीमाएँ तय नहीं करेगा, तब तक अश्लीलता, हिंसा और विकृति का बाजार बढ़ता ही रहेगा। आज ओटीटी की सामग्री केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान को प्रभावित करने वाला तंत्र बन चुकी है।**

नवम्बर माह में देश के सांस्कृतिक परिदृश्य में दो ऐसी घटनाएँ सामने आईं, जिन्होंने भारतीय समाज के नैतिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक संरचना और युवा पीढ़ी के मानसिक भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। एक ओर अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित हो रही अश्लील और मूल्यहीन सामग्री के विरुद्ध अपनी चिंता दर्ज कराते हुए एक व्यापक प्रस्ताव पारित किया। दूसरी ओर देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी ओटीटी की अनियंत्रित सामग्री को लेकर सरकार को कठोर कदम उठाने की सलाह दी। दोनों घटनाएँ मिलकर एक ऐसे संकट की ओर संकेत करती हैं, जिसे अब अनदेखा करना राष्ट्र के लिए संभव नहीं है।

भारतीय समाज लंबे समय से अपनी सांस्कृतिक आत्मा, नैतिक मर्यादाओं और पारिवारिक मूल्यों के लिए जाना जाता रहा है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में मनोरंजन के नाम पर इन मूल्यों को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त किया जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, जो एक समय रचनात्मकता, स्वतंत्र प्रयोग और कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम माने जाते थे, अब बड़े स्तर पर अश्लीलता, उग्रता, विकृति और अराजकता के केंद्र बनते जा रहे हैं। फिल्मों और वेबसीरीज में नग्नता और हिंसा को 'रियलिज्म' का नाम दिया जा रहा है, पात्रों की भाषा में गालियों और भद्दे संवादों को 'क्रिएटिव फ्रीडम' बताकर परोसा जा रहा है और युवा पीढ़ी इसे आधुनिकता का प्रतीक समझने के भ्रम में फँसती जा रही है।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जो भारत की सभी भाषाओं, बोलियों और लिपियों के संरक्षण-संवर्धन का संवैधानिक दायित्व निभाने वाला संगठन है ने इसी संकट को रेखांकित किया है। परिषद् का कहना है कि ओटीटी की सामग्री युवाओं के मन-मस्तिष्क में उग्रता, अश्लीलता, विकृत यौनाचार, नशाखोरी और हिंसक प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रही है। न केवल सामग्री, बल्कि उस सामग्री के प्रचार-प्रसार की शैली भी उतनी ही चिंताजनक है। पोस्टर, ट्रेलर, सोशल मीडिया रीले—सबमें आकर्षण का आधार 'संस्कृति-विरोध' और 'वर्जना-भंग' बनता जा रहा है।

विभिन्न शोध भी इस संकट की पुष्टि करते हैं। हाल ही में दिल्ली और मुंबई के कॉलेजों में किए गए सर्वे से पता चला कि 14 से 18 वर्ष के बीच के 70 प्रतिशत बच्चे बिना किसी आयु-नियंत्रण के ओटीटी पर वयस्क सामग्री देखते हैं। अनेक मनोवैज्ञानिक रिपोर्टें बताती हैं कि लगातार हिंसा और अश्लीलता के संपर्क में रहने से किशोरों में तनाव, अवसाद, आक्रामकता और संबंधों की गलत समझ विकसित होती है। साहित्य परिषद् ने केवल ओटीटी ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती विकृति पर भी चिंता जताई है। आज कई लोकप्रिय गेम, जिनमें हिंसा, हत्याएँ और आभासी अपराध मुख्य तत्व हैं, युवाओं में नशे की तरह फैल चुके हैं। बीते वर्षों में 'ब्लू व्हेल चैलेंज', 'पबजी' की लत से मानसिक विकृति, चोरी-डकैती और आत्महत्या तक की घटनाएँ सामने आईं। कई राज्यों में ऐसी घटनाओं के बाद गेमिंग पर प्रतिबंध और निगरानी की माँग उठी, किंतु इसका व्यापक समाधान आज भी प्रतीक्षित है।

इस संदर्भ में परिषद् ने जो पाँच प्रमुख माँगें रखी हैं, वे पूरी तरह तार्किक एवं राष्ट्रीय हित में हैं- स्वायत्त नियामक संस्था का गठन, सांस्कृतिक संवेदनशीलता की अनिवार्यता, बच्चों के लिए आयु-आधारित सामग्री का नियंत्रण, विकृत सामग्री पर कानूनी कार्रवाई और भारतीय मूल्यों पर आधारित वैकल्पिक मनोरंजन को प्रोत्साहन। वास्तव में, यदि एक राष्ट्र अपनी किशोर और युवा पीढ़ी को ही सुरक्षित न रख सके, तो उसकी प्रगति और सांस्कृतिक गरिमा दोनों खतरे में पड़ जाती हैं।

इसी के समानांतर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियाँ इस मुद्दे को और गंभीर बनाती हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने स्पष्ट कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अमूल्य अधिकार है, पर इसका दुरुपयोग समाज के लिए हानिकारक है। अदालत ने यह भी कहा कि अश्लील सामग्री देने से पहले चेतावनी और नियमन अनिवार्य होना चाहिए। न्यायालय का यह संकेत महज कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि समाज के प्रति नैतिक चेतावनी है यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह प्रवृत्ति विकृति और अराजकता का रूप ले सकती है।

साहित्य परिषद् ने अपने अधिवेशन में आत्मबोध से विश्वबोध की परिकल्पना को आगामी वर्षों के वैचारिक पथ के रूप में निर्धारित किया है। यह संकल्प इस बात का संकेत है कि राष्ट्र की आत्मा तभी विश्वगुरु बन सकती है जब वह पहले स्वयं के भीतर की विकृतियों को पहचाने और उन्हें दूर करने का प्रयास करे। ओटीटी और डिजिटल माध्यमों की यह उच्छृंखलता भारत की सांस्कृतिक आत्मा के सामने वही चुनौती खड़ी कर रही है, जो औपनिवेशिक काल में भाषा, संस्कृति और परंपरा के सामने खड़ी हुई थी—बस माध्यम बदल गए हैं, स्वरूप बदला है, संकट वही है। आज आवश्यकता सांस्कृतिक पुनर्जागरण की है। कई देश जैसे दक्षिण कोरिया, जापान और चीन—अपने डिजिटल माध्यमों पर कठोर सांस्कृतिक नियंत्रण रखते हैं। चीन में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गेमिंग खेलने के घंटे कानूनी रूप से सीमित हैं। दक्षिण कोरिया में अश्लील सामग्री का प्रसार कड़े दंड का विषय है। जापान ने मीडिया और मनोरंजन में सांस्कृतिक मूल्यों को अनिवार्य तत्व बनाया है। ये देश तकनीकी रूप से विकसित होने के बावजूद मूल्यहीनता को आधुनिकता का पर्याय नहीं मानते। भारत के लिए यह समय है कि वह अपनी सांस्कृतिक आत्मा को खोए बिना आधुनिकता की ओर बढ़े।

समस्या यह भी रही है कि 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' को एक ऐसे रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है जहाँ सभी सामाजिक और परंपरागत मान्यताएँ अप्रासंगिक बताई जाएँ। यह स्वतंत्रता जब मर्यादा खो देती है, तो वह स्वेच्छाचार बन जाती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति का अधिकार उतना ही पवित्र है जितना उसका दुरुपयोग खतरनाक। समाज जब तक अपनी दिशाबोध खोए बिना स्वतंत्रता की सीमाएँ तय नहीं करेगा, तब तक अश्लीलता, हिंसा और विकृति का बाजार बढ़ता ही रहेगा।

आज ओटीटी की सामग्री केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान को प्रभावित करने वाला तंत्र बन चुकी है। जिस समाज में मनोरंजन संवेदना और मर्यादा पर भारी पड़ने लगे, वहाँ संस्कृति और भविष्य दोनों संकटग्रस्त हो जाते हैं। परिवार टूटने लगते हैं, संबंध उपभोग की वस्तु बन जाते हैं और जीवन मूल्य व्यंग्य का विषय। साहित्य परिषद् और सर्वोच्च न्यायालय की संयुक्त चिंता यह स्पष्ट करती है कि यह केवल 'कंटेंट' का मुद्दा नहीं, बल्कि 'सामाजिक दिशा' का प्रश्न है। यह आज का संकट नहीं, आने वाले वर्षों की संभावित आपदा का पूर्व संकेत है।

यदि समाज चाहता है कि उसकी भावी पीढ़ी संवेदनशील, मजबूत और मूल्यवान बने, तो ओटीटी के इस अनियंत्रित विस्तार को नियमन और मर्यादा की आवश्यकता है। यह केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि समाज, परिवार और शिक्षा संस्थानों की भी समान जिम्मेदारी है। भारत आत्मबोध के मार्ग पर खड़ा है। आत्मबोध तभी संभव है जब समाज अपनी मूल सांस्कृतिक चेतना को पहचानकर भविष्य की दिशा तय करे।

### विचार

# 2026 में ममता को छोड़ मुस्लिम सीएम चाहते हैं मुसलमान



स्वदेश कुमार

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक परिदृश्य में लगातार बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जहां 100 से अधिक विधानसभा सीटों पर मुस्लिम वोट निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। यह वोट बैंक अब किसी एक नेता या पार्टी की गुलामी करने के बजाय अपनी शर्तें पेश कर रहा है और अपने हितों के अनुसार चुनाव लड़ने-हरने का निर्णय ले रहा है। पिछले कुछ समय से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के भीतर भी इस मतदाता वर्ग के कारण उथल-पुथल चल रही है। ममता बनर्जी खुद हमेशा मुस्लिम वोटरों के पक्ष में मजबूत रुख रखती आई हैं, लेकिन हाल में जब उन्होंने वक्फ कानून को लेकर अपनी सहमति दी, तब उनके खुद के मुस्लिम नेता और मंत्री इसका विरोध करने लगे। इसने तृणमूल कांग्रेस के भीतर गहरे मतभेदों को उजागर किया है। मुस्लिम नेताओं की इस असंतोष की लहर ने ममता की राजनीतिक स्थिरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि पश्चिम बंगाल के मुसलमान अब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर किसी मुस्लिम चेहरे को देखना चाहते हैं जो उनकी बातों को आसानी से समझ सके। अगले वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव होने हैं। इसी को लेकर सीएम का सपना देख रहे कुछ मुस्लिम नेता अपनी इच्छाओं को परवान देने में लगे हैं।

इसी क्रम में एक और बड़ी घटना सामने आई है, जो तृणमूल कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है। मुर्शिदाबाद जिले के विधायक हुमायूं कबीर, जो पार्टी के मुस्लिम चेहरों में से एक हैं और लंबे समय से बाबरी मस्जिद के पुनर्निर्माण के पक्षधर रहे, ने ममता बनर्जी और उनकी पार्टी को खुलेआम चुनौती दी है। हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद में नए बाबरी मस्जिद के उद्घाटन का ऐलान किया था, जिसे लेकर पार्टी ने आक्रामक रुख अख्तियार किया।

तृणमूल कांग्रेस ने हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। पार्टी का कहना है कि वे पार्टी के अनुशासन का उल्लंघन कर रहे हैं और पार्टी की नीतियों के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। हालांकि, इसके बावजूद हुमायूं कबीर अपने फैसले पर अड़े हुए हैं और उन्होंने 22 दिसंबर को अपनी नई राजनीतिक पार्टी के गठन की भी घोषणा की है। यह कदम उनके राजनीतिक संघर्ष को और तीव्र कर सकता है। यह घटना पश्चिम बंगाल की राजनीति के उस परिदृश्य को दर्शाती है जहां मुस्लिम वोटर ही निर्णायक शक्ति के रूप में उभर रहे हैं। 100 से



अधिक विधानसभा सीटों पर उनका प्रभाव इतना मजबूत है कि वे किसी भी पार्टी या नेता को जिताने-हारने में सक्षम हैं। इसका मतलब साफ है कि ममता बनर्जी जैसे बड़े नेता भी अब अकेले मुस्लिम वोट बैंक को नियंत्रित नहीं कर सकते। ममता बनर्जी की पार्टी ने लंबे समय तक मुस्लिम वोटरों की नाराजगी को दूर रखने की कोशिश की है, लेकिन अब पार्टी के भीतर मुस्लिम नेताओं की असंतोष और अलगाव ने संकेत दिए हैं कि यह रणनीति अब कारगर नहीं रह गई है। हुमायूं कबीर की सस्पेंशन और उनकी नई पार्टी बनाने की योजना इस बदलाव का प्रमुख उदाहरण है। पश्चिम बंगाल की राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज है कि मुस्लिम वोट बैंक की यह ताकत अब खुद एक राजनीतिक शक्ति के रूप में उभर रही है, जो न केवल ममता बनर्जी बल्कि अन्य राजनीतिक पार्टियों के लिए भी चुनौती बन सकती है। इसका सीधा असर आगामी चुनावों पर पड़ेगा और इससे राजनीतिक समीकरणों में बड़ा फेरबदल संभव है। विशेषज्ञों का मानना है कि तृणमूल कांग्रेस को इस स्थिति को समझ कर मुस्लिम समुदाय के नेताओं के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना होगा, अन्यथा वे अपनी पकड़ खो सकती है। वहीं, मुस्लिम मतदाता भी अब केवल जनादेश देने तक सीमित नहीं रहना चाहते, वे अपनी स्वयं की राजनीतिक आवाज़ उठाने के लिए संगठित हो रहे हैं। हुमायूं कबीर का नया राजनीतिक कदम बताता है कि मुस्लिम नेताओं के बीच भी अब स्पष्ट मतभेद सामने आ रहे हैं, जिन्हें न केवल तृणमूल बल्कि अन्य राजनीतिक दलों के लिए भी ध्यान में रखना होगा। यह स्थिति चुनिंदा नेताओं के लिए पहले जैसी सहूलियत नहीं छोड़ती।

इस पूरे घटनाक्रम से यह साफ जाहिर होता है कि पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक की राजनीतिक भूमिका पहले से कहीं अधिक निर्णायक होती जा रही है। उनकी राजनीतिक शक्ति अब खुलकर सामने आ रही है और इसका असर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नीतियों और पार्टी के आंतरिक तालमेल पर स्पष्ट रूप से दिखने लगा है।

## विश्व मृदा दिवस

**मिट्टी से ही सृष्टि है, मिट्टी से ही शक्ति है**
**मिट्टी से ही वास्तविक समृद्धि है**



मिट्टी न केवल हमारे जीवन का आधार है, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और हमारे भविष्य की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी भी है, परंतु आज के युग मे हमारे द्वारा इसे उपेक्षित किया जा रहा है इसलिए आवश्यकता है की हम इस मिट्टी की पुकार को सुने इसकी धड़कन को सुने और इसके सम्मान मे अपनी जिम्मेदारियों को पहचान कर इसके अस्तित्व को बचाने के लिए प्रयास करें।

दिसम्बर 2013 को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक मे पारित संकल्प के द्वारा प्रत्येक वर्ष 5 दिसम्बर को विश्व मृदा दिवस मनाने का संकल्प लिया गया था। इसका उद्देश्य स्वस्थ मिट्टी के महत्व को समझना, खाध सुरक्षा सुनिश्चित करना, जैव विविधता की रक्षा करना, मिट्टी के क्षरण को रोकना तथा सतत प्रबंधन को बढ़ावा देना। प्रत्येक वर्ष इस दिवस को थीम के द्वारा मनाया जाता है इस वर्ष 2025 की थीम है (स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मृदा) इसका विषय शहरी इलाकों के लिए केंद्रित है गाँव मे ही नहीं बल्कि शहरों में भी मिट्टी का प्रयोग हर क्षेत्र में होता है। जैसे डामर बनाने, इमारत बनाने आदि किन्तु जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधिओं के कारण हमारी मिट्टी का क्षरण हो रहा है, वह दिन प्रतिदिन बीमार हो रही है जिसके प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष हानिकारक प्रभाव हो रहे है प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है और अनेक प्राकृतिक आपदाओं को हमे झेलना पड़ रहा है जैसे बाढ़, भूस्खलन, भोजन में पोशक तत्वों की कमी तथा अनेक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग होने से अनेक प्रकार की बीमारियाँ जैसे कैंसर, शुगर आदि। जब हम मिट्टी की बात करते है तो उसे हम केवल ग्रामीण क्षेत्रों से, खेती बड़ी से जोड़ते है बल्कि शहरी मिट्टी भी मौलित उपयोगिता रखती है। हमारी मिट्टी मे कुछ विशिष्ट गुणों का ध्यान रखे जैसे पारगम्यता हो, वनस्पति हो, वर्ष का जल सोखने की शक्ति हो, तापमान नियंत्रित करें की क्षमता, कार्बन संग्रहीत करना, यह सभी गुण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को कुछ सीमा तक रोकने मे कारगर होंगे इसलिए अब समय या गया है की हम सभी को मृदा के गुण और उसके महत्व को जानकार ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ शहरी स्थानों पर भी इसको सुधारने तथा रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग न करके इसे पुनर्जीवित करना है जिससे हमारे खाध पदार्थो की गुणवत्ता सुधरे साथ साथ जल निस्पंदन और प्रदूषण को रोकने मे सहायक सिद्ध हो क्योंकि संसार के हर पौधे की जड़ इसी मिट्टी से बनती है, हर अन्न का दाना इसी से जन्म लेता है, और इसी के कंधे पर हर सभ्यता का इतिहास लिखा जाता है।

*गुंजा जैन, पर्यावरण विशेषज्ञ, फर्रुखाबाद*



## राशिफल

**मेष:-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**वृषभ:-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुन:-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छवि बनायें।

**कर्क:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंह:-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्या:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनु:-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकर:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभ:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीन:-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# चौथे स्तंभ को समझनी होगी अपनी जिम्मेदारी

*अरविंद कांत त्रिपाठी*

गम्भीर, सहज, मृदुभाषी, सारगर्भित व लोकप्रिय बातें करने वाले सभ्य लोगों से खाली हैं मीडिया मंच (चैनल)। दूसरे शब्दों में कहें तो गम्भीर से गम्भीर विषयों को 'भी' मर्यादित भाषा में रखने वाले असल प्रबुद्ध और सुयोग्य व्यक्ति मीडिया मंचों की ओर फूटी आंख देखने को भी तैयार नहीं। या फिर, मीडिया के पास अपनी बेहूदा बहस के लिए उन्हें आमंत्रित करने का साहस नहीं या फिर, रातदिन आकूत कमाई में अंधियाई मीडिया के लिए भाषा व भाव के सुदर्शन लोग लाभकारी नहीं। उपर्युक्त में से कोई एक सत्य अवश्य है जिससे प्रभावी तथा मोहक वाणी और व्यक्तित्व से सम्पन्न किसान, जवान, धर्माधिकारी, समाजसेवक, कलाकार, व्यंगकार, शिक्षक आदि टीवी चैनलों की बहस में नहीं दिखते। देश की विशेषकर नौजवान पीढ़ी नहीं जान पाती है कि बड़े से बड़े विषय को भी सहज व सरस शब्दों में कहने वाले सभ्य लोग भी अपने देश में हैं। टीवी पर दिखने वाले नफरत, घृणा और डाह भरे बयानों से युवा गहरे तक प्रभावित हो रहे हैं। हों भी क्यों न! बहस शुरू करते समय एंकर किसी को धर्मगुरु तो किसी को धार्मिक स्कॉलर और किसी को समाजसेवी आदि बताकर उनका परिचय कराता है। दर्शक वक्ताओं के परिचय को भूल न जाएं इसलिए बहस के दौरान पैनल में शामिल लोगों के नीचे उनको दी गई उपाधि की स्लाइड चलती रहती है। दुनियादारी से अनभिज्ञ अबोध युवा मन टीवी पर बैठे लोगों को वास्तविक धर्मगुरु और धार्मिक स्कॉलर आदि मान लेता है। बहस के अधिकांश विषय उन्माद बढ़ाने वाले होते हैं। लिहाजा उन्माद बढ़ता ही है। कुछ ही देर में वक्ताओं की असलियत बेपर्दा हो जाती है। गले की नसें चढ़ाकर स्थिति 'तुम-तड़ाम' तक पहुंच जाती है। बहस में बत्तमीजी और बेहूदगी के अनेक दृश्यों को देश देखता आ रहा है। इन्ही मनहूस दृश्यों के बीच राष्ट्र, कुछ साल पहले टीवी चैनलों पर पैनलिस्ट मुफ्ती एजाज अरशद और एक महिला के बीच तथा मरहूम स्वामी ओम और एक महिला के बीच 'जूतम-पैजार' भी देख चुका है। टीवी चैनल की बहसों में गाली-गलौज की श्रेणी में आने वाले शब्दों का प्रयोग लोगों ने कितनी बार किया है यह आंकड़ा गिनती की क्षमता से परे है।

फिलहाल, बहस कराए जाने का यह तरीका चल निकला है। टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट) बढ़ाने में सफल है। लिहाजा नए-नए जानवरों को धार्मिक और सामाजिक विशेषज्ञ बताकर बुलाया जाने लगा है। हल्के-फुल्के रोक-टोक का दिखावा करते हुए एंकर उन्हें बदजुबानी करने देता है। मन इस तरह बढ़ाया गया है कि किसी धर्म, जाति और पंथ तथा सबसे ऊपर राष्ट्र को अपमानित करने की बात खुलेआम कही जाने लगी है। फिर सभ्यता का मुलम्मा ओढ़ लेने के लिए अपनी बत्तमीजी पर मांगी भी मांग लेने का चलन है।




संविधान का 'स' भी न जानने वाला, अपनी हर विषैली अभिव्यक्ति को संविधान द्वारा मिली 'अभिव्यक्ति की आजादी' बताने लगा है। उसका यह तर्क माना भी जाने लगा। परिणामतः टीवी चैनलों पर होने वाली राष्ट्रीय बहसों में हिंदू और मुसलमान 'ही' दिखते हैं, आदमी गायब रहता है। पर्दे पर हिंदू और मुसलमान का एहसास होता है भारत का नहीं। इस दिखने में उन्माद है, जुनून है, चटपटा मसाला है, मजा है।

चैनलों पर यही दिखता है और ''जो दिखता है, वही बिकता है।' लिहाजा जहां तक टीवी का प्रसार हो चुका है, वहां तक नफरत का प्रसार हो चुका है। वतनपरस्ती (देशभक्ति) को लेकर अपने-अपने धर्म में क्या कहा गया है? राष्ट्र सेवा में समर्पित होने के लिए धर्म क्या कहता है? धार्मिक बनने के लिए कौन से कर्म श्रेष्ठ हैं? राष्ट्र में कितनी उर्वरा शक्ति है ? जनसहयोग से राष्ट्र महाशक्ति कैसे बन सकता है? आम जनता इस दिशा में कैसे मददगार हो सकती है? आदि अनेक निर्माणकारी विषय भी हो सकते हैं बहस के लिए। लेकिन इन विषयों को केंद्रीय मुद्दा बनाकर बहस नहीं कराई जाती। क्योंकि इन विषयों में 'सकारात्मकता' है नकारात्मकता नहीं। सकारात्मकता में चटपटापन या मसाला नहीं होता। जिसमें मसाला नहीं, उसमें स्वाद नहीं और जिसमें स्वाद नहीं, उसका भाव नहीं। उसके खरीददार नहीं। खबरिया चैनलों का कार्य-व्यापार इसी मूल सिद्धांत पर फलफूल रहा है।

'राहुल गांधी ने यह कहा', 'ओवैसी ने वह कहा', फलां मौलाना ने ऐसा कहा, फलां धर्मगुरु ने वैसा कहा ...बहस के यह मुद्दे तय किए जाते हैं। यह लोग मानवकल्याण या देश सेवा में खप चुके गांधी, अम्बेडकर, पटेल, लोहिया तो नहीं। तो फिर इनके नकारात्मक विचारों पर बहस और बहस के जरिए उस नफरत को गांव-गांव तक पहुंचाने के पीछे क्या मन्तव्य है? कैसी देश सेवा है?

मीडिया लोकतंत्र का ''चौथा स्तंभ' है। चारो स्तंभों पर टिकी राष्ट्र की छत को मजबूत रखना होगा। लकड़ी लगाने वाले अपने स्वार्थी आचरण का परित्याग करना होगा। राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपने दायित्वों को समझना होगा, प्राण-प्रण से उसका निर्वाह करना होगा। तभी उसका सम्मान बढ़ेगा।

*(लेखक मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### थाना महोबकंठ पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार



**महोबकंठ/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित टीम के वरिष्ठ उपनिरीक्षक कन्हैया लाल यादव के द्वारा 2 वारण्टी अभियुक्त मुकदमा नंबर 3772/24 अपराध संख्या 39/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अजनर से सम्बन्धित परमेश्वरी दयाल पुत्र सीताराम जोगी उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम दुलारा थाना महोबकंठ को ग्राम दुलारा से व मुकदमा संख्या 42/19 अपराध संख्या 35/18 धारा 504/506 भादवि थाना महोबकंठ से सम्बन्धित वारण्टी सुरेन्द्र पुत्र लल्लू राजपूत उम्र करीब 44 वर्ष निवासी ग्राम टोलापातर थाना महोबकंठ को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने छह वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पनवाड़ी बलवान सिंह द्वारा थाना स्तर पर 3 टीमों का गठन किया गया,गठित टीमों के द्वारा 06 नफर वारण्टी अभियुक्तगणों हरगोविन्द पुत्र शीतल प्रसाद निवासी ग्राम भरवारा,दद्दी ऊर्फ बृजराज पुत्र बालमुकुन्द निवासी ग्राम भरवारा, पवन पुत्र परशुराम निवासी ग्राम भरवारा, नरेंद्र पुत्र रामसेवक ऊर्फ लिंगी कुशवाहा निवासी ग्राम बैंदो, पुन्नू पुत्र हनू ऊर्फ हरिनारायण कुशवाहा, निवासी ग्राम बैंदो, प्रेमचन्द्र पुत्र धर्मजीत लोधी निवासी ग्राम अलीपुरा को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### क्षेत्राधिकारी ने महोबकंठ थानाक्षेत्र की चौकी सौरा का किया औचक निरीक्षण




**महोबकंठ/महोबा।** क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौंड द्वारा चौकी सौरा थाना महोबकंठ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौकी परिसर, अभिलेखों, ड्यूटी रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, महत्वपूर्ण दस्तावेजों तथा चौकी की साफ–सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा उपस्थित पुलिस स्टाफ से उनकी ड्यूटी, रात्रि गश्त, बीट व्यवस्था तथा अभियोगों की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। कर्मियों को बीट गतिविधियों में सतर्कता, समयबद्ध निस्तारण, संवेदनशील स्थानों पर नियमित गश्त एवं जनता के साथ सकारात्मक व्यवहार बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण उपरांत क्षेत्राधिकारी द्वारा महोबकंठ–बेलाताल रोड पर नई पीआरवी का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने पीआरवी वाहन, उपकरण, वायरलेस सेट, स्टाफ की उपलब्धता एवं तत्परता की जांच की। पीआरवी पर तैनात कर्मियों को हाईवे पर पैट्रोलिंग, सड़क दुर्घटना की स्थिति में त्वरित रिस्पांस, रात के समय सतर्कता एवं यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

### नीलगाय से बाइक सवार टकराए, एक की मौत दो घायल



**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब मित्र के तिलक समारोह से लौट रहे बाइक सवारों को नीलगाय ने टक्कर मार दी। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। कस्बे के इलाही तालाब निवासी ओमबाबू (27) पुत्र धनीराम, अंकित सोनी (26) पुत्र रामप्रकाश और गहबरा निवासी संदीप (25) पुत्र रामकरन अपने ग्राहक मित्र के तिलक समारोह में शामिल होकर बिना हेलमेट लगाए बुलेट बाइक से लौट रहे थे। नेशनल हाईवे 34 और गहबरा के संपर्क मार्ग पर अचानक एक नीलगाय बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर तीनों घायलों को तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। गंभीर चोटों के कारण अंकित सोनी को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वही ओमबाबू और संदीप की हालत गंभीर देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक अंकित सोनी मूलरूप से कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरतरा का निवासी था। वह कस्बे के इलाही तालाब के पास मकान बनाकर रह रहा था और कस्बे में एक ज्वेलरी की दुकान चलाता था। मृतक के पिता रामप्रकाश ने बताया कि अंकित अपने परिवार में तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था और अविवाहित था। इस घटना से परिजनों में गहरा शोक है।

### अराजकतत्वों ने बाबा की कुटिया में लगाई आग, जलकर खाक

**कुरारा, हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के जखेला गांव के हनुमान तालाब के किनारे बनी बाबा की कुटिया में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। जिससे कुटिया जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 112 ने एक युवक को पूछताछ के लिए थाने ले आई है। जखेला गांव में बुधवार की रात्रि करीब 9 बजे हनुमान तालाब के किनारे बनी बाबा की कुटिया में आराजकतत्वों ने आग लगा दी। आग से कुटिया पूरी तरह से जल कर खाक हो गई। वही ज़ब आग लगी तो बाबा कुटिया में नहीं थे। आग की लपटों को देख ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने एक युवक को पकड़कर पूछताछ के लिए थाने ले आई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह ने बताया की काफी समय से बाबा बाहर गए हुए है। जिससे उनके न होने पर गांव के अराजकता तत्वों का जमावड़ा बना रहता है।

### रोजगार मेले में 37 का विभिन्न पदों पर हुआ चयन

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के निर्देश पर केपी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन कानपुर, पीपुल मंत्रा अहमदाबाद, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस हमीरपुर एवं केजीबीएस इंडिया प्रा.लि. गुड़गांव द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित हुये इस मेले में कुल 62 अभ्यर्थी सम्मिलित हुये जिसमें से कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों हेतु कुल 37 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन किया गया। जिसमें प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन कानपुर में 5, पीपुल मंत्रा अहमदाबाद में 13, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस हमीरपुर में 8 एवं केजीबीएस इंडिया प्रा.लि. गुड़गांव में 11 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया है।

### बंधक बनाकर पीटे गए सिपाही के सिर की हुई सर्जरी, हालत नाजुक

**हमीरपुर।** भीड़ के हाथों बंधक बनाकर बुरी तरह से पीटे गए सिपाही की हालत नाजुक बनी हुई है। मंगलवार की देर रात घायल सिपाही की कानपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में सिर की सर्जरी हुई। गंभीर हालत को देखते हुए उसे वेंटीलेटर पर रखा गया है। सिर की हड्डी भी टूटी है। इसकी वजह से क्लाटिंग हुई है। सिपाही को 24 घंटे तक डॉक्टरों की सघन निगरानी में रखा गया है। थाना कुरारा के हरौलीपुर पुलिस चौकी के सिपाही आशीष मौर्या पर मंगलवार की देर रात उमराहट गांव के केवटन डेरा में भीड़ ने हमला किया था। सिपाही मारपीट के मामले के आरोपियों को चौकीदार के साथ पकड़ने पहुंचा था, लेकिन हमलावरों ने योजनाबद्ध तरीके से सिपाही को घेरकर बंधक बनाया और जमकर पीट दिया।मारपीट में गांव के 40 से 50 लोगों का झुंड शामिल था। मरणासन्न सिपाही को जैसे–तैसे पुलिस कर्मी घटना स्थल से उठाकर जिला अस्पताल लाए। जहां से उसे कानपुर रेफर किया गया है। रात में ही कानपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में सिपाही की सिर की सर्जरी की गई है। उसके सिर की हड्डियां टूटकर दिमाग में चुभ गई है। जिसकी वजह से क्लाटिंग भी हुई है। सिपाही को वेंटीलेटर पर रखा गया है। 24 घंटे तक डॉक्टरों की टीम सिपाही की निगरानी में लगाई गई है।वहीं इस घटना के बाद से पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया है। गांव में पीएसी बल और पुलिस की तैनाती की गई है।

### चंदोखी में संपर्क मार्ग का किया गया भूमि पूजन



**हमीरपुर।** राठ मार्ग पर कलौलीतीर बैठकाधाम से चंदौखी होकर हमीरपुर संपर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य किया जाना है। जिसकी लंबाई 2.850 किलोमीटर है। इसके निर्माण में 191.61 लाख रुपये लागत आएगी। इस कार्य का गुरुवार को सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति के द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस भूमि पूजन में ग्राम प्रधान के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण और लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) के अभियंता उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती महिला पंजीकरण एवं जननी सुरक्षा योजना, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, एंबुलेंस सेवा, मातृत्व मृत्यु संबंधी समीक्षा एवं टीकाकरण संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के 102,108 एवं एएलएस एंबुलेंस के मैनेजर को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में किसी मरीज को लाने ले जाने में विलंब ना हो अन्यथा आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों एवं चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज का यथा संभव इलाज अपनी इकाई पर करें, यदि उस विधा का डॉक्टर उपलब्ध न हो तो मरीज की स्थिति का आकलन करने के बाद ही मरीज को रेफर करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला चिकित्सालय को निर्देशित किया कि आपके यहां लॉन्ड्री और क्लीनिंग के लिए कौन सी एजेंसी कार्य कर रही है और मानक के अनुसार कार्य हो रहा है कि नहीं इसकी विस्तृत रिपोर्ट दें। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गांव स्तर पर आयोजित होने वाली आशा, आंगनबाड़ी एवं एएनएम की बैठक की मॉनिटरिंग सभी उपजिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी स्तर से करवाई जाए। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि एस.एन.सी. यू. के कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि स्टेट रैंक से जनपद की रैंक कम नहीं होनी चाहिए, स्वास्थ्य सेवाओं की सभी व्यक्तियों तक पहुँच सुनिश्चित कराये एवं मातृ मृत्यु संबंधित ऑडिट समय से कराये। जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत-प्रतिशत लाभार्थियों को सुनिश्चित कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुरेश कुमार,डॉ वी.के.चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अजनर/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर सत्यपाल सिंह द्वारा गठित की गयी टीम के वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम नगाराडाँग से एक वांछित अभियुक्त छत्तू राजपूत उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र खचोरी उर्फ खच्चू उर्फ खचोरा राजपूत निवासी ग्राम नगाराडाँग को सम्बन्धित धारा 79/115(2)/352/126(2) बीएनएस व 11/12 पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### लूट की घटना का अपराध सिद्ध होने पर सजा का ऐलान

**महोबा।** पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विशन अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में महोबा पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप आज विशेष न्यायाधीश कोर्ट महोबा द्वारा 03 आरोपी अभियुक्तों थाना महोबकंठ में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 111/2023 धारा 394/411 भादवि से सम्बंधित अभियुक्त सुरेश पुत्र हाकिम सिंह, ललित उर्फ कल्लू पुत्र धनप्रसाद अहिरवार निवासीगण शाहपुर खुर्द थाना लहचूरा जनपद झांसी एवं नरेन्द्र पुत्र राजकुमार सुल्हेरे निवासी ग्राम इमलौटा थाना लहचूरा जनपद झांसी को 05-05 वर्ष का कारावास तथा 11-11 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# विशेष शिविर लगाकर जमा कराएं एसआईआर फार्मः डीएम

- जिलाधिकारी के निर्देश पर किया गया विशेष शिविर का आयोजन

**समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।**






जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देशन पर नगर पंचायत प्रांगण में एस आई आर संबन्धित शिविर लगाया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, अनुदेशक एवं नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे। इस शिविर का सेक्टर मजिस्ट्रेट व सुपरवाइजर ने मुआयना कर कहा कि यह कार्य अब पूर्ण होने को है, बाहर निवास कर रहे मतदाताओं की समस्या आ रहीं हैं, जिन्हें फोन द्वारा संपर्क कर अविलम्ब जमा करने की बात कही है। बताते चलें कि जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देशानुसार उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार के आदेश पर नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया एवं अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार द्वारा एक दिन पहले ही नगर के सभी वार्डों में कूड़ा वाहन द्वारा 4 दिसम्बर को आयोजित एस आई आर का महा कंप के लिए प्रचार प्रसार करा दिया गया था। जिसके तहत नगर पंचायत प्रांगण में गुरुवार को एस आई आर सम्बन्धित महा शिविर लगाया गया। बताया जाता है कि इस कार्य के लिए चुनाव आयोग द्वारा 4 दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर अब 11 दिसंबर तक कर दिया गया है। इसके लिए नियुक्त किए गए बूथ लेवल ऑफीसरों द्वारा घर घर वितरण किये गये गणना प्रपत्रों को वापिस जमा कर अपलोड किए जाने का कार्य अब अन्तिम चरण में पहुंच रहा है। इस कार्य में बीएलओ सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री,अनुदेशक सहित नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा काफी सहयोग किया जा रहा है। इस शिविर में नगर क्षेत्र के सभी बीएलओ उपस्थित होकर मतदाताओं के मतगणना प्रपत्रों की समस्याओं को दूर कर जमा करने का काम किया गया। सेक्टर मजिस्ट्रेट देशराज सिंह, सुपरवाइजर मलखान सिंह ने इस शिविर का निरीक्षण कर कहा कि बूथ संख्या 275 से 284 तक के एस आई आर कार्य में लगे बूथ लेवल आफीसर अपने कार्य को समय से पूर्ण करने में लगे हुए हैं, जो मतदाता बाहर निवास कर रहे हैं, उनकी समस्या है। यदि निवास प्रपत्र है, तो ऐसे मतदाताओं से फोन द्वारा संपर्क कर फार्म जमा करने को कहा गया है। उन्होंने ने कहा यह शासकीय कार्य है, इसमें लोगों को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर बीएलओ प्रतीक तिवारी, राकेश सक्सेना, विमलेन्द्र नामदेव, देवकरन, रामकिशोर, चन्द्र प्रकाश, प्रेमनारायण, अनुदेशक अलका सक्सैना, आंगनवाड़ी कार्यकत्री ममता देवी, क्रान्ति देवी, धीरेन्द्र कुमारी, अशोक कुमारी, ज्योति सोनी, नगर पंचायत कर्मचारी देवेन्द्र लिटोरिया, सन्तोष, नंदकिशोर, संजय नामदेव आदि मौजूद रहे।

## जलवायु अनुकूलन कृषि पद्धतियों एवं जल बजट पर दो दिवसीय प्रशिक्षण



**हमीरपुर।** समर्थ इण्डिया द्वारा मौसम परियोजना के तहत जलवायु अनुकूलन कृषि पद्धतियों एवं जल बजट पर दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

इस प्रशिक्षण में जल संस्थान से विवेक यादव, जिला कृषि रक्षा इकाई के डॉ इंद्रेश कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ प्रशांत कुमार, ने किसानों को जानकारी प्रदान की। किसान जीतकुमार के खेत पर श्रीविधि से गेहूं की बुवाई, एवं सुनीता के खेत पर बेड विधि से प्याज की खेती की जानकारी प्रदान की गई। जिला पौध सुरक्षा अधिकारी डॉ इंद्रेश कुमार ने बीज शोधन करके बुवाई करे। बीज की बीच उचित दूरी रखे। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ प्रशांत कुमार ने बताया कि प्याज की उन्नत विधि के बारे में बताया।पानी संस्थान के विवेक यादव ने जल बजट खेल के माध्यम से किसानो को जागरूक किया। जिसमें अंत में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग पर सहमति बनी।वहीं जीवामृत बनाकर प्रदर्शित करके किसानों को बताया। तथा श्रीविधि और बेड विधि का प्रदर्शन करवाया। इस दौरान रीता, हिमांशी, सुनीता, विदेश्वरी, भूरी, गोरेलाल, रामस्वरूप निराला, कालीदीन, लल्लू, चंदा, श्रीचन्द्र , आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से चौकीदार की मौत

- पुलिस ने शव का पंचनामा भर कराया पोस्टमार्टम
- परिजनों ने मामले की जांच करा उठाई कार्रवाई की मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



तेज गति से जा रहे डंपर ने चौकीदार को रौंद दिया। हादसे में चौकीदार की दर्दनाक मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने मामले की जांच करा कार्रवाई की मांग उठाई है। पुलिस ने मामले की जाँच शुरु कर दी है। कबरई थाना क्षेत्र के ग्राम गंज निवासी 50 वर्षीय पप्पू अलीपुरा में स्थित क्रशर प्लांट में चौकीदारी करता था। पप्पू के भाई मनमोहन ने बताया कि बुधवार की रात्रि को भाई क्रशर में चौकीदारी कर रहा था। क्रशर में मिट्टी फिलिंग का काम चल रहा था। क्रशर के बाहर भाई खड़ा था तभी डंपर ने भाई को टक्कर मार दी और मौके से रफूचक्कर हो गया। घायल को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है जांच के आधार पर कार्रवाई होगी।

### डंपर ने अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर लेकर जा रहे वाहन को मारी टक्कर

**महोबा।** ट्रांसफार्मर लेकर जा रहे वाहन को डंपर ने टक्कर मार दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने मामले की जाँच शुरु कर दी है। ग्राम करहरा कला निवासी धीर सिंह पुत्र मोतीलाल ने बताया कि वह विद्युत सब स्टेशनों में ट्रांसफार्मर ले जाने का काम करता है। गुरुवार को वह पिकअप वाहन से ट्रांसफार्मर लेकर जा रहा था। हमीरपुर चुंगी के पास तेज गति से जा रहे डंपर ने अनियंत्रित होकर पिकअप में टक्कर मार दी। डंपर ने सड़क पर जा रही बस को भी टक्कर मार दी। कहा कि चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। सूचना पर भटीपुरा चौकी पुलिस पहुंची और मामले की जाँच शुरु कर दी।



## फरियादी दिव्यांग को घसिटता देख मौके पर पहुंचे अतिरिक्त एसडीएम गुलाम हैदर

- ई-ट्राई साईकिल दिलवाने का आश्वासन देकर पीड़ित दिव्यांग को ई-रिक्शा में बैठाकर दिया किराया



**हमीरपुर।** ई-ट्राई साईकिल दिलाने की मांग को लेकर वृद्धाश्रम से कलेक्ट्रेट पहुंचे दिव्यांग बुजुर्ग को घसीटता देख अतिरिक्त एसडीएम ने ज्ञापन लेकर आश्वासन दिया और उसे ई-रिक्शा में बैठाकर अपने पास से रूपये देकर वापस भेज दिया है। अतिरिक्त एसडीएम गुलाम हैदर की इस सरहानीय पहल की कलेक्ट्रेट परिसर में भूरी भूरी प्रसंसा की जा रही है। मुस्करा विकास खंड के बांधुर बुजुर्ग निवासी ठाकुरदीन पुत्र रामचरन अविवाहित है, साथ ही माता पिता की मौत के बाद से शहर के यमुना पुल समीप वृद्धाश्रम में रह रहें है। बताया कि वह पूर्णतया दिव्यांग है,पहले दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने गए थे तब उन्हें चिकित्सकों ने 40 प्रतिशत दिव्यांग दिखाकर प्रमाण पत्र जारी कर दिया था जिस पर उन्हें ट्राई साईकिल उपलब्ध हो गई थी। बताया कि दिन ब दिन उनकी दिव्यांगता बढ़ती चली आ रही है। उनसे हाथ ट्राई साईकिल ना चल पाने के कारण वह घसिटकर चलते है। बताया कि उनको बीते रोज ई-ट्राई साईकिल वितरण की जानकारी हुई जिस पर वह गुरुवार को अपनी फरियाद लेकर जिलाधिकारी की चौखट घसिटकर जा रहें थे।दिव्यांग के घसिटकर आने की सूचना मिलने पर अतिरिक्त एसडीएम गुलाम हैदर तत्काल उसके पास पहुंचे जहाँ उन्होंने उसकी फरियाद सुनी और दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष देवनारायण सोनी को मौके पर बुलाकर मदद करने का आदेश दिया साथ ही उन्होंने उसका ज्ञापन लेकर ई-ट्राई साईकिल दिलवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसडीएम गुलाम हैदर ने ई -रिक्शा बुलवाकर पीड़ित दिव्यांग को बैठाकर अपने पास से रूपये देकर वापस वृद्धाश्रम भेज दिया है।

## शिक्षकों को कानपुर आईआईटी ने किया प्रशिक्षित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के दस विज्ञान शिक्षकों ने सहभागिता की। यह प्रशिक्षण 7 सप्ताह ऑनलाइन, 5 दिन ऑफलाइन तथा 2 दिन के फॉलोअप सत्र के रूप में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल तकनीक, कंप्यूटर संचालन, ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म, डेटा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित शैक्षिक उपकरणों की उन्नत जानकारी प्रदान करना था। साथ ही जूनियर कक्षाओं के नए विज्ञान पाठ्यक्रम में शामिल एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, पाइथन और स्क्रैच जैसे कंप्यूटर आधारित विषयों के प्रभावी शिक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरौली के अरुण भदौरिया, भटपुरा स्कूल के आशुतोष गोस्वामी, महारानी लक्ष्मीबाई नगर राठ विद्यालय के डॉ. नवीन बुधौलिया, मनकीखुर्द के महेंद्र प्रताप सिंह, सिलौली स्कूल के हरीशंकर, गढ़ा के अरुण कुमार, कलौलीजार विद्यालय की सपना सिंह, नरायच की कल्पना शामिल हुए। आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को हड्स-ऑन प्रैक्टिकल, तकनीकी डिमॉन्स्ट्रेशन और इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से नवीनतम आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) कौशल का प्रशिक्षण दिया। समापन पर सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस पहल से परिषदीय विद्यालयों के के बच्चों को अब कंप्यूटर कोडिंग तथा अन्य आधुनिक डिजिटल कौशल सीखने का अवसर मिलेगा।

## दंगल में अंतर्जनपदीय पहलवानों ने दिखाया अपना दमखम

**बिवांर, हमीरपुर।** एक दिवसीय मेला व दंगल में अंतर्जनपदीय पहलवानों ने दिखाया अपना दमखम दंगल में नामी गिरामी पहलवान ने लिया हिस्सा मुस्करा विकासखंड के ग्राम बांधुर बुजुर्ग गांव के संकट मोचन मंदिर के परिसर में एकदिवसीय दंगल का किया गया आयोजन जिसकी शुरुआत ग्राम प्रधान अमरुद्दीन व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश सिंह भदौरिया ने संयुक्त रूप से पहलवानों का हाथ मिलाकर किया है। दंगल में बांदा के पहलवान शिवमंगल व फतेहपुर का पहलवान छुट्टन के बीच हुए मुकाबले में बांदा के पहलवान ने फतेहपुर को चित्त कर दिया है। उन्नाव के पहलवान विश्वजीत व लखनऊ के पहलवान दिलीप के बीच रोमांचक मुकाबले में विश्वजीत ने जीत प्राप्त की है। अंकित पहलवान झांसी व जालौन के पहलवान भारत के बीच हुई कुश्ती बराबरी पर रही। गोरखपुर के पहलवान विजय व लोधा मऊ के पहलवान संगम के बीच हुए मुकाबले में संगम ने विजय पाई। बिवांर के पहलवान नीरज व छुट्टन के बीच व हसन उन्नाव व सुमित बांधुर के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। दंगल में करीब दो दर्जन कुश्तियां आयोजित हुई। दंगल के समापन पर ग्राम प्रधान अमरुद्दीन ने सभी विजेता पहलवानों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। प्रधान ने सभी आए हुए लोग का आभार प्रकट किया।

# पुलिस आरोपियों की तलाश में दे रही दबिश, आरोपी भूमिगत

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

- पुलिस पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



थानाक्षेत्र के उमराहट गांव के पुरवा में सिपाही को बंधक बनाकर लाठियों डंडों से पीट पीट कर अधमरा करने व चौकी इंचार्ज के ऊपर हाथापाई करने पर 19 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होते ही आरोपी भूमिगत हो जाने से गांव मे सन्नाटा फैला हुआ है। वही कुछ घरों में ताला लटक रहा है। पुलिस फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार दबिस दे रही है। थानाक्षेत्र के उमराहट गांव के पुरवा में बीते मंगलवार को गांव के चौकीदार का लड़का शत्रुघ्न अपने घर की महिलाओं सहित हरौलीपुर चौकी में अपने पड़ोसी लखन के पुत्रों के खिलाफ मारपीट का प्रार्थना पत्र देने गया था। जहां चौकी में तैनात सिपाही आशीष कुमार मौर्य चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद पुरवा गांव में करीब शाम 7 बजे जांच करने पहुंचे। जहां सिपाही आरोपियों से पूछताछ करने लगा तो आरोपी अचानक हाथापाई करने लगे और एक युवक जानबूझकर मरने का नाटक करने लगा। तभी उसकी पत्नी ने शोर मचाकर पति के मर जाने की बात कही। जिससे आक्रोषित होकर ग्रामीणों ने सिपाही को दौड़ा लिया और घेर कर उसे पकड़ कर रस्सी से बांधकर लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद चौकी इंचार्ज के ऊपर हमला करने को दौड़े तो यह अपने वाहन से आनन-फानन भाग निकले। तभी एक युवक उनके वाहन के चपेट ने आने से घायल हो गया था। वहीं रिपोर्ट दर्ज होने के बाद बुधवार को पुलिस ने दो आरोपी राज किशोर व महेंद्र को मुखबिर की सूचना पर मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था। दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी है। वहीं गुरुवार को पुलिस ने उमराहट मोड़ के पास से रामबाबू, प्रहलाद, मलखान अभियुक्तों को लाठी व लोहे का सब्बल, कुल्हाड़ी बरामद कर गिरफ्तार किया है। अब तक पुलिस कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर सकी है। अन्य 14 आरोपी व अन्य कई अज्ञात आरोपी गांव से भूमिगत हो गए है। जिससे गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ है। वही गांव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आरो प्लांट में पीएससी की डेढ़ बटालियन टीम रुकी है।

# समाजवाद के जरिये देश में समानता लाना चाहते थे सगीर अहमदः गोप

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

## सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई समाजवादी चिंतक की जयंती



सगीर अहमद समाजवादी विचारों से पूरी तरह से इत्तेफाक रखते थे। उनका मानना था कि समाजवाद ही देश में समानता और सम्पन्नता लाएगा। वह पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और नेताजी मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी और संघर्षों के साथी थे। उन्होंने तमाम दुख-परेशानियां और खतरे झेलते हुए समाजवाद को अपनी जिंदगी में भी ढालने की कोशिश की। यह बात नगर के गाँधी भवन स्थित में गाँधी जयंती समारोह ट्रस्ट के तत्वावधान में सगीर अहमद की 92वीं जयंती पर आयोजित सभा के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कही। गुरूवार को सगीर अहमद और शिव कुमार राय के स्मृति दिवस पर आयोजित सदभावना दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सभा की अध्यक्षता कर रहे जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी ने कहा कि सगीर अहमद मुल्क के उन गिने चुने राजनेताओं में शामिल रहे हैं, जिन्होंने समाज में सियासत के जरिए मुहब्बत, अमन और इंसानियत का पैगाम दिया। वह एक सच्चे वतनपरस्त और सेक्युलर इंसान थे। समाजवादी चिंतक राजनाथ शर्मा ने बताया कि एक राजनेता के तौर पर सगीर अहमद की समाजवादी विचारक की भूमिका और दूरदर्शिता का कोई सानी नहीं है। अपने विचारों से उन्होंने समाजवादी विचारधारा को लोगों तक पहुंचाया। लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि सगीर अहमद की समाजवादी विचारधारा में गहरी आस्था थी। समाजवाद ही उनके जीने का सहारा था और आखिरी समय तक उन्होंने इस विचार से अपनी आस नहीं छोड़ी। सभा का संचालन वरिष्ठ सपा नेता हमायूँ नईम खान ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, सपा नेता प्रमोद बाजपेयी, शिवशंकर शुक्ला, विनय कुमार सिंह, धनंजय शर्मा, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, वरिष्ठ पत्रकार तारिक़ खान, अजय कुमार वर्मा बबलू, ज्ञान सिंह यादव, तौकीर कर्रार, साकेत मौर्य, मृत्युंजय शर्मा, सत्यवान वर्मा, हशमत अली गुड्डू, राजेश यादव, शिवा शर्मा, मनीष सिंह, अशोक जायसवाल, रंजय शर्मा, नीरज दुबे सहित कई लोग मौजूद रहे।

# प्रा.वि. के छात्रों का एमएलसी ने बढ़ाया हौसला

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम पहुचे विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह उन्होंने विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षिक वातावरण की प्रशंसा की एवं प्रत्येक कक्षा में सर्वांगीण क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में परिषदीय विद्यालयों में चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं कायाकल्प, मिशन शक्ति, डीबीटी से विद्यालयों की स्थिति में अमूल परिवर्तन हुआ है एवं उनमें अध्ययनरत छात्र छात्रा किसी भी कान्वेंट स्कूल से कम नहीं हैं। विभागीय योजनाओं के महत्व एवं उनके सकारात्मक परिणामों पर चर्चा की। कक्षा दो की छात्रा आरूही, कक्षा पांच के छात्र मो0 अरशद सहित अनेक छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री अमित पांडेय, प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बब्लू, ग्राम प्रधान निसार मेंहदी, जिला मंत्री राम सागर कन्नौजिया शिक्षक धर्मराज, मेहर आलम, पूजा गुप्ता, पूनम वर्मा, अर्शिया खातून, आरफा खातून, शबीना इब्राहिम, नवीन मिश्र सहित अनेक जन उपस्थित रहे।

# शिविर लगाकर 44 बच्चों का बनाया गया आधार



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार डाक विभाग द्वारा पंचायत भवन बड़ागांव मे एक विशेष शिविर लगाकर पांच वर्ष से कम आयु वाले 44 बच्चो का निशुल्क नया आधार कार्ड बनाया व 11 सुमंगला समृद्धि योजना के खाते खोले तथा डाक विभाग द्वारा संचालित आर डी, एफ डी एव अटल पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

विशेष शिविर का शुभारंभ करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य गांव के तमाम ऐसे 0 से 5 वर्ष के बच्चे है जिनके किन्ही कारणों से आधार कार्ड नही बन पाये है उनके आधार कार्ड बनवाना एव दस वर्ष से कम आयु वाली बेटियों का सुमंगला समृद्धि योजना के तहत पंजीकरण कराकर खाते का खुलवाना जिससे बेटियों का भविष्य बन सके। किंसिल नाबार्ड के तत्वाधान मे आयोजित विशेष शिविर मे पोस्ट आफिस बिन्दौरा के सहायक बी पी एम उमाशंकर, नाबार्ड से आये विश्वनाथ ने प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, आर डी, एफ डी, आर पी एल आई आदि योजना की जानकारी दी शिविर मे 44 नये आधार कार्ड एव 11 सुमंगला समृद्धि योजना के खाते खोले गये।

# विधायक सदर ने किया दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का शुभारम्भ

▸ विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, मेडल, ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग रायबरेली के तत्वाधान में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत 2 दिवसीय विधानसभा स्तरीय ''विधायक खेल स्पर्धा'' का आयोजन मोती लाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर बालक व बालिका वर्ग में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह, खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन व गुब्बारे उड़ाकर कर किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो खो, कुश्ती की प्रतियोगिता कराई गई।

100 मी0 सब जूनियर वर्ग में सागर, 800 मी0 में प्रिंशु विजेता रहे। कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में अमावां विजेता व राही की टीम उपविजेता रही। कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में अमावां विजेता व राही की टीम उपविजेता रही। जूनियर खो-खो बालक वर्ग में नगर की टीम विजेता रही। 1500 मी0 दौड़ में चंदन पटेल प्रथम, अशरफ अली द्वितीय, दिवस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चक्का फेक में सीनियर वर्ग में अमित प्रथम, सरताज खान द्वितीय, अंश शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र, मेडल, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी अमिताभ कुमार, क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र पटेल, ओलंपिक एसोसियेशन सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ला, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाति सिंह, अंजू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद में चले लाठी डंडे, आधा दर्जन घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** चंदापुर थाना क्षेत्र मे सहन की जमीन को लेकर हुआ विवाद दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे आधा दर्जन गंभीर रूप से हुए घायल जिला अस्पताल में चल रहा है इलाज। तड़के सुबह मेहरबान सिंह का पुरवा मंज़रे ज्योना में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद दशकों से चला आ रहा है इसके लिए दो बार पहले भी संघर्ष हो चुका है वही आज के खूनी संघर्ष में आधा दर्जन लोग दोनों पक्षों से गंभीर रूप से घायल हो गए। राजेंद्र कुमार उर्फ बजरंगी व राम भरोसे पुत्र राम आधार के बीच पिछले 10 वर्षों से सहन की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय मे विचाराधीन है। गुरुवार को तड़के सुबह दोनों पक्षों में हो रही कहा सुनी देखते ही देखते झगड़ा लाठी डंडों में तब्दील हो गई। राजेंद्र के पक्ष से उनकी पत्नी अनीता 37वर्ष बेटी आंचल 16 साल अन्नपूर्णा 11 वर्ष और राजेंद्र पुत्र छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने जिला रेफर कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से राम भरोसे की पत्नी सविता व राम आधार घायल हुए हैं उन्हें भी डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया है।



## किन्नर प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ने बालिका के विवाह में किया आर्थिक सहयोग

**बिसवां, सीतापुर।** राष्ट्रीय युवा वाहिनी भाजपा किन्नर प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सोनी किन्नर ने मानवता का अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हुए एक गरीब परिवार की कन्या के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान किया। बिसवा तहसील के मोहल्ला झज्जर निवासी रामशंकर भार्गव की पुत्री के विवाह की जानकारी मिलने पर सोनी किन्नर ने तुरंत विवाह का संपूर्ण खर्च परिवार को उपलब्ध कराया। सोनी किन्नर स्वयं विवाह समारोह में पहुँचकर सभी व्यवस्थाएँ संभालेंगी और कन्या के पैर पूजने का संकल्प भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका सामाजिक, धार्मिक और मानवीय संकल्प आगे भी इसी तरह निरंतर चलता रहेगा। उनके इस सराहनीय कदम की नगर में नगर वासियों ने सराहना की है।

# फ़न-ए-मर्सिया का रोशन चिराग़,सैय्यद मसूद काज़मी का इंतकाल गम में डूबा बदोसराय

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



रसूलपुर बदोसराय आज एक ऐसी ख़ामोशी में डूबा है जिसकी गूंज पीढ़ियों तक सुनी जाएगी। क्योंकि फ़न-ए-मर्सिया का रोशन चिराग़,सैय्यद मसूद काज़मी साहब मोहब्बत,अदब,हुसैनियत और ख़ानदानी शान का पूरा जहानआज रब्ब-ए-इलाही की बारगाह की तरफ़ कूच कर गया।लखनऊ मे इलाज के दौरान उनका इंतिक़ाल सिर्फ़ एक शख़्स का जाना नहीं,बल्कि एक विरासत का परचम हवा में लहराकर चुपचाप दफ्न हो जाना है।वह मूसवी काज़मी सादात के उस बहादुर घराने के अमीन थे जिनकी रगों में 1857 की कुर्बानियों की आग, बेगम हज़रत महल की पनाहगिरी की गवाही और हौसले की वही सख़्ती बहती है।जिसने अंग्रेज़ों को सामने खड़े होकर कहा था हम मुल्क के लिए लड़े थे, इनाम के लिए नहीं। उनकी आवाज़ में कर्बला की सोज़, उनके लहजे में अज़ादारी का दर्द, और उनके दिल में रसूलपुर की मिट्टी के लिए अटूट मोहब्बत थी।उनकी शख़्सियत ऐसी थी कि मिलने वाला उनसे सिर्फ़ मिलता नहीं था उनके दिल में उतर जाता था।प्रो अकील काज़मी, आईएफएस एहतेशाम हुसैन काज़मी और मरहूम डॉ फ़ाज़लि काज़मी के भाई, और मौलाना आबिद, मुजाहिद व अतिया काज़मी के सरपरस्त पिता तथा मशहूर समाजसेवी डॉ रेहान काज़मी के अज़ीज़ चचा मसूद साहब की तदफ़ीन आज शाम रसूलपुर के आबाई कब्रिस्तान में अदा की गई।जहाँ उलेमा,अज़ादार, अदबी हस्तियां और रंजो-ग़म से भरे लोग उमड़े पड़े थे।आज हवा तक बोझिल है,पेड़ तक ख़ामोश हैं; क्योंकि एक ऐसी आवाज़ थम गई है जिसने हुसैनियत को सिर्फ़ पढ़ा नहीं—उसमें सांस ली थी।

# ट्रैक्टर रोककर युवक को पीटा, तीन पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

खेत जोतकर ट्रैक्टर घर ले जा रहे युवक को दबंगों ने बीच सड़क पीटा बाइक खड़ी कर ट्रैक्टर रोक कर लाठी डंडों से जमकर पीटा मामले में शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गमावां चौकी अंतर्गत युवक के पिता ने शिवगढ़ थाने मे दी तहरीर ने तीन पर दर्ज किया मुकदमा ।शीतलादीन पुत्र धौकल निवासी ग्राम जैयलाल मंज़रे शीवन थाना शिवगढ़ ने शिवगढ़ थाने में लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरा लड़का श्यामलाल पुत्र शीतला दीन निवासी उपरोक्त ने ट्रैक्टर शीतला प्रसाद मौर्य निवासी पुरे मुराइन मंज़रे शीवन थाना शिवगढ़ रायबरेली का ट्रैक्टर चलाता है। बुधवार को राम आसरे पुत्र बिरऊ निवासी पुरे दरियाव मजरे बसंतपुर सकतपुर को साथ लेकर मेरा लड़का श्यामलाल ट्रैक्टर से घर जा रहा था ग्राम जमुनीपुर में गजेंद्र सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह के दरवाजे के सामने रास्ते पर निकलने को लेकर विपक्षीगण रचित सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी जमुनीपुर रौनक सिंह पुत्र रामकरन सिंह व वीरू पुत्र कधई निवासीगण ग्राम हिलहा थाना महराजगंज ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी आसपास के लोगों के आ जाने पर विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए ।मारपीट में मेरे लड़के श्यामलाल व राम आसरे को चोटें आई हैं। वादी की तहरीर पर शिवगढ़ पुलिस ने रचित सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी ग्राम जमुनीपुर थाना शिवगढ़ रौनक सिंह पुत्र रामकरन सिंह वीरू सिंह पुत्र कधई निवासी हिलसा थाना महराजगंज रायबरेली के विरुद्ध शिवगढ़ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल कर रही है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 275454865 में मेरा नाम आनंद कुमार वर्मा पुत्र नन्हा प्रसाद वर्मा अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम विजय कुमार पुत्र नन्हे अंकित है। यह दोनों नाम मेरे और मेरे पिताजी के ही हैं। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में मेरा नाम एवं पिताजी का नाम विजय कुमार पुत्र नन्हे अंकित किया जाए।

**आनंद कुमार वर्मा उर्फ विजय कुमार पुत्र नन्हा प्रसाद वर्मा उर्फ नन्हे ग्राम अचेहरा हैदरपुर नौबस्ता पोस्ट जरवलकस्बा, जिला बहराइच। मो. 7905254379**

# एक दिवसीय रबी कृषि निवेश मेला आयोजित

▸ कृषि रक्षा प्रभारी राम जीत वर्मा ने दी विस्तृत जानकारी

**लहरपुर,सीतापुर समृद्धि न्यूज।**



कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़णीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एकदिवसीय रबी कृषि निवेश मेला एवं गोष्ठी का आयोजन बृहस्पतिवार राजकीय बीज भंडार कला बहादुरपुर मेहंदीपुरवा में किया गया।

गोष्ठी में जैविक खेती प्राकृतिक खेती के साथ रबी फसलों में बीज शोधन एवं भूमि शोधन व संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में जानकारी दी गई जानकारी के मुख्य बिंदु रबी सीजन के गेहूं सरसों मशूर चना आदि फसलों के बारे में तकनीकी जानकारी व कृषि विभाग के द्वारा यंत्रीकरण तथा सोलर पंप योजना के अंतर्गत सोलर पंप स्थापना संबंधित जानकारी कृषि बीज भंडार से बीज व कृषि रक्षा इकाई से कृषि रक्षा रसायन पर अनुदान के बारे में जानकारी देते हुए कम लागत में अधिक उत्पादन व अन्य बिंदुओं पर चर्चा सहायक विकास अधिकारी कृषि शिव रतन व श्याम सिंह लहरपुर व राज कुमार वर्मा लहरपुर के द्वारा किसानों को अच्छी फसल उत्पादन के तरीके बताए गए गोष्ठी के मुख्य अतिथि जय सिंह वर्मा ग्राम प्रधान उपस्थित हुए व कृषि रक्षा प्रभारी राम जीत वर्मा विस्तृत जानकारी दी गई गोष्ठी में कृषि विभाग के समस्त स्टाफ व किसान की उपस्थिति हुए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों में तोड़ी गयी सड़कों की पुर्नस्थापना के भौतिक सत्यापन हेतु नामित अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवंटित परियोजनाओं की पूरी शुद्धता के साथ गहन जांच की जाये तथा तकनीकी परीक्षण भी कराये जायें। उन्होंने कहा कि रिस्टोरेशन कार्यों की गुणवत्ता की जांच गहनतापूर्वक की जाये। सभी अधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें एवं निरीक्षण के जी.पी.एस. युक्त फोटोग्राफ एवं कार्यों के फोटोग्राफ सहित निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच के समय स्थानीय नागरिकों से भी फीडबैक लिया जाये।

# बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमानखेड़ा गांव में बंदरों का जबरदस्त आतंक देखने को मिल रहा है जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार गांव में बंदरों ने इस कदर आतंक मचा दिया है कि लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं जिससे आने-जाने वाले राहगीरों और बच्चों में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है लोग घर में रहने को मजबूर हैं ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत की गई है लेकिन फिर भी अभी कोई निस्तारण नहीं निकला है जिससे स्कूल जाने में बच्चों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहां के रहने वाले लोगों ने कहा कि लगभग दो महीने से बंदरों ने कई लोगों को जख्मी कर दिया है जिससे लोग घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं और अधिकारी इस ओर संज्ञान लेने को तैयार नहीं है ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग को इसकी सूचना दी गई है लेकिन निस्तारण शून्य है जिससे ग्रामीणों में सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है।

## सूचना

मैं अपने ग्राहक आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रायबरेली ऑफिस नंबर 563 जमीर कंपलेक्स फर्स्ट फ्लोर खसरा नंबर 21 अहमदपुर नजूल रोड नियर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जनपद रायबरेली 229001 उत्तर प्रदेश की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे ग्राहक दीपू सोनकर पुत्र इंदर अपनी संपत्ति दुकान संख्या 02 अपर ग्राउंड फ्लोर जो कि आराजी नंबर 163 ग्राम किशुनपुर राय परगना व तहसील सदर जनपद रायबरेली का जुज़ भाग रकब 100 वर्ग फीट को बंधक रखकर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रायबरेली शाखा से उक्त संपत्ति को मुकेश कुमार सोनकर पुत्र स्व अशर्फी लाल निवासी ग्राम 134 रायपुर अहियापुर रायबरेली से क्रय कर रहे हैं यह कि उक्त संपत्ति की खतौनी में मुकेश कुमार सोनकर पुत्र स्व अशर्फी लाल के साथ साथ अन्य सह खातेदार के नाम भी खतौनी में खातेदार के रूप में दर्ज हैं यदि संबंधित व्यक्ति व युवतियों, बैंक या वित्तीय संस्था को इस संपत्ति के हस्तांतरण एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखने में यदि कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के अंदर नीचे दिए गए पते पर संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज कराये अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है एवं किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा चौहाद्दी पूरब दुकान संख्या 01 विक्रेता, पश्चिम दुकान संख्या 03 विक्रेता, उत्तर मकान कमलेश सोनकर दक्षिण 9 फिट कॉमन गैलरी.

**आपत्ति हेतु संपर्क करे एडवोकेट संजीव कुमार शुक्ला 2nd फ्लोर एन एन कॉम्पलेक्स केनरा बैंक के ऊपर सुपर मार्केट रायबरेली मो नंबर 9415190904**

# निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने का लगाया आरोप

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

निर्वाचन कार्य में लगे सहायक अध्यापिका द्वारा इंचार्ज प्रधानाध्यापिका पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने एवं निर्वाचन पुनरीक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगा हैं।

डलमऊ तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दाउदपुर रामनगर के बूथ संख्या 335 पर (एस आई आर) बीएलओ उर्मिला सिंह के द्वारा विशेष पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है जिसके सहयोगी के रूप में सहायक अध्यापिका आयुषी को लगाया गया है आरोप है कि विद्यालय में तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापिका रीता के द्वारा एस आई आर कार्यक्रम में सहयोग न करके बाधा उत्पन्न की जा रही है अधिकारियों के निर्देश के बावजूद समय से पूर्व विद्यालय में ताला जड़ दिया गया जिससे निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न हुई यही नहीं प्रधानाध्यापिका द्वारा सहयोगी आयुषी को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया गया मामले की शिकायत सहायक अध्यापिका आयुषी के द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी डलमऊ से की गई है इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने बताया कि शिकायत की जांच कराई जा रही है विशेष पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पेस संस्था द्वारा चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

**सीतापुर समृद्धि न्यूज।**



पेस संस्था बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन्स का सहयोगी संगठन है । 2030 से पहले ही देश को इसे अपराध मुक्त बनाना है यह बात संस्था की सचिव राजेंद्र कौर ने कही और इसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन देश में बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में ही इस नेटवर्क ने देश में एक लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं। 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' ने एक स्पष्ट और लक्ष्य केंद्रित रणनीति तय की है। इसके तहत स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न होते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बच्चों के खिलाफ होने वाले इस सदियों पुराने अपराध को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

इस अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है और इसका आखिरी चरण 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाप्त होगा। इसका पहले चरण में स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता के प्रसार पर जोर रहेगा। वहीं दूसरे चरण में मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे जैसे धार्मिक स्थलों पर जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं व बैंक्वेट हाल और बैंड वालों, हलवाई जैसे विवाह में सेवाएं देने वालों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। तीसरे और आखिरी चरण बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों, नगरपालिका के वार्डों और समुदाय स्तरीय भागीदारी और जिम्मेदारी को मजबूत किया जाएगा। इस कार्य योजना के बारे में जिला प्रशासन को पहले ही ब्योरेवार सूचित किया जा चुका है।आज सीतापुर जिले मे बाल विवाह मुक्त 100 दिवसीय अभियान के तहत पेस संस्था के जिला समन्वयक सर्वेश शुक्ला के साथ रहमत अंसारी, उर्मिला, सुधा, संगीता, आराधना आदि के द्वारा विद्यालय, कैम्युनिटी मे शपथ ग्रहण का कार्य कराया गया।

# कंटेनर ट्रक में अवैध 26 गौवंश सहित तीन गिरफ्तार

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



थाना तालग्राम व एस.ओ.जी./सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में गौ वध अभियोग में वांछित शातिर 03 अभियुक्त पुलिस मुठभेड में घायल/गिरफ्तार कब्जे से 03 तमंचा 315 बोर , 04 खोखा कारतूस व 04 जिंदा कारतूस, 01 कंटेनर व 26 गौवंश बरामद किए गए। गुरूवार को करीब 4=45 बजे थाना तालग्राम पर डायल 112 के माध्यम से लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर कंटेनर में गौवंश लदे होने की सूचना मिली तालग्राम पुलिस मौके पर पहुंची तो कंटेनर सं0 यूपी 21 बीएन 2803 से 26 अदद गौवंश को बरामद किया गया तथा मौके से नईम पुत्र रईस को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं 04 अभियुक्त मौके से फरार हो गये। जिसके सम्बन्ध में थाना तालग्राम पर मु.अ.सं. 330/25 धारा 5/8 गौवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम बनाम 01.नईम पुत्र रईस 02. अनस पुत्र नशीम 03. अहेतशान पुत्र मतीन 04. शमशेर पुत्र नवी 05.शहजाद पुत्र कलुआ के विरुद्ध पंजीकृत किया गया वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एस.ओ.जी./सर्विलांस व थाना प्रभारी तालग्राम/ छिबरामऊ/ गुरसहायगंज की टीम लगायी गयी थीं आज गुरूवार को समय करीब 04 बजे मुखबिर की सूचना पर तेराजाकेट रोड पर मायापुर प्रतीक्षालय के पास पुलिस पार्टी द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु घेरावंदी की गयी, पुलिस से स्वंय को घिरता हुआ देखकर अभियुक्तगणों ने अवैध तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी जिसमें 01.अहेतशान पुत्र मतीन 02.शमशेर पुत्र नवी 03.शहजाद पुत्र कलुआ के पैरों में गोली लगी और अभियुक्तगण घायल हो गये जिन्हें सीएचसी तालग्राम भेजा गया। अभियुक्तगणों के कब्जे से 03 अवैध तमंचा 315 बोर , 04 खोखा कारतूस व 04 जिंदा कारतूस बरामद किया गया था बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना तालग्राम पर मु0अ0सं0 331/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पनकी कंट्रोल के आदेश पर ढाई घंटे हो रही कटौती

छिबरामऊ, कन्नौज। पनकी कंट्रोल कानपुर के आदेश पर 220 केवी पारेषण केंद्र से नगर के लिए 24 घंटे में केवल ढाई घंटे बिजली कटौती की जा रही है जबकि इसके अलावा हो रही कटौती के लिए विद्युत वितरण विभाग जिम्मेदार है। इस बारे में 220 केवी के जेई अनिल कुमार ने बताया नगर के 33/11 केवी प्रथम सब स्टेशन में सुबह 6:30 से 8:00 बजे तक डेढ़ घंटा और दोपहर 1:15 से 2:15 तक एक घंटा अर्थात 24 घंटे में केवल ढाई घंटा बिजली कटौती की जाती है। इस शेड्यूल में यहां किसी तरह का परिवर्तन संभव नहीं है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू का कहना है नगर में सुबह 6:30 से 8 बजे तक हो रही बिजली कटौती बंद हो जाए तो सभी नलकूप चलाकर पूरे शहर में व्याप्त पेयजल संकट से निजात पाई जा सकती है। उन्होंने अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती से अपील की है कि सुबह की बजाय यह कटौती दिन में किसी भी समय कर ली जाए ताकि सुबह के समय पेयजल का संकट दूर हो सके।

# वार्षिकोत्सव को भव्य बनाने की तैयारी में पसीना बहा रहे बच्चे

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



20 दिसंबर को होगा आयोजन

श्री आरएस लाल देवकी किड्जी ग्लोबल स्कूल का वार्षिकोत्सव आगामी 20 दिसंबर को भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस बार की थीम 'नव रस' है, जिसमें भक्ति, वीर, हास्य, रौद्र सहित सभी नौ रसों को समेटते हुए बच्चे सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे। देशभक्ति से ओतप्रोत 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाट्य रूपांतरण दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। विद्यालय के कोऑर्डिनेटर शुभम ने बताया कि बाहर से आए प्रसिद्ध कोरियोग्राफर स्वयं सक्सेना एवं आयुष सारस्वत बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। महाराष्ट्र में लोकप्रिय सुप्रसिद्ध मलखंब का रोमांचक प्रदर्शन भी यहां के बच्चे करेंगे। प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी ने कहा यह आयोजन बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने का उत्तम मंच है। इसमें गणमान्य नागरिकों सहित सभी अभिभावकों को भी सादर आमंत्रित किया जाता है। प्रिंसिपल बरखा अवस्थी ने कहा नव रस थीम के माध्यम से हम बच्चों में भारतीय संस्कृति व देशभक्ति की भावना को और सशक्त करना चाहते हैं। सभी प्रस्तुतियाँ बच्चों के अथक परिश्रम का प्रतिबिंब होंगी।

## मेरी पहचान, खाटू वाला श्याम : विवेक गुप्ता

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में बाबा खाटू श्याम की अलख बुलंदियों पर पहुंचाने वाले मोहल्ला कोलियान निवासी श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता का कहना है अब तो मेरी पहचान खाटू वाला श्याम के नाम से हो गई है।



कस्बा विशुनगढ़ के मूल निवासी विवेक गुप्ता बताते हैं उनके पिता लखमीचंद्र गुप्ता कारोबार के सिलसिले में वर्ष 1965 में यहां आ गए थे और बर्तन की दुकान खोली। इसके बाद वर्ष 1991 में विशुनगढ़ रोड पर लिटिल स्टार विद्या निकेतन के नाम से स्कूल प्रारंभ किया जो अभी भी चल रहा है। वर्ष 2000 में इसी जगह गेस्ट हाउस प्रारंभ किया ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को कम पैसे में शादी, रुकाई व जन्मोत्सव आदि कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त जगह मिल सके। वर्ष 2018 से मैं बाबा खाटू श्याम का भक्त हूं। लगभग हर माह यहां से बसों में बाबा के भक्त खाटू श्याम के दर्शन करने जाते हैं। आज मेरे पास सब कुछ उन्हीं के आशीर्वाद से है। पत्नी रश्मि गुप्ता एवं पुत्र वीर व योद्धा भी बाबा खाटू श्याम के अन्य भक्त हैं। वर्ष 2019 में खाटू श्याम निशान यात्रा और रात में जागरण कार्यक्रम की शुरुआत की। मेरे प्रथम इष्ट गणेश जी हैं। कोरोना महामारी के दौरान निशान यात्रा पर विराम लग गया था लेकिन इस बार निकल रही छठवीं निशान यात्रा में जिस तरह से भक्तों का जुड़ाव देखने में आ रहा है, वह सब बाबा खाटू श्याम की कृपा के कारण ही है।

- वर्ष 2018 से मैं बाबा खाटू श्याम का हूं भक्त
- हर माह यहां से बसों में बाबा के भक्त खाटू श्याम के दर्शन करने जाते हैं

# आज निकलेगी श्री खाटू श्याम की विशाल निशान यात्रा

- निशान पाने के लिए श्याम भक्तों में लगी रजिस्ट्रेशन की होड़

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा नगर में 5 दिसंबर शुक्रवार को निकलेगी। इसमें निशान पाने के लिए श्याम भक्तों में रजिस्ट्रेशन कराने की होड़ मची है। मोहल्ला कोलियान में निशान वाले श्याम बाबा के झंडे तैयार करने का काम एक सप्ताह से लगातार चल रहा है। इस बार 11000 निशान लेकर श्याम भक्त शोभा यात्रा में चलेंगे। यह सभी निशान बनाकर तैयार हैं।

शुक्रवार की सुबह 9 बजे सौरिख रोड पर सिद्ध पीठ मां कालका देवी मंदिर के पास स्टाल लगाकर श्याम भक्तों में निशान वितरित किए जाएंगे। उधर श्री खाटू श्याम सेवा समिति सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी नगर के प्रतिष्ठित लोगों को बाबा की निशान यात्रा से जोड़ने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, संदीप दुबे, बृजेश गुप्ता, छोटे मिश्रा, अभिनव तिवारी, गोविंद गुप्ता व पल्ली पांडेय ने निशान यात्रा के लिए सघन जनसंपर्क किया। तत्पश्चात विशुनगढ़ रोड स्थित लिटिल स्टार मैरिज होम में विख्यात राम कथा वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन के साथ समिति के पदाधिकारियों ने निशान यात्रा को भव्य बनाने की रणनीति पर विचार विमर्श किया। समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया विगत वर्ष निकली बाबा की निशान यात्रा में 6100 निशान फहराते श्याम भक्त निकले थे। फिर भी कई श्याम भक्त निशान पाने से वंचित रह गए थे। अतः इस बार निशानों की संख्या बढ़ा कर 11000 कर दी गई है।

## कंबल खरीदने के बहाने ठगी, 29 कंबल व मोबाइल लेकर फरार

छिबरामऊ, कन्नौज। जीटी रोड स्थित तिवारी ढाबा के सामने कंबल बेच रहे राजस्थान निवासी ओमप्रकाश पुत्र मदनलाल (नया गांव, थाना कनवास, जिला कोटा) के साथ दिनदहाड़े ठगी हुई। 3 दिसंबर शाम करीब 7 बजे एक अज्ञात व्यक्ति कंबल का भाव पूछने आया और कहा कि शादी के लिए 25 कंबल चाहिए। अगले दिन 4 दिसंबर सुबह 7 बजे वह फिर आया, 25 डबल बैड व 4 सिंगल बैड कंबल कार में रखवाए। मोबाइल मांगकर कॉल करने के बहाने ले लिया और एक अतिरिक्त कंबल लाने को कहा। ओमप्रकाश जैसे ही कंबल लाने गए, ठग सभी कंबल व मोबाइल लेकर कार से फरार हो गया। पीड़ित ने काफी आवाज लगाई लेकिन वह नहीं रुका। मामले की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस जांच कर रही है।




## रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

छिबरामऊ, कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज की प्रबंधक मीनू आलोक गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वीप नोडल अधिकारी मेजर संदीप कुमार माधव ने रैली का नेतृत्व किया। इसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं व एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बीएलओ से बात करेंगे, मतदाता हम अवश्य बनेंगे जैसे जोशीले नारों के साथ रैली कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार तक गई और पुनः कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। रामजीत, राजीव कुमार शुक्ला, वीरेंद्र कुमार वर्मा, गोविंद बाबू सक्सेना, कुलदीप कुमार मिश्रा, गौतम सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने रैली के आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में युवक घायल

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।



छिरिया सलेमपुर के पास पर बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में युवक घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां युवक का इलाज चल रहा है।

माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जनकपुरा निवासी इंद्रजीत (28) गुरुवार की दोपहर बाइक से माधौगढ़ से जालौन की ओर आ रहे थे। एक बाइक जालौन से बंगरा की ओर जा रही थी। जैसे ही दोनों बाइक छिरिया सलेमपुर के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची तभी दोनों बाइकों में आमने सामने भिड़ंत हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलते ही सीएससी कोच में तैनात एम्बुलेंस के ईएमटी पवन राठौड़ और पायलट अंकित कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घायल इंद्रजीत को एम्बुलेंस कर्मियों ने प्राथमिक उपचार दिया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सीएससी जालौन में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है।

# जाम की समस्या से त्रस्त नागरिक खुद उतरे मैदान में

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



- 15 दिसम्बर तक की समय सीमा, प्रभावी क्रियान्वयन का करेंगे इंतजार

नगर के मुख्य बाजार में लगने वाले लम्बे जाम से निजात दिलाने के लिए मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम के अंतर्गत स्थानीय नागरिकों ने दस सूत्रीय ट्रैफिक सुधार प्रस्ताव नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे और अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह को सौंपा है। 15 दिसम्बर तक प्रभावी क्रियान्वयन न होने पर धरना पर बैठने की चेतावनी दी गई है। प्रस्ताव में जाम के मूल कारण ई-रिक्शा अव्यवस्था, ठेले, गलत पार्किंग और संकरी सड़क पर आधारित व्यावहारिक समाधान व उनके आर्थिक प्रबंधन की पूरी रूपरेखा शामिल है। ग्रुप संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि अनियंत्रित जाम के कारण जहां एक तरफ मरीजों की जान का खतरा है वहीं दूसरी तरफ स्कूल वाहन की देरी से बच्चे डिहाइड्रेट होकर बेहोश हो रहे है। लंबे समय से नगर पालिका से जाम मुक्ति के लिए निवेदन किए जा रहे है लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा संसाधन की कमी बताकर गंभीर होती जा रही समस्या को नजरंदाज कर दिया जा रहा है। विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने एक जुट होकर पालिका बोर्ड को संबोधित संसाधन युक्त दस सूत्रीय समाधान प्रस्ताव तैयार करके सौंपा है। प्रस्ताव में ई-रिक्शा स्टैंड और रोटेशन प्रणाली, अतिक्रमण पर नियमित अभियान, मुख्य बाजार को नो पार्किंग ज़ोन घोषित करने, पीक ऑवर में वन-वे व्यवस्था, अतिरिक्त पुलिस/होमगार्ड तैनाती तथा बाजार में सीसीटीवी आधारित निगरानी की मांग की गई है। विशेष रूप से एक 'क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी)' गठित करने का सुझाव दिया गया है, जो नागरिकों से मिलने वाली गुप्त तस्वीरों या वीडियो के आधार पर तुरंत मौके पर पहुँचकर कार्रवाई करेगी। इससे गलत पार्किंग, ठेले और अव्यवस्थित ई-रिक्शा संचालन पर तुरंत नियंत्रण संभव होगा। इन व्यवस्थाओं के संचालन के लिए नगर पालिका के आर्थिक साधन भी प्रस्ताव में स्पष्ट किए गए हैं, जिनमें चालान, पार्किंग शुल्क, वेंडिंग ज़ोन फीस, विज्ञापन बोर्ड आय, सीएसआर फंड, ई-रिक्शा परमिट शुल्क एवं पीपीपी मॉडल प्रमुख हैं। संजीव चौहान, अमन यादव, प्रवेश खंडेलवाल के अनुसार, ÷इन स्रोतों से नगर पालिका किसी अतिरिक्त वित्तीय बोझ के बिना ही पूरी ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चला सकती है। नागरिक अभिषेक चतुर्वेदी, शिवा मिश्रा,अमित राजपूत का कहना है कि यदि योजना लागू हो जाती है, तो मुख्य बाजार में जाम 40 से 60 प्रतिशत तक कम होने, व्यापार को राहत मिलेगी और स्कूली बच्चों व महिलाओं को सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा।

नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे और ईओ सुनील कुमार सिंह ने प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुए जेई रवि कुमार कौशल को समस्या समाधान हेतु प्रभारी नियुक्त किया। जेई ने बताया कि जल्द ही मुनादी के साथ सकारात्मक कार्रवाई शुरू की जायेगी। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

## दहेज लोभी ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न में अभियोग दर्ज

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज। पांच लाख रुपए नगद एवं चार पहिया गाड़ी के रूप में अतिरिक्त दहेज मांगना ससुरालीजनों को महंगा पड़ गया। नवविवाहिता की शिकायत पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ कालपी कोतवाली में दहेज उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत अभियोग दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण में वादिनी सरिता पुत्री रामस्वरूप निवासी ग्राम धमना कालपी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थनी की शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 27 अप्रैल 2022 को जगमोहन पुत्र महिपत निवासी ग्राम टेरका मोठ जिला झांसी के साथ संपन्न हुई थी। प्रार्थनी के पिता ने उपहार स्वरूप अपनी समर्थ के मुताबिक साढ़े सात लाख रुपए नगद 50 ग्राम सोने के जेवरात वह गृहस्थी का सामान दिया था शादी में करीब 20 लख रुपए खर्च किया था।

वादिनी ने आरोप लगाया की शादी के विदाई होकर ससुराल गई तो प्रार्थना के पति जगमोहन व ससुर सौतेली नन्द लोगों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में कार तथा 5 लाख रुपए की मांग की। प्रार्थी के पारिवारिकजन जब अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न कर सके तो उक्त ससुरालीजनों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

# प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ना हमारा लक्ष्य



- मतदाता सूची में नाम, आयु, संबंध और फोटो से संबंधित त्रुटियों का शत-प्रतिशत कराया जाएगा निराकरण जिलाधिकारी

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।

बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम शेखपुर बुजुर्ग में ग्राम प्रधान, ग्रामवासियों तथा जनपद के सभी ग्राम प्रधानों के साथ वर्चस्व बैठक कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर 2026) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर वितरित किए गए गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) को मतदाता शीघ्रता से भरकर बीएलओ को वापस करें। यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और कोई भी अपात्र, मृत, डुप्लीकेट अथवा स्थानांतरित मतदाता सूची में न रहे। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मतदाता सूची में नाम, आयु, संबंध और फोटो से संबंधित त्रुटियों का शत-प्रतिशत निराकरण कराया जाएगा, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया अधिक सटीक व पारदर्शी हो। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों ने आश्वस्त किया कि वे बीएलओ के साथ पूर्ण सहयोग करेंगे तथा अपने-अपने ग्राम के प्रत्येक पात्र नागरिक को गणना प्रपत्र भरने हेतु प्रेरित करेंगे, जिससे मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन बन सके। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सहित जनपद के समस्त ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने नवजातों को दिया आशीर्वाद

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।



राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने आज महिला जिला अस्पताल में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने अस्पताल में जन्मी नवजात कन्याओं को आशीर्वाद देते हुए उनके स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी कर उन्हें स्वस्थ गर्भावस्था एवं सुरक्षित प्रसव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

इसके साथ ही नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार सम्पन्न कराया गया तथा अस्पताल में जन्मी कन्याओं को सुरक्षा किट प्रदान की गई। सुरक्षा किट में आवश्यक शिशु देखभाल सामग्री शामिल थी, जिससे माताओं को शुरुआती दिनों में सहायता मिल सके। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी। उन्होंने मुख्यमंत्री मातृत्व योजना, जननी सुरक्षा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, पोषण अभियान सहित अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपयोगिता बताई और महिलाओं से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। महिला आयोग अध्यक्ष ने अस्पताल प्रशासन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में कन्या जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य व कल्याण की कामना की और कहा कि महिला सम्मान और सशक्तिकरण से ही समाज का विकास संभव है। इसके उपरांत महिला आयोग अध्यक्ष ने जिला महिला अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीके भिटौरिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल डॉ. एसके पाल, कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी सहित आदि मौजूद रहे।

**समन विनावर/गजट इनाफ साल मुकदमा**

व अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद

1- कुलदीप पुत्र हसराज निवासी ग्राम बुढनपुर परगना श0प0 तहसील कायमगंज
2- संदीप पुत्र // निवासी // // //
3- प्रदीप पुत्र // निवासी // // //
4- कु0 आरती पुत्री // निवासी उपरोक्त
5- पूजा पुत्री // निवासी उपरोक्त
6. मालती देवी पत्नी हसराज निवासी उपरोक्त ........वादी

बनाम

1- भगवान सिंह पुत्र जगरूप निवासी ग्राम बुढनपुर परगना श0प0 तहसील कायमगंज
2- करन सिंह पुत्र जगरूप निवासी उपरोक्त
3- रिन्कू पुत्र // निवासी उपरोक्त
4- विमलेश पुत्र // निवासी उपरोक्त
5- धनदेवी पत्नी पंजाब सिह निवासी उपरोक्त
6- सतेन्द्र सिह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी उपरोक्त
7- उदयभान पुत्र // निवासी उपरोक्त
8- बृजपाल पुत्र // निवासी उपरोक्त
9- धीरे सिंह पुत्र // निवासी उपरोक्त
10-जयदेवी पत्नी // निवासी उपरोक्त

विपक्षीगण

11- ग्राम सभा मौजा बुढनपुर परगना श0प0 तहसील कायमगंज

औपचारिक प्रतिवादी
ग्राम बुढनपुर
परगना श0प0
धारा 116 उ0प्र0रा0स02006

ने आपके नाम 01 नालिस वावत के दायर की है लिहाजा आपको क हुक्म होता है कि आप व तारीख-4 माह 12-2025 वक्त 11 बजे दिन से असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाफिक किया गवाहो और कुल उमूरात अहम मुतालिका मुकदमा का जबाव दे सके। या जिसके साथ कोई और शक्स है जो जवाव ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हो और जबावदेयी दाबा की करे और आपको लाजिम है उसी रोज अपने जुमला दास्ता वेजात पेश करे, जिस पर बताइद अपनी जवावदेयी के इस्तदलाल कराना चाहते है।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा वगैर हाजिर आपके मजबून और फैसला होगा दाखिल करे, ताकि कार्यवाही इजर या डिग्री की जो व वक्त मेरे हस्ताक्षर और मुहर अदालत के आज वा तारीख 03/11/2025 को जारी किया गया।

(गजराज सिंह यादव)
उपजिलाधिकारी, न्यायिक, कायमगंज

# पुलिस ने अज्ञात जेबकतरों के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।

भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत के लिए गए तीन समर्थकों के जेब से अज्ञात चोरों ने 13000 रुपए निकाल लिये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने के बाद जनपद में आई भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के स्वागत के लिए एक दिसंबर को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे छिरिया सलेमपुर कट पर समर्थकों की भीड़ जुटी थी। भीड़ के साथ ही बैंड-बाजे की ध्वनि हो रही थी तथा तेज आवाज में गाने बज रहे थे। इसी भीड़ व तेज आवाज का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने भीड़ में तीन लोगों के जेब से 13 हजार रुपए गायब कर दिये। स्वागत कार्यक्रम समापन के बाद जब लोगों ने जेब देखी तो पता चला कि तीन लोगों के जेब से रुपये गायब हो गये हैं। अज्ञात चोर ने रेंडर थाना क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा निवासी रवीन्द्र उपाध्याय की जेब से 4000 रुपए, भंगा निवासी रामपाल की जेब से 6000 और कुठौंद थाना क्षेत्र निवासी अनिल कुमार की जेब से 3000 रुपये निकाल लिए है। भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत के लिए गए तीन लोगों की जेब से तीन लोगो की जेब से 13 हजार रुपए निकालने के मामले में पीड़ितों ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस को दी है।

# छूटे स्नातक मतदाता 16 दिसंबर तक शामिल करायें अपना नाम : राठौर

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।



- 2022 या उसके पूर्व के स्नातक मतदाता सूची में हो सकते सम्मिलित
- प्रकाशित मतदाता सूची का अवलोकन करें और यदि नाम सम्मिलित न हो तो नवीन सिरे से भरें फॉर्म

वर्ष 2026 में स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन 2 दिसम्बर 2025 को हो चुका है। जानकारी देते हुए प्रदेशीय शिक्षक नेता एवं कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सह संयोजक अशोक राठौर उरई जालौन ने अवगत कराया कि स्नातक क्षेत्र की मतदाता सूची में सम्मिलित होने हेतु जिन लोगों ने 6 नवम्बर 2025 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन किया था उनकी सूची 2 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अभी भी 2022 या उससे पहले के स्नातक योग्यताधारी समस्त लोगों से अनुरोध है कि वह प्रकाशित सूची का अवलोकन कर लें तथा मतदाता सूची में नाम सम्मिलित न हो तो नवीन सिरे से निर्धारित फार्म (प्रारूप-18) भरकर उसमें पासपोर्ट साइज का एक फोटो, आधार एवं स्नातक के फाइनल ईयर का अंक पत्र या प्रमाण पत्र की अटेस्टेड कापी लगाकर अपने पते से संबंधित तहसील या ब्लाक में 16 दिसम्बर 2025 तक फार्म जमा कराएं। किसी भी जानकारी के लिए पार्टी पदाधिकारियों या व्यक्तिगत हमारे मोबाइल नम्बर 9415592020 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रथम चरण के बाद दावा एवं आपत्ति के रूप में चलने वाले इस द्वितीय चरण में 2 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 2025 तक आफलाइन फॉर्म जमा कर मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित करने हेतु आवेदन जरूर करें अभी आन-लाइन साइट बन्द चल रही है। ज्ञात रहे कि इस वोटर लिस्ट में शामिल होने हेतु व्यवसाय या उम्र की कोई बाध्यता नहीं होती। वह किसान, मजदूर, रोजगार-बेरोजगार या नौकरी पेशा या किसी भी व्यवसाय में हो, नया आवेदन कर वोटर लिस्ट में शामिल हो सकता है।

## कृषि भूमि, घर हड़पने के मामले में कोर्ट के आदेश पर चार नामजद

कालपी,जालौन। फर्जीवाड़ा करके कृषि भूमि व घर को हड़पने के मामले में वादी की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर चार नामजद लोगों के खिलाफकालपी कोतवाली में सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कराया गया है। पुलिस इस मामले की विवेचना करने में जुट गई है। वादी सलमान पुत्र स्वर्गीय अफसान निवासी मोहल्ला राम चबूतरा राजेपुरा कालपी ने अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि आरोपियों परवीन बानो निवासी ग्राम मशवर मु. इकबाल, मु. इरफान, मु. अहसान, निवासीगण मोहल्ला राजेपुरा कालपी को नामजद किया गया है। वादी सलमान ने अवगत कराया है कि प्रार्थी की पिता अफसान की मृत्यु 4 अक्टूबर 2024 को हुई थी। स्वर्गीय एहसान के नाम ग्राम लंगरपुर तथा आलमपुर मौजे में कृषि योग्य भूमि तथा कालपी नगर में एक रिहायशी मकान था।

# बूथ अध्यक्ष और बूथ एजेंट पार्टी की होते हैं रीढ़ः डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

- एसआईआर एवं बीएलए जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जागरुकता कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

समाजवादी पार्टी 193 विधानसभा अमृतपुर के तत्वावधान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) बूथ स्तरीय एवं बीएलए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

प्रदेश नेतृत्व से अखिलेश कटियार राष्ट्रीय सचिव सपा एवं एसआईआर प्रभारी फर्रुखाबाद ने एसआईआर का महत्व बताया एवं बूथ स्तर पर बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा आप सभी लोग बीएलओ से मिलकर अधिक से अधिक फार्म भरवा कर जमा करवाएं। अगर किसी को किसी प्रकार की दिक्कत होती है तो शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराएं। पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने कहा बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए किसी भी

पार्टी की रीढ़ की हड्डी होती है नींव होती है जब हमारी नींव मजबूत होगी तो हम खुद व खुद मजबूत होंगे। एसआईआर कार्य जो चल रहा है उसकी जिम्मेदारी बूथ अध्यक्ष व बीएलए की है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष अनुराग यादव, सुभाष पाल, अजीत यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ. नवरंग सिंह, प्रदीप यादव टीटू, रवि यादव, आशीष यादव, आदेश यादव, रविंद्र यादव, जगदीश यादव, अभय यादव, निर्भान सिंह बापू, मुनिपाल यादव, धर्मेंद्र यादव, धर्मेंद्र राजपूत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह गौर ने किया।

# बोलेरो ने दो मोटरसाइकिलों को मारी टक्कर, दो घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मौके पर पड़ीं क्षतिग्रस्त बाइकें

थाना राजेपुर क्षेत्र में गुरुवार को एक तेज रफ्तार बोलेरो की लापरवाही से बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई। बोलेरो चालक ने विपरीत दिशा से आते हुए दो मोटरसाइकिलों में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोटरसाइकिल सवार 62 वर्षीय दिनेश कुमार वर्मा तथा उनके पुत्र 33 वर्षीय शिवम वर्मा निवासी मोहल्ला घुमना कोतवाली फर्रुखाबाद से राजेपुर की ओर जा रहे थे। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल सवार 50 वर्षीय बलवीर सिंह निवासी ग्राम उजरामऊ राजेपुर फर्रुखाबाद से अपने गांव उजरामऊ आ रहे थे। उसी दौरान बोलेरो का अज्ञात चालक तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए गलत साइड में आ गया और दोनों मोटरसाइकिलों में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही राजेपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस द्वारा लोहिया अस्पताल भिजवाया गया। सभी घायलों का उपचार जारी है जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना प्रभारी सुदेश कुमार ने बताया कि जाँच की तलाश की जा रही है।

# सलेमपुर दूंदेमई स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में पिछले छह महीने से जड़ा ताला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



बंद उप स्वास्थ्य केंद्र

ब्लॉक क्षेत्र के सलेमपुर दूंदेमई गांव का उप स्वास्थ्य केंद्र पिछले छह महीने से बंद है। इसके चलते ग्रामीणों को दवा और इलाज के लिए 10 किलोमीटर दूर नवाबगंज या कायमगंज जाना पड़ रहा है। जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें केंद्र बंद होने का कारण नहीं बताया गया है। आशा कार्यकर्ता पुष्पा देवी के अनुसार कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) रेशु पाल छह महीने के अवकाश पर हैं। ग्रामीणों की मांग है कि यदि डॉक्टर छुट्टी पर हैं, तो उनकी जगह किसी अन्य स्वास्थ्यकर्मी को नियुक्त किया जाना चाहिए। ग्रामीण इरफान खान ने बताया कि 15 दिन पहले उन्हें खांसी थी और वे दवा लेने आए थे, लेकिन केंद्र पर ताला लगा मिला। उन्हें 10 किलोमीटर दूर कायमगंज जाना पड़ा। आज भी जब वे आए, तो केंद्र बंद था। लगभग 70 वर्षीय ग्रामीण कदीर खान ने अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा कि उन्हें बुखार है और वे यहीं दवा लेना चाहते थे। केंद्र बंद होने के कारण उन्हें नवाबगंज जाने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने सवाल किया कि यह केंद्र कब दोबारा खुलेगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि लंबे समय से बंद रहने के कारण इस उप स्वास्थ्य केंद्र में चोरी भी हो चुकी है। चोर इनवर्टर और बैटरी चुरा ले गए थे। घटना के बाद पुलिस और सीएचओ रेशु पाल मौके पर पहुंची थीं, लेकिन चोरी हुए सामान का अब तक पता नहीं चल पाया है।

## गाली-गलौज कर रहे लोगों को मना करने पर लाठी-डंडों से पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।
जानकारी के अनुसार पीड़ित मनोज पुत्र रामराज गांव खुटिया थाना कमालगंज का निवासी है। दिनांक 08.11.2025 को समय करीब सुबह 11 बजे पीड़ित व विमल पुत्र रामराज, सोनू पुत्र रामराज अपने खेत पर जा रहे थे, तभी रास्ते में गांव के क्षल्लू पुत्र रामनरायण, कमल किशोर पुत्र राम नरायण, आलोक पुत्र क्षल्लू, हिमांशु पुत्र क्षल्लू ने पीड़ित को देखते ही गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के मना करने उपरोक्त लोग लाठी-डण्डों से मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित व विमल. सोनू के चोटें आयी हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोरों पर छापे मारकर दवाओं के भरे सैंपल

- कमियां मिलने पर दवा विक्रेताओं को दी चेतावनी
- नारकोटिक्स व कोडीनयुक्त दवाओं को डॉक्टर के पर्चे पर ही बेचा जाये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जांच करते ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी

औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश द्विवेदी ने कायमगंजड क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर संदिग्ध दवाओं के सैंपल भरे।

जिन्हें जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला बनारस भेजा जायेगा। ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. परमेश द्विवेदी ने बताया कि कायमगंज क्षेत्र के प्रेम मेडिकल स्टोर, सौरभ मेडिकल स्टोर एवं रस्तोगी मेडिकल स्टोरें का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संदिग्ध दवाओं के सैंपल भरे गये, जिन्हें जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला बनाररस भेजा जायेगा। जांच रिपोर्ट आने के पश्चात कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोरों पर मानक पूरे न मिलने पर चेतावनी दी गयी तथा कोडीन युक्त औषधि एवं नारकोटिक्स दवाओं के रखरखाव एवं उनकी एवं उनकी बिक्री के संबंध में निर्देश दिये गये।

ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देशित किया कि वह कोडीन एवं नारकोटिक्स दवाओं बिना डाक्टर के प्रेस्क्रिप्शन के न बेचें तथा ऐसी दवाओं की बिक्री एवं खरीददारी का पूरा रिकार्ड रखें। निर्देशों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि उनका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है। निरीक्षण का कार्य निरन्तर चलता रहेगा तथा अवैध दवाओं के व्यापार के खिलाफ कार्यवाही कर शिकंजा कसा जायेगा।

# पत्नी के मायके से न आने से क्षुब्ध पति ने सल्फास खाकर दी जान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो


गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

पत्नी के मायके से न आने से क्षुब्ध होकर पति ने सल्लास खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उलियापुर के मूल निवासी तथा हाल निवासी प्रेम नगर के दिलीप कुमार बाथम उम्र 22 वर्षीय पुत्र राम बहादुर का विवाह लगभग 5 वर्ष पूर्व गयादेवी पुत्री रामचरन निवासी दौलतपुर थाना राजेपुर के साथ हुआ था। परिजनों के अनुसार उसकी एक 4 वर्षीय बच्ची दिव्यांशी है। दिलीप कुमार तम्बाकू की गोदाम में कभी-कभी काम करने जाता था। इसी बात पर पति व पत्नी में आये दिन झगड़ा होता था। जिसको लेकर पत्नी गया देवी खेत में शौचक्रिया करने की बात कहकर अपनी इकलौती बच्ची दिव्यांशी को ससुराल छोड़कर अपने मायके चली गई। बच्ची अपनी माँ को याद करके रोती थी। जिसको लेकर पति अपनी पत्नी को बुलाने के लिए उसके मायके राजेपुर गया, तो पत्नी ने पति पर गाली-गलौज कर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए पुलिस द्वारा पकड़वाया था।

ग्राम प्रधान के कहने पर पति दिलीप कुमार को पुलिस ने छोड़ दिया था। उसके बाद उसकी बच्ची दिव्यांशी अपनी माँ को याद करके रोनी लगी। पिता बच्ची को रोता देख उसे चुप कराकर मंगलवार को अपना एंड्रायड फोन 3 हजार रुपये में गिरवीं रखकर पत्नी को बुलाने के लिए उसके मायके चला गया, लेकिन पत्नी ने पति को खरी खोटी सुनाते हुए उसके साथ अपनी ससुराल जाने से इन्कार कर दिया था। गुस्साए पति वहाँ से चला आया और अपने घर प्रेमनगर में आकर घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर मढ़िया के पास लगे हैण्ड पम्प पर दिलीप ने सल्फास खा ली और वहाँ पर गिर गया। वहाँ से गुजर रहे लोगों ने दिलीप को पड़ा देख उसकी माँ सरोजनी देवए सहित आदि परिजनों को सूचना दी गयी। मौके पर पहुँची सरोजनी देवी, बहन पुष्पा, सीता, मधू दिलीप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर लेहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दिलीप की बहनों ने 108 एंबूलेंस पर कॉल की। करीब एक घंटा बीतने के बाद भी एंबूलेंस नहीं आयी। समय अधिक होने से हालत और बिगड़ने लगी। उसके बाद उसकी माँ व बहनें ई-रिक्शा द्वारा प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर पहुँचे। जहाँ से लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में दिलीप कुमार की मौत हो गई। परिजन शव घर ले आये। सूचना पर मण्डी चौकी इन्चार्ज बलवीर ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक दिलीप की माँ सरोजनी देवी ने बताया की मेरी चार बेटियों में इकलौता पुत्र था। बड़ी बेटी मछला उर्फ पूजा की शादी पंजाब में की है, दूसरे नम्बर पर मृतक था। उससे छोटी तीन बहनें पुष्पा, सीता, मधू ने बताया की हम तीनों बहनें ग्राम पितौरा मं तम्बाकू की गोदाम में बन्डल काटते हैं।

# विश्वविद्यालय के पास बिना फायर एनओसी चल रहा ओयो ड्रीम होटल

- छात्रों की सुरक्षा और माहौल पर मंडराया खतरा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

भोजपुर-बघार मार्ग पर विश्वविद्यालय के निकट संचालित ओयो ड्रीम होटल फायर सेफ्टी मानकों की खुलेआम अनदेखी कर रहा है। बिना फायर विभाग की अनिवार्य एनओसी के चल रहे इस होटल को लेकर स्थानीय लोगों और विश्वविद्यालय से जुड़े कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। होटल में न तो फायर एग्जिट है, न पर्याप्त अग्निशमन यंत्र और न ही किसी प्रकार की आपातकालीन निकासी व्यवस्था। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी स्थिति में आग लगने जैसी घटना बड़े हादसे का रूप ले सकती है। विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं पर भी इसका गलत प्रभाव पड़ रहा है। छात्रों का कहना है कि शिक्षा क्षेत्र के ठीक बगल में इस तरह का होटल बिना सुरक्षा मानकों के चलना प्रशासनिक लापरवाही है। इससे न केवल सुरक्षा खतरे में पड़ती है, बल्कि शैक्षणिक माहौल पर भी नकारात्मक असर होता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल जांच कर ओयो ड्रीम होटल पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है और इसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाएगा।

# डंपर की टक्कर से बोलेरो सवार वृद्ध घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र के आईटीआई के निकट तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे डंपर ने एक बोलेरो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो में सवार 65 वर्षीय रामफूल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बोलेरो चालक सहित आधा दर्जन यात्री बड़ी अनहोनी से बच गए।

जानकारी के अनुसार बोलेरो चालक पंचाल घाट से गंगा स्नान कर अमृतपुर थाना क्षेत्र के नया गांव स्थित अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने लापरवाहीपूर्वक बोलेरो के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में नया गांव निवासी रामफूल को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचायाए जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बोलेरो को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कराया है। वहीं डंपर चालक को लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि तेज रफ्तार डंपर की लापरवाही के चलते हादसा हुआ है। घायल का उपचार कराया जा रहा है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात एक मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कन्नौज तालग्राम थाना क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय राहुल राठौर के रूप में हुई है।

बताते चलें कि राहुल राठौर तालग्राम के मोहल्ला बजरिया का रहने वाला था। वह दिल्ली में रहकर रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

परिजनों ने बताया कि वह दो दिन पहले ही दिल्ली से घर वापस आया था। बुधवार रात इटावा-बरेली हाईवे पर बाइकों की भिड़ंत में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल में इमरजेंसी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि राहुल बुधवार को मैनपुरी जनपद के बेवर स्थित अपनी बुआ के घर जाने की बात कहकर निकला था। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि वह मोहम्मदाबाद कैसे पहुंचा। राहुल अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और उसकी एक बहन भी है। उसकी पत्नी पूजा सात माह की गर्भवती है और उनकी शादी एक साल पहले हुई थी। मां कमलेश राठौर, पत्नी पूजा और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक का फाइल फोटो


रोते बिलखते मृतक के परिजन

# दहेज के लिए कर दी हत्या, मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद कन्नौज के गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के ग्राम राजलामऊ निवासी राम सिंह शाक्य के पुत्र अनिल कुमार शाक्य ने अपने दामाद, समधी, समधन व दामाद के भाई के खिलाफ अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री की हत्या कर देने का मुकदमा पंजीकृत कराया है।

**डीएसपी करेंगे मामले की जांच जारी**

पीड़ित ने बताया कि 22 वर्षीय पुत्री शालिनी की शादी मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ा कछपुरा निवासी सुरेशचंद्र के पुत्र अनिल कुमार से हिन्दू रीति रिवाज से 15 अप्रैल 2025 को की थी। कुछ दिन तक पुत्री को ठीकठाक रखा उसके बाद एक सोने की अंगूठी तथा एक लाख रुपए की मांग करने लगे। जिसके चलते आए दिन पीड़ित की पुत्री के साथ मारपीट, मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। जिसके चलते पीड़ित की पुत्री शालिनी की 2 दिसंबर 2025 को शाम लगभग 6 फांसी लगाकर हत्या कर दी। जिसकी सूचना संजू द्वारा फोन पर दी गई थी। तहरीर के अनुसार पीड़ित ने बताया जब वह घटना स्थल पर पहुंचा तो उसकी पुत्री फंदे पर लटकी हुई थी। जिसके पैर पर लगे हुए थे।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला प्रार्थना पत्र के अनुसार मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मामले की जांच डीएसपी अजय वर्मा करेंगे। निष्पक्ष जांच के बाद कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को शाम करीब 7 बजे मोहम्मदाबाद-ताजपुर मार्ग पर 23 वर्षीय अंशु सिंह पुत्र रतीराम निवासी जैतपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद की मौत उस समय हो गयी थी, जब वह बाइक से फीस जमा कर घर लौट रहा था। गल्ला मंडी मोहम्मदाबाद से ताजपुर की ओर लगभग 500 मीटर पहले लक्ष्मन भट्ठा के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें तेज गति और लापरवाही से टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने के बाद अंशु सिंह को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया था। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक के भाई चंदन पुत्र रतीराम की तहरीर पर मोहम्मदाबाद कोतवाली में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जानवरों द्वारा खड़ी फसल को चुंगाने का विरोध करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

- मारपीट में मेरे व जयवीर के शरीर में आयी हैं चोटें

जानवरों से फसल चराने का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीटकर घायल कर दिया। पीड़ितों ने घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित जैतपाल पुत्र रूप सिंह निवासी ग्राम बहवलापुर थाना कमालगंज का रहने वाला है। दिनांक 03.12.2025 को समय रात लगभग 2 बजे मैं व चचेरा भाई जयवीर पुत्र नरेन्द्र सिंह अपने खेत पर जानवरों की रखवाली कर रहा था, तभी गांव कुंडपुरा थाना कमालगंज के रहने वाले प्रदीप पुत्र रामगोपाल यादव, दीपू पुत्र वीरेश यादव व हरिओम पुत्र दशरथ यादव, अवधपाल पुत्र वीजेंद्र यादव उक्त लोग अपने जानवरों के मेरे खेत में चरा रहे था। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मेरे साथ व चचेरे भाई जयवीर के साथ गाली-गलौज व लाठी-डण्डों से मारपीट की। मारपीट में मेरे व जयवीर के शरीर में चोटें आयी हैं। उक्त लोग मारपीट करके जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हिंदू बनकर किया युवती का सालों शोषण, युवती ने दी तहरीर

- शादी करने की बात कहने पर इस्लाम कबूल करने की कही बात
- पुलिस ने पिता-पुत्र को लिया हिरासत में, हिन्दूवादी नेता पहुंचे कोतवाली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


आरोपी युवक शादाब


थाने में मौजूद भीड़

नगर के मोहल्ला छावनी निवासी शादाब ने हिंदू बनकर युवती को फंसाकर उसके साथ संबंध बनाए। शादी की नौबत आने पर उसने युवती पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव डालकर प्रताड़ित किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। जिसकी पैरवी में कोतवाली में हंगामा मच गया। जानकारी होने पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा, जिला सहयोजक बजरंग दल रोहन मिश्रा, श्रवण दुबे, अनुज कुमार श्रीवास्तव, प्रखंड मंत्री सिद्धांत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत यादव एवं आर्यन वर्मा आदि हिंदूवादी नेता एकत्र हुए। पीड़िता गुरुवार की शाम बड़ी बहन एवं दोस्त के साथ कोतवाली पहुंची। उसने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मोहल्ला छावनी निवासी शादाब के वृद्ध पिता फरमूद को पकड़कर कोतवाली ले आई है। फरमूद की पैरवी में उसके परिजन कोतवाली पहुंचे और हंगामा मचाने लगे। सूचना मिलने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पहुंचा एवं युवती के साथ मिलकर पुलिस को तहरीर दिलाई। जिसमें लड़की ने बताया है कि उसकी दोस्ती फेसबुक से हुई थी। जिसका नाम रितिक सिंह था। वह मेरे साथ दोस्ती करके रिलेशनशिप में आया। इसके बाद प्यार और शादी का झांसा देकर होटल में मिलने जाता था। मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब हमने उस पर शादी करने का दबाव बनाया, तो वह मुझे 26 नवंबर 2025 को अपने घर लेकर आया और बोला कि मैं मुस्लिम हूँ मुझसे शादी करने के लिए तुम्हें मुस्लिम बनना पड़ेगा। इस्लाम कबूल करो, धर्म परिवर्तन करो, गाय का मांस खाओ तब शादी करेंगे। जब मैं नहीं मानी, तो सब ने मिलकर मुझे मारा और धमकाया। उसके भाई, जीजा, बहन पूरी फैमिली मिलकर मेरे घर चले गए। मुझे अपने घर में रखकर वहां मेरी मां को डरा धमकाकर सादे कागज पर अंगूठा लगवाकर आए। धमकी देने लगे कि अगर पुलिस के पास गई, तो जान से मार देंगे। युवती ने पुलिस से फरियाद की है कि शादाब खान उसके पूरे परिवार को कठोर से कठोर दंड सजा दी जाये।

# यूजी ट्रांजिशनल करिकुलम व संस्कार पीजी ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आयुरप्रवेशिका (यूजी ट्रांजिशनल करिकुलम) तथा संस्कार (पीजी ओरिएंटेशन कार्यक्रम) के नवम दिवस का आयोजन किया गया। यह दिन ज्ञानवर्धक व्याख्यानों और व्यक्तित्व विकास सत्रों से परिपूर्ण रहा, जिसका उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक तथा व्यावसायिक रूप से और अधिक सुदृढ़ बनाना था।

पीजी ओरिएंटेशन कार्यक्रम (संस्कार) की शुरुआत सुबह 9 बजे से सेमिनार प्रस्तुति के साथ हुई। संचालन डॉ. गगन एवं डॉ. आस्था ने किया। पीजी 2025 बैच के विद्यार्थियों ने अपने विषयों पर प्रभावी प्रस्तुति दी। हील बाय इंडिया एवं हील इन इंडिया विषय पर विशेष अतिथि डॉ. स्वप्ना स्वामप्रवा ने प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसमें भारत की वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं में भूमिका और आयुर्वेदिक विशेषज्ञों के लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। अगला सेमिनार सत्र 'डॉ. मधु रंजन के समन्वय में आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. कात्यायनी और डॉ. प्रीति ने शैक्षणिक प्रस्तुति कौशल को मजबूत किया। यूजी ट्रांजिशनल करिकुलम (आयुरप्रवेशिका) में डॉ. आनंद बाजपेयी ने राष्ट्र निर्माण भारत की स्वास्थ्य सुरक्षा में आयुर्वेद की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. अरिमर्दन ने संस्कृत व्यवहार एवं आयुर्वेदिक पारिभाषिक शब्दावली पर प्रशिक्षण दिया, जो छात्रों के शैक्षणिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। श्वैश्विक स्वास्थ्य में आयुर्वेद की गौरवशाली भूमिका पर प्रेरक व्याख्यान डॉ. जितेंद्र रॉय गौड़ द्वारा प्रस्तुत हुआ। डॉ. विकास बाबू ने सांस्कृतिक परंपरा के साथ लक्ष्य निर्धारण विषय पर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। दोपहर में अनिकेत द्वारा ई-संस्कार, डिजिटल कौशल (एम वर्ल्ड, एक्शल, पावर प्वांइट) पर प्रशिक्षण दिया। छात्रों में तकनीकी दक्षता विकसित की जा सके। अगले सत्र में डॉ. रुचि ने आयुर्वेद नैतिकता एवं सद्धत्त के संदर्भ में व्याख्यान दिया, जिसमें आचारशास्त्र और स्वस्थ व्यवहार की महत्ता समझाई गई। आयुर्वेदिक रोग विज्ञान एवं निदान पंचक पर डॉ0 पुष्पेन्द्र यादव का सत्र आयोजित हुआ। यूजी और पीजी दोनों कार्यक्रमों का नवम दिवस अत्यंत ज्ञानवर्धक, कौशल विकासोन्मुख एवं प्रेरणादायक रहा। कॉलेज द्वारा आयोजित ये सत्र आयुर्वेदिक छात्रों को सक्षम, अनुशासित और वैश्विक दृष्टिकोण वाले स्वास्थ्य विशेषज्ञ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

# स्लीपर बस सीज, लगा 1.02 लाख का जुर्माना



जानकारी देते परिवहन अधिकारी

**ओवर लोड ट्रक व 1 ट्रक बकाया में सीज**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में गुरुवार को एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा एआरएम रोडवेज राजेश कुमार के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान चलाते हुये 01 स्लीपर बस को उत्तर प्रदेश राज्य का कर नहीं जमा पाये जाने तथा परमिट नहीं दिखाने पर रोडवेज बस स्टेशन पर सीज करते हुये रू0 1.02 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त 01 ओवर लोड ट्रक को भी सीज किया गया तथा उस पर रू0 36 हजार जुर्माना लगाया गया। कर बकाया में संचालित 01 ट्रक को भी सीज किया गया है। इस प्रकार परिवहन विभाग द्वारा की कार्यवाही में 03 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये रू0 1.38 लाख का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरुक



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मिशन शक्ति अभियान 5.0 जनजागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड बढ़पुर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में में किया। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़वीमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने बालिकाओं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे, में 181 घरेलू हिंसा, 1090, 112 एवं 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर के बारे में जानकारी दी। सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पम्पलेट वितरण कर वन स्टाफसेंटर से सेंटर मैनेजर पूजा पाल ने वन स्टाफसेंटर के बारे में बालिकाओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत एवं विद्यालय के अध्यापिकाएं उपस्थिति रही।

# परिवार नियोजन के तहत दो पुरुषों ने कराई नसबंदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देते चिकित्सक

डॉ. राममनोहर लोहिया में दो पुरुषों की नसबंदी हुई। जितना बढ़ा परिवार उतने ही खर्चे अपार न बच्चों का सही से लालन पालन न ही अच्छी पढ़ाई और अगर कोई बीमारी लग गई तो हो गया काम सारे जीवन की गाढ़ी कमाई उसमें चली जाती है।

परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक कटारिया ने बताया कि जब बात परिवार नियोजन की आती है तो हमेशा से ही महिलाओं को इसके लिए जिम्मेदार बना दिया जाता है। अधिकतर पुरुष सोचते हैं कि नसबंदी कराने से उनकी ताकत कम हो जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अभी तक 9 पुरुष नसबंदी हुई हैं, जबकि अप्रैल से अब तक लगभग 330 महिला नसबंदी हो चुकी हैं। जिला परिवार नियोजन प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत आने वाले जिलों में नसबंदी अपनाने वाले पुरुषों को प्रोत्साहन राशि के रुप में 3,000 रुपये और महिलाओं को 2,000 रूपये दिए जाते हैं। नसबंदी के लिए दंपति को अस्पताल लाने वाली आशा कार्यकर्ता को पुरुष नसबंदी पर 400 रुपये और महिला नसबंदी पर 300 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। पीपीआईयूसीडी लगवाने वाली महिला को 300 रूपए और सेवा प्रदाता को 150 रूपए की धनराशि दी जाती है। अंतरा इंजेक्शन अपनाने वाली महिलाओं को 100 रुपये की राशि दी जाती है। वहीं इन महिलाओं को लाने वाली आशा कार्यकर्ता को 100 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है।



मण्डी में आलू की छटाई करते पल्लेदार

## आलू के भाव में मामूली उछाल के साथ 511 रुपये पैकेट बिका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू मण्डी सातनपुर में गुरुवार को भाव में उछाल आया। 401 रुपये से 511 रुपये पैकेट आलू की बिक्री हुई। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि दिनों-दिनों आलू की आमद बढ़ रही है। आलू की आमद लगभग 60 से 65 मोटर रही। बाहर मण्डियों में आलू की मांग है। फर्रुखाबाद का आलू कानपुर के अलावा बिहार की मण्डी में खपत हो रहा है। जैसे-जैसे आलू की आमदनी बढ़ रही है वैसे ही भाव में उतार-चढ़ाव जारी है। 12 हजार पैकेट आमदनी के साथ आलू में मामूली उछाल आया है। इन दिनों आलू की खुदाई शुरु हो गयी है। मण्डी में वर्तमान में आलू के भाव पिछले साल की अपेक्षा ठीक-ठाक है। आलू की फसल पिछड़ जाने के कारण इस बार मण्डी में आलू देर से आया है।

# जयंती पर याद किए गए स्वामी ब्रह्मानंद लोधी



ब्रह्मानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष

**समाज की मजबूती का लिया गया संकल्प**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समाज सुधारक एवं संत स्वामी ब्रह्मानंद लोधी की जयंती पर अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके बताये हुए रास्ते पर चलकर समाज को मजबूती देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का आयोजन वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी शिक्षण संस्थान रमापुर जसू में किया गया। स्वामी ब्रह्मानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी गई। अनुज प्रधान, सच्चिदानंद, डॉ0 सोनू राजपूत, गुरु शरण, अमोल सिंह, सुरजीत सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं और बच्चों ने स्वामी ब्रह्मानंद को नमन किया। बच्चों को संकल्प दिलाया गया कि ब्रह्मानंद महाराज की जीवनी पढ़े और उनके आदर्शों का अनुपालन करें, ताकि उनके रास्ते पर चलकर समाज को अच्छी शिक्षा दी जा सके, वह मजबूती प्रदान की जा सके। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष महेश राजपूत के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर अरविंद राजपूत, विकास राजपूत, हरगोविंद राजपूत ने भी श्रद्धांजली अर्पित की।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति को किया गया जागरुक



छात्राओं को जागरुक करती महिला पुलिस

**सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस कर्मी चला रहे हैं अभियान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण पर महिलाओं व छात्राओं व बालिकाओं को जागरुक किया। क्षेत्राधिकारी अमृतपुर व महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत थाना कमालगंज में महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र में महिलाओं को जागरूक किया गया। एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत थाना नवाबगंज व मेरापुर क्षेत्रान्तर्गत रास्ते में आती जाती महिलाओं व छात्राओ को कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ योजना, महिला पेंशन व सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जानकारी दी तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया।

## पूर्णिमा पर गंगा भक्तों ने दीपदान कर की आरती



गंगा आरती करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ द्वारा हर पूर्णिमा की तरह इस पूर्णिमा को भी गंगा आरती और दीपदान का आयोजन रानी घाट पर समिति द्वारा किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने मां गंगा की भाव आरती की जाएगी। समिति के द्वारा लोगों को गंगा घाट से यह संदेश दिया गया है कि एक माह बाद माघ मेले के लिए गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने का प्रयास करें।

# जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने बीएसए से की भेंट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**एसआईआर पर हुई चर्चा**

**बीएसए बोले: सभी पदाधिकारी बीएलओ के मनोबल को ऊंचा कर कार्य करें सम्पूर्ण**



बीएसए के साथ मौजूद शिक्षकगण

उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नव आगंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भेंट की तथा उन्हें जिले में पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। चुनाव आयोग द्वारा कराये जा रहे एसआईआर पर चर्चा हुई।

बीएसए ने कहा कि सभी पदाधिकारी बीएलओ के मनोबल को ऊंचा रखें तथा उनके कार्य में संपूर्ण सहयोग करें तथा शिक्षकों की जो भी समस्या होगी, उसका तुरंत समाधान किया जाएगा।

इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष अभिनेश मिश्र, जिला महामंत्री डॉ0 वीरेंद्र त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेश यादव, मंडल उपाध्यक्ष हरिओम शुक्ला, मंडलीय संयुक्त मंत्री सुबोध द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष अरविंद राजपूत, जिला उपाध्यक्ष जगदीश नारायण अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, जिला महिला उपाध्यक्ष उषा दीक्षित, जिला महिला संयुक्त मंत्री मंजू यादव, साधना त्रिपाठी, जिला संयुक्त मंत्री संदीप शुक्ला, राजीव कुमार, जिला लेखाकार प्रमोद मिश्रा, जिला आय व्यय निरीक्षक पवन गुप्ता, आदित्य कुमार सिंह, राजीव दुबे, अनुराग कुशवाहा, राजीव यादव, अवनीश त्रिपाठी, विनोद पाठक, श्याम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# वार्ड नम्बर 35 खटकपुरा में कार्य पूरा होने पर बीएलओ हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बीएलओ को सम्मानित करते सभासद व अन्य

वार्ड नम्बर 35 खटपुरा सिद्दीकी में सभासद असलम अंसारी के निवास मुजाहिद अंसारी के साथ कार्य पूरा होने पर बीएलओ को शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया। सभासद असलम अंसारी ने सभी बीएलओ को कार्य पूरा होने पर बधाई दी। बीएलओ की मेहनत व सहयोग से खटकपुरा क्षेत्र में एसआईआर फार्म भरने का कार्य कई दिनों से चल रहा था। जिसे अंतिम रुप दिया गया। कांग्रेस नेता वसीम जमा खान ने सभी बीएलओ की प्रशंसा की। वार्ड नम्बर 35 गुरुतेग बहादुर नगर में बूथ संख्या 188 में करुणा गुप्ता, बूथ संख्या 184 में मालती शर्मा, बूथ संख्या 185 में आंचल मिश्रा, बूथ संख्या 193 में दीपमाला वर्मा, बूथ संख्या 186 में शीला राठौर, बूथ संख्या 187 में स्वयंप्रभा आर्या का कार्य पूरा होने पर सम्मानित किया गया। स्वागत के दौरान सभासद असलम अंसारी ने सभी बीएलओ को शाल ओड़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुजाहिद अंसारी, राजा शमसी, जुबेर अंसारी, ताहिर, इकरार उर्फमुन्नी, अच्छे भाई ठेकेदार मौजूद रहे।

# विधायक ने किया ग्रामीण खेल लीग खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी राजीव कुमार उपाध्याय एवं युवा कल्याण क्षेत्रीय अधिकारी पंकज कुमार शिवहरे ने जानकारी देते हुये बताया कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा, विधानसभा माधौगढ़ ग्राम बंगरा में खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज बंगरा का विधायक मूलचंद्र निरंजन ने शुभारंभ किया। खेलकूंद प्रतियागिता में स्कूलों के छात्र छात्राओं ने जूनियर हाईस्कूल, इंटर के छात्र छात्रायें माधौगढ़ से बुंदेलखंड इंटर कॉलेज के एनसीसी के छात्रों ने विधायक मूलचंद्रं निरजन का स्वागत सलामी देकर किया (लेफ्टिनेंट) उदय प्रताप सिंह उर्फ (शैलू) भदौरिया इस खेल स्पधों मे पीटी द्वारा निर्णय पूर्वक खेलों को खिलाया गया खेल जैसे कवड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कुश्ती, पेटलिफ्टिग एवं बैडमिंटन विद्यालयों के जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग में बालक, बालिका श्रेणी में कराया गया। खेल प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विधायक मूलचंद निरंजन ने खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रमाण पत्र शील्ड गोल्ड देकर सम्मानित किया गया।

# विश्व एड्स दिवस पर लोहिया अस्पताल में किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद न्यायिक अधिकारी व अन्य

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर लोगों को जागरुक करने हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राम मनोहर लोहिया हास्पिटल में किया गया।

सीएमएस चिकित्सक, स्टाफ, पुरुष, महिलाओं के अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने भाग लिया। लोगो को एचआईवी एड्स के प्रति जागरुक किया गया तथा बताया गया कि एचआईवी एड्स से घबराये नहीं बल्कि कैसे बचाव एवं इलाज करावे इसके लिए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सीएमएस तथा उनके महिला एवं पुरुष स्टाफ ने लोगो को जागरुक कर प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई तथा संचालन सीएमएस ने किया। इस मौके पर सीएमएस डॉ. जगमोहन शर्मा, जवाहर सिंह गंगवार, सुरेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


## गन्ना लदी ट्राली बाइपास से निकालने की व्यापार मण्डल ने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में दर्शाया कि गन्ना से ओवरलोड भरी ट्रॉलियों को शहर के अंदर से नहीं निकलने दिया जाए, क्योंकि ट्रालियां पूरी सड़क को घेर कर अपनी ट्राली की सीमा से बाहर होने के कारण अनेकों बार कई घटनाओं को अंजाम दे चुकी हैं। ट्रॉलियों को शहर के बाहर से बाईपास मार्ग से निकाला जाए, जैसे कि थाना मऊदरवाजा बाईपास से ठंडी सड़क, लालगेट, तिकोना चौकी, जसमई होते हुए पांचालघाट की तरफ से निकाले जाने की मांग की। सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। जिससे किसी भी अनहोनी घटना से बचा जा सके। ट्राली ड्राइवर बीच रोड पर ट्राली को चलाते हैं, जिससे रात भर शहर में अनेकों बार जाम बना रहता है। ट्राली में अपनी क्षमता से अधिक लोड होने और ट्राली की लंबाई और चौड़ाई से अधिक गन्ना लदी होने से जिसकी चपेट में अनेकों बार रात में मोटर साइकिल सवार, कार, ई-रिक्शा और राहगीर अंधेरा होने के कारण चपेट में आकर घायल हो चुके हैं। मांग पत्र में नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इखलाक खान, रामजी पाठक, राजन रॉय जॉली राजपूत, ठा0 सर्वेद्र सिंह, सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा, आनंद प्रकाश मुन्ना गुप्ता, आफताब अंसारी, दिलीप गुप्ता, गोपाल राजपूत आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### दुकानदारों के साथ नहीं होने देंगे भेदभाव



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नुमाइश में व्यापारियों को हो रही सदस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल जिला महामंत्री वीरू भदौरिया, एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव, लाखन सिंह जाटव, उपाध्यक्ष अनवर हुसैन, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, जिलासचिव प्रवीन कुशवाह, राजेश यादव, कमलेश दतावली, अंकुर यादव ने मिलकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने तत्काल संज्ञान में लेकर उपरोक्त समस्याओं को शीघ्रता से निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

### नीबू-चम्मच दौड़ में बालिकाओं ने मारी बाजी



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अन्तर्गत समस्त विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के सामाजिक एवं मानसिक विकास हेतु एकेडमिक स्पोर्ट्स इवेंट कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उदय सिंह राज के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा के द्वारा एएलसी, डायट परिसर के प्रागंण में किया गया। अर्चना सिन्हा द्वारा बताया कि इस कार्यक्रम में मूकबधिर, मानसिक मंद, शारीरिक दिव्यांग और दृष्टिबाधित समस्त प्रकार के दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डायट प्रागंण में प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अजय कुमार गौतम मुख्य विकास अधिकारी एवं विशिष्ट अथिति लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, मनोज कुमार उप शिक्षा निदेशक, प्राचार्य, डायट तथा प्रेमपाल सिंह डायट के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। दृष्टिबाधित बालक दिव्यांश की ब्रेल में पढने व लिखने की प्रगति को देखकर जनपद के सभी स्पेशल एजूकेटर्स की मुख्य अतिथि द्वारा सराहनीय प्रशन्सा की गयी।

### आज गोल्डन कार्ड के लिए लगेगा शिविर

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी जे. रीभा के निर्देशों के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बॉदा ने बताया है कि 05 दिसम्बर, 2025 को विकास खण्ड महुआ के ग्राम बरसण्डा बुजुर्ग एवं ग्राम नगनेधी, विकास खण्ड कमासिन के ग्राम छिलोलर, पनाह, अडौली, पॉली में आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु कैम्प लगाया जायेगा। उन्होंने बताया है कि विकास खण्ड बबेरू के ग्राम जलालपुर, मर्का, बैरफ, पेस्टा एवं पतवन में कल 05 दिसम्बर, 2025 को गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु कैम्प लगाया जायेगा। उन्होंने बताया है कि जिन लोगों के गोल्डन कार्ड नही बने हैं, वह अपना गोल्डन कार्ड कैम्प में उपस्थित होकर आधार कार्ड लाकर बनवा सकते हैं।

### नामी गिरामी पहलवानों ने कुश्ती कला में दिखाया दमखम



**पैलानी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** पैलानी तहसील के पिपरहरी गांव में आयोजित विशाल दंगल में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बल्देव वर्मा, जयराम सिंह बछेउरा, रघुराज सिंह यादव, अरुण सिंह पटेल प्रधान सैमरी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तिंदवारी अजय प्रताप सिंह, तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह, बलवान सिंह, राज सिंह उर्फ शंभू सिंह, दिलीप सिंह, लखेरा को आयोजक ग्राम प्रधान पिपरहरी सुरेंद्र सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कुलदीप टेंढा ने रवीकरन पपरेंदा के बीच हुई कुश्ती में कुलदीप ने रवीकरन को चारों खाने चित कर दिया। जितेंद्र झांसी ने वीरेंद्र टेढ़ा को कलाजंग दांव लगाकर चारों खाने चित कर दिया। शिवविलास पलरा ने सतीश गोरखपुर को चित कर दिया।नीरज मर्का ने भूरा अकबरपुर को चित कर दिया। अयोध्या के निर्मोही बाबा ने जालिम राजस्थान को चित कर दिया सबसे आकर्षक कुश्ती बाबा लाड़ी अयोध्या की रही। आधा दर्जन कुश्तियां बराबर पर छूटी। प्रधान सुरेंद्र सिंह व जिला पंचायत सदस्य चिल्ला के प्रत्याशी राज सिंह उर्फ शंभू सिंह ने आए अतिथियों का स्वागत किया। रैफरी के रूप में मुन्नू बाबा रहे। उद्घोषक मनोज दीक्षित रहे।

# सैफई पीजीआई में रिसर्च शोकेस एंड ओरेशन का भव्य आयोजन

**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई में गुरूवार को प्रथम रिसर्च शोकेस एंड ओरेशन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. विनय पाठक, कुलपति कृ छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में पद्मश्री प्रोफेसर डॉ. सोनिया नित्यानंद, कुलपति किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी केजीएमयू, लखनऊ उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. सविता अग्रवाल, एसोसिएट डीन रिसर्च ने विश्वविद्यालय में संचालित शोध गतिविधियों, उपलब्धियों और चल रहे रिसर्च प्रोजेक्ट्स का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय के फैकल्टी व छात्रों द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और विश्वविद्यालय द्वारा 50 से भी अधिक पेटेंट कराया जा चुका है।

कुलपति प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज पर केंद्रित शोध भविष्य की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इंटरडिपार्टमेंटल रिसर्च कोलैबोरेशन को और मजबूती देने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने रिसर्च स्कॉलर्स के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर इनसेंटिव एवं स्पॉन्सरशिप कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा भी की। गेस्ट ऑफ ऑनर पद्मश्री प्रोफेसर डॉ. सोनिया नित्यानंद ने स्टेम सेल अनुसंधान में अपने असाधारण कार्य पर आधारित लेक्चर प्रस्तुत किया। इस क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. विनय पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के पास रिसर्च के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने की अपार संभावनाएँ हैं और आने वाले वर्षों में अपना देश अमेरिका व चीन जैसे देशों को भी पीछे छोड़ सकता है।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर खिलाड़ी सम्मानित



**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर बुधवार को इन्द्रिरा गाँधी प्रतिष्ठान, जुपिटर भवन, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में भरथना के ग्राम नगला विधी साम्हों निवासी दिव्यांग इण्टरनेशनल एथलेटिक खिलाड़ी अजीत सिंह यादव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष दिव्यांग खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया है। लखनऊ में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में अन्य दिव्यांगजनो को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजन विभाग द्वारा अजीत सिंह यादव की उपलब्धियों के आधार पर उन्हें प्रदेश का सर्वोत्तम खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। जिसमें अजित सिंह यादव को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस समारोह के दौरान दिव्यांगजन विभाग के मंत्री नरेन्द्र कश्यप, लखनऊ क्षेत्र के सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य तथा चेयरमैन आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## शरद ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा के वरिष्ठ नेता व सभासद शरद बाजपेयी ने डीएम शुभ्रांत शुक्ला से मुलाकात की, उन्होंने अटल पथ पर लगी अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा की मुद्रा पर आपत्ति जताई और बीस दिसम्बर तक इस प्रतिमा को बदलकर सावधान की मुद्रा में या अभिवादन करते हुए लगाने की मांग की और अगर प्रतिमा बीस दिसम्बर तक बदलकर नहीं लगाई गई तो इक्कीस दिसम्बर को आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी।

इस सम्बन्ध में भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पिछले लगभग डेढ़-दो वर्षों से प्रार्थना पत्र दे रहा हूं 2024 से 2025 तक मैं छह प्रार्थना पत्र दे चुका हूं लेकिन प्रशासन टस से मस नहीं हुआ न ही गम्भीर दिखाई दिया, जब हाथ जोड़कर अटल जी की प्रतिमा लगाई गई थी तो मेरे विरोध करने पर प्रतिमा को हटवाया गया लेकिन उस प्रतिमा के हाथ जोड़े हटाकर, उन हाथों को छाती पर रख दिया गया है यह अनोखी मुद्रा सिर्फ इटावा में ही दिखाई देगी, मेरी ये समझ में नहीं आ रहा कि जब प्रतिमा को हटाया ही गया था तो फिर सावधान की मुद्रा में क्यों नहीं लगाया गया, कौन है जिसके कारण अटल जी का इतना अपमान हो रहा है उन्होंने कहा कि मैंने डीएम से मांग की है कि 20 दिसम्बर तक अटल जी की प्रतिमा को सावधान की मुद्रा में या अभिवादन करते हुए लगाया जाए साथ ही प्रतिमा के ऊपर एक बड़ा छत्र लगाया जाए व प्लेटफार्म को बड़ा किया जाए जिसके लिए दो घेरों के बाद तीसरा बड़ा घेरा बनाकर प्लेटफार्म बड़ा किया जाए इसी घेरे पर लाइटें व फुब्बारे लगाई जाएं। जिससे 25 दिसम्बर को उनके जन्मदिन पर इस प्रतिमा का दिव्य और भव्य अनावरण कराया जाए। इस अवसर पर पूर्व नगर उपाध्यक्ष अरुण मिश्रा, सोमेश अवस्थी, एसपी सिंह तोमर आदि सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# खबर का हुआ असर चिन्हित जगह पर लगाई गई लाइट

**▸ प्रधान ने कहा- व्यस्तता की वजह से काम में हुआ है लेट**

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के बबेरू ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत उमरहनी गांव में हाई मास्ट लाइट लगवाने के नाम पर भुगतान हो गया था। लेकिन लाइट नहीं लगी थी, जिसमें बुंदेलखंड उजाला खबर को प्रमुखता से छापा था जिसमें खबर का असर देखने को मिला है, जिसमें प्रधान और सचिव के द्वारा तुरंत लाइट लगवाने का काम किया गया। वहीं इस विषय में ग्राम प्रधान हरि कल्याण सिंह ने बताया कि लाइट लगवाने का पूरा सामान हमारे पास आ गया था। सिर्फ लाइट लगवाना था लेकिन हमारे घर में शादी होने की वजह से व्यस्तता थी और जो मिस्त्री को लाइट लगाने आना था उनके भी परिवार में शादी थी, इस वजह से समय से लाइट नहीं लग पाई, अब हमारे द्वारा लाइट लगवा दी गई है, और यहां पर अच्छा उजाला भी हो रहा है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर खाकी बाबा शिव मंदिर के पास अंधेरा बना रहता था। यह लाइट लगने से यहां पर उजाला हो गया जिससे हमें खुशी है और बहुत अच्छा लग रहा।

## राष्ट्रीय ध्वज उपेक्षा का शिकार

**नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** उप खंड विद्युत कार्यालय में राष्ट्र के सम्मान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज उपेक्षा का शिकार हुआ। आफिस के अंदर कचरे के ढेर के पास राष्ट्र ध्वज पड़ा हुआ देखा गया। सरकारी कार्यालय में भारी अव्यवस्था का गंभीर मामला सामने आया है। कार्यालय के अंदर महत्वपूर्ण फाइलें, सरकारी रिकार्ड, आवेदन पत्र और अन्य कागज़ पर बिखरे पड़े हुए है। आफिस का यह नजरा पूरी तरह से कही न कही तंत्र में लापरवाही की ओर इशारा करता है।हैरानी की बात यह है कि इसी अव्यवस्थित ढेर के बीच राष्ट्रीय ध्वज भी उपेक्षित अवस्था में पड़ा मिला।जिससे स्थानीय नागरिकों में रोष व्याप्त है।जिसका वीडियो भी लगातार सोसल मीडिया में उजागर हो रहा है। जिसमें फाइलों के कचरे के ढेर के पास ध्वज साफ दिखाई देता है ।जरूरी दस्तावेज़ों के साथ-साथ कार्यालय की सामग्री, बिजली के तार और अलग-अलग कागज़ कोनों में फेंके हुए पड़े हैं। राष्ट्रीय ध्वज का इस तरह पड़ा होना न केवल लापरवाही का बड़ा उदाहरण है, बल्कि ध्वज संहिता के विरुद्ध भी है।

# नौकरी के नाम पर नगर पालिका के बाबू पर दो लाख रुपये लेने का आरोप

**▸ पति की नौकरी के लिए केदार बाबू को दिए थे रुपये**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका के एक बाबू पर नौकरी दिलाई जाने के नाम पर 200000 के जाल साजी करने का आरोप पीड़ित महिला ने लगाया है महिला का आरोप है की पति की नौकरी के लिए नगर पालिका में तैनात बाबू को उसने अपने जेवर और गहने गिरवी रख करके दो लाख रुपए दिए हैं लेकिन अभी तक उसके पति को ना ही नौकरी मिली और ना दिया गया रुपया वापस मिला। महिला ने अपने परिवार के साथ पहुंचकर जिला अधिकारी बांदा से कार्यवाही करने की बात कही है।

मामला बांदा शहर कोतवाली के नोनिया मोहाल की रहने वाली पूजा पत्नी कुलदीप ने आरोप लगाते हुए बताया गया है, की नगर पालिका में तैनात केदार बाबू नाम के व्यक्ति से अपने पति की नौकरी के लिए कहा था, और बाबू ने नौकरी के एवज में दो लाख रुपए की मांग की थी, जिसको पीड़ित ने किसी तरीके से गहन गिरवी रख कर के, और उधार लेकर रुपए देने की बात कही है। महिला का आरोप है कि अब नगर पालिका के बाबू के द्वारा ना पैसा दिया जा रहा है और ना ही मेरे पति की नौकरी लगवाई गई। महिला ने जिला अधिकारी बांदा से न्याय हित में कार्यवाही अपेक्षित करने की मांग की।































